सुविचार

हर समस्या अपने साथ समाधान भी लाती है, बस देखने की नजर चाहिए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



वर्ष 11 | पृष्ठ 12 | अंक 301 | रांची, बुधवार, 03 दिसंबर 2025 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com










# संसद में विपक्ष का हंगामा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को दोनों सदनों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।राज्यसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। हालांकि सभापति सीपी राधाकृष्णन ने हंगामे के बीच शून्यकाल को जारी रखा। इस दौरान सदस्यों ने प्रदूषण, पानी की समस्या, आंगनवाड़ी में श्रीअन्न शामिल करने, उत्तर प्रदेश में भोजपुरी अकादमी की स्थापना करने जैसे कई विषयों को सामने रखा। इसी बीच विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि नियम 267 के तहत विषयों और नोटिस देने वाले सदस्यों के नाम बताने की परंपरा रही है। उन्होंने सभापति से सदन के एक पक्ष पर ध्यान देने का अनुरोध किया। खरगे ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू एसआईआर पर चर्चा से बच रहे हैं, जबकि सभापति ने कहा कि मंत्री ने इस पर विचार किया है और बाद में अपनी प्रतिक्रिया देंगे। सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री ने कहा है कि विपक्षी नेताओं के साथ बहुत जल्द एक बैठक होगी और उसके अनुसार हम निर्णय लेंगे। संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने अनुरोध किया कि किसी भी चीज पर समय-सीमा की शर्त न लगाई जाए। सबकुछ अभी नहीं हो सकता, देश में कई मुद्दे हैं, एक मुद्दे को कमतर करके दूसरा मुद्दा नहीं उठाना चाहिए। सदन में भारी शोर-शराबे के बीच भाजपा सदस्य आरपीएन सिंह, के. लक्ष्मण, बाबूराम निषाद, डीएमके सदस्य तिरुची शिवा और आईएनडी के अजीत कुमार भुयान समेत कई सदस्यों ने अपने मुद्दे रखे। एसआईआर के मुद्दे पर हंगामा थमता न देखकर सभापति ने 11.53 बजे सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

वहीं लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई तो विपक्षी सदस्य एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जीतिन प्रसाद के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बोलना शुरू किया ही था कि विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष के आसन के समीप वेल में पहुंच गए। रिजिजू ने बार-बार विपक्ष को शांत होने और चर्चा में हिस्सा लेने की अपील की तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से भी बातचीत कर विपक्ष की समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा का आश्वासन दिया, लेकिन विपक्षी सदस्यों ने हंगामा और नारेबाजी बंद नहीं की। लगातार हंगामे और नारेबाजी के कारण लोकसभा की कार्यवाही पहले 12 बजे तक और फिर महज 9 मिनट बाद ही यानी 12.09 पर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।




## राज्य सभा में चिपको आंदोलन की प्रेरणा गौरा देवी को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने चिपको आंदोलन की प्रेरणा गौरा देवी को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की है। मंगलवार को राज्य सभा में शून्य काल और स्पेशल मेंशन में महेन्द्र भट्ट ने केंद्र सरकार से देवभूमि की मातृशक्ति द्वारा जंगलों को बचाने की ऐतिहासिक मुहिम चलाने वाली गौरा देवी को देश के सर्वोच्च सम्मान से पुरस्कृत करने की मांग की। सदन में उन्होंने कहा कि गौरा देवी उत्तराखंड के सीमांत जनपद चमोली की जोशीमठ विकास खण्ड के रेणी गांव की ग्रामीण महिला थीं, जिन्होंने अपने जीवन काल में पर्यावरण संरक्षण के लिए चिपको आंदोलन की शुरूआत की थी।

चिपको आंदोलन हिमालय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर और पेड़ों की कटाई के खिलाफ मातृशक्ति के द्वारा वृक्षों के आलंगन से जुड़ा आंदोलन था। आज आंदोलन के 53वर्ष पूर्ण हो गए हैं।

## एसआईआर के खिलाफ संसद भवन के बाहर इंडी गठबंधन का प्रदर्शन

संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस की अगुवाई में इंडी गठबंधन के नेताओं ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। संसद भवन के बाहर हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, महासचिव केसी वेणुगोपाल, लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई, प्रमोद तिवारी सहित कई दलों के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नेताओं ने कतारबद्ध होकर हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर प्रदर्शन किया। पोस्टरों पर 'दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के वोट खत्म करने के लिए नहीं हैं', 'एसआईआर खत्म करो, वोट चोरी बंद करो', 'एसआईआर रोको, लोकतंत्र बचाओ', 'एसआईआर लोकतंत्र के खिलाफ अपराध है' जैसे नारे लिखे थे। प्रदर्शनकारियों ने 'एसआईआर बंद करो' के नारे भी लगाए। कांग्रेस और इंडी गठबंधन एसआईआर शुरू होने के बाद से ही चुनाव आयोग और सत्ताधारी पार्टी भाजपा पर हमलावर है। इन पार्टियों का आरोप है कि एसआईआर के माध्यम से उनके कोर वोटर्स के वोट को काटा जा रहा है।

## भारत-जॉर्जिया संसदीय मैत्री समूह का गठन आपसी संबंधों को सुदृढ़ करेगाः लोक सभा अध्यक्ष



भारत-जॉर्जिया संबंधों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को जॉर्जिया के उच्चस्तरीय संसदीय शिष्टमंडल के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। शिष्टमंडल का नेतृत्व जॉर्जिया की संसद के चेयरमैन शाल्व पापुआश्विली ने किया। वार्ता के दौरान संसदीय सहयोग को बढ़ाने, नए संस्थागत सम्बन्ध स्थापित करने तथा व्यापार, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, ऊर्जा और जनसंपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को प्रोत्साहित करने के संबंध में चर्चा की गई। शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए बिरला ने ताशकंद में 150वीं अंतर-संसदीय संघ की सभा के दौरान शाल्व पापुआश्विली से अपनी पूर्व बैठक की चर्चा की और भारत एवं जॉर्जिया के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित दीर्घकालीन मित्रतापूर्ण संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जॉर्जिया की संसद में सक्रिय रूप से कार्यरत जॉर्जियाझभारत संसदीय मैत्री समूह की सराहना की और कहा कि भारत की संसद भारतझजॉर्जिया संसदीय मैत्री समूह के गठन की प्रक्रिया में है ताकि आपसी संसदीय संबंध और मजबूत हों।

## सीए नरेश केजरीवाल के 15 ठिकानों पर एफईएमए के तहत ईडी का छापा




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज रांची के चर्चित सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) (सीए) नरेश केजरीवाल के ठिकानों पर छापा मारा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी की यह कार्रवाई फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (एफईएमए) के तहत की गई है। झारखंड में ईडी की एफईएमए के तहत की जाने वाली यह पहली छापेमारी है।

ईडी ने सुबह करीब छह बजे नरेश केजरीवाल और उनके पारिवारिक सदस्यों के रांची, मुंबई और सूरत के कुल 15 ठिकानों पर छापा मारा। ईडी ने रांची में केजरीवाल के चर्च कांप्लेक्स स्थित कार्यालय सहित आवासीय ठिकानों को छापेमारी के दायरे में शामिल किया है। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ आयकर विभाग की ओर से की गई छापेमारी के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर इस मामले में एफईएमए के तहत जांच शुरू की थी।

ईडी को प्रारंभिक जांच में इस बात के साक्ष्य मिले हैं कि केरजीवाल ने नियमों का उल्लंखन कर विदेशों में धन निवेश किया है। केजरीवाल ने दुबई, अमेरिका सहित कुछ अन्य देशों में निवेश किया है।

## वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में झारखंड से पांच हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल : कमलेश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में मंगलवार को रांची के कांग्रेस भवन में हुई।

बैठक में आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ रैली की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। रैली में अधिक से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी झारखंड से हो इस पर जिलावार समीक्षा की गई। साथ ही झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के तहत होने वाले मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया का विरोध करने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार की जिम्मेदारी लोगों के अधिकारों की रक्षा करना है, लेकिन अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने की जगह सरकार अधिकारों को छीन रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के माध्यम से देश में एसआइआर के जरिए विपक्ष के समर्थक मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं और फर्जी मतदाताओं का नाम जोड़कर राज्यों के चुनाव की चोरी की जा रही है।




प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आम जनता एसआइआर की जटिल प्रक्रिया नहीं समझ पा रही है और लोग दशकों पूर्व के कागजात खोजने में परेशान हैं। उन्होंकने कहा कि काम के दबाव में बीएलओ आत्महत्या करने को विवश हैं। कांग्रेस पार्टी ऐसी स्थिति को बर्दाश्त नहीं कर सकती है। हमलोग एसआइआर का पूरजोर विरोध करेंगे। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर की रैली में झारखंड से पांच हजार लोग शिरकत करेंगे।

बैठक में जूम के मध्यम से सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री दीपिका पांडे सिंह, बंधु तीर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, अनादि ब्रह्म, ब्रजेंद्र सिंह, सुल्तान अहमद, भीम कुमार सहित अन्य अपस्थित थे।

## नगर परिषद चुनाव को लेकर झामुमो ने कसी कमर

### प्रत्याशी उतारने का ऐलान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रामगढ़ :** राज्य में होने वाले नगर परिषद चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कमर कस ली है। इस चुनाव में पार्टी के स्तर पर प्रत्याशी उतारने का ऐलान किया गया है। इसे लेकर पार्टी की ओर से मंगलवार को शहीद सोबरन सोरेन की शहादत दिवस की समीक्षा बैठक में चर्चा की गई।

बैठक में जिले के सभी प्रखंड, नगर और नगर परिषद के झामुमो नेता और कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता संयोजक मंडली के प्रमुख बिनोद किस्कू और संचालन संयोजक सदस्य बिनोद कुमार महतो ने किया।



बैठक में आगामी नगर परिषद चुनाव की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर बिनोद किस्कू ने कहा कि जिस प्रकार शहादत दिवस को सफल बनाने में सभी कार्यकताओं का सहयोग रहा है, उसी प्रकार आगामी नगर परिषद की तैयारी में सभी कार्यकताओं को जुट जाने की जरूरत है। उन्?होंने कहा कि हम सभी मिलकर एक रणनीति बनाकर मैदान में उतरेंगे और सफलता भी हासिल करेंगे। किस्कू ने कहा कि नगर परिषद के प्रत्येक वार्ड से लेकर अध्यक्ष पद तक झामुमो अपना उम्मीदवार उतारेगा और जीत का परचम लहराएगा।

## झारखंड के 1,61,55,740 मतदाताओं की मैपिंग सम्पन्न

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं की पिछली एसआईआर के मतदाता सूची से मैपिंग के क्रम में 1 करोड़ 61 लाख 55 हजार 740 मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत) एएसडी सूची में 12 लाख मतदाताओं को सूचीबद्ध किया गया है। इसके साथ ही मतदाता सूची के मैपिंग के अन्य कार्य प्रगति पर है।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को निर्वाचन सदन में कम पैतृक मैपिंग करने वाले विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ एवं सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पिछली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद राज्य में अन्य राज्यों से आए मतदाता एवं जिन मतदाताओं की पिछली एसआईआर वाले मतदाता सूची से मैपिंग में कठिनाई आ रही है उनकी संबंधित राज्य के सीईओ वेबसाइट अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट का उपयोग करते हुए मैपिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कम परफॉर्मेंस वाले बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को चिन्हित करते हुए बैचवार ट्रेनिंग दें। इसके साथ ही मतदाताओं को भी पैतृक मैपिंग की प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि वैसे बीएलओ जो पिछली एसआईआर के मतदाता सूची से मतदाता का विवरण नहीं ढूंढ पा रहे वे अपने जिले मुख्यालय के हेल्पडेस्क मैनेजर से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने ईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा कि बीएलओ को कार्यक्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों का आंकलन करते हुए उनकी सहायता करें, जिससे वे पैतृक मैपिंग के कार्य को आसानी से कर पाएं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि मैपिंग करते समय (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत) एएसडी सूची से भी मिलान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं का पैतृक मैपिंग का कार्य को प्राथमिकता देते हुए करें। अधिक से अधिक पैतृक मैपिंग से एसआईआर के समय कम से कम मतदाताओं को दस्तावेज समर्पित करना पड़ेगा एवं प्रक्रिया में आसानी आएगी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची से छुटे नहीं इसे ध्यान में रखकर कार्य करें।

बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, नोडल पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर सहित सभी जिलों के ईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड में चक्रवाती तूफान दितवाह का प्रभाव हुआ खत्म, मौसम हुआ साफ

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची :** बंगाल की खाडी में उठा चक्रवाती तूफान दितवाह कमजोर पड गया है। इससे चक्रवाती तूफान का प्रभाव मंगलवार को समाप्त हो गया। इससे रांची सहित राज्या के सभी जिलों में मौसम पूरी तरह से साफ हो गया। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी। मौसम साफ होने से रांची में तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की गई और सुबह में भारी कनकनी महसूस की गई। हालांकि दोपहर में धूप में तल्खी महसूस की गई, लेकिन इसके बाद आसामन में आंशिक बादल छा गए। इससे कनकनी में पुनः वृद्धि हो गई। वहीं सुबह और देर रात में कुहासा छाया रहा।




इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान गोडडा में 27.3 डिग्री और सबसे कम तापमान खूंटी में 9.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि रांची सहित राज्?य के कई जिलों में आनेवाले दिनों में तडके सुबह और रात में मध्?यम दर्जे का कुहासा छाया रहेगा।

उल्लेखनीय है कि चक्रवाती तूफान दितवाह के चलते रांची सहित राज्य भर में मंगलवार को बादल छाये हुए थे। इससे अधिकतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई थी जो सामान्य तापमान से तीन डिग्री कम था। तापमान में कमी होने से दिन में भी लोगों को ठंड का एहसास हो रहा था।

वहीं मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री, जमशेदपुर में 20.3 और 13.2, डालटेनगंज में 27 और 10.5 डिग्री, बोकारो में 24.5 डिग्री और 12.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 19.8 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# दिव्यांग जनो के समान अधिकार, सम्मान और समाज में समानता हेतु एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

## पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटकों को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैठक

उज्जवल दुनिया संवाददाता

आज: दिन मंगलवार को झारखण्ड पेरेंट्स एसोसिएशन के द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर एक दिन पूर्व दिव्यांग जनो के समान अधिकार, सम्मान और समाज में समानता हेतु एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम सह रैली कार्यक्रम का आयोजन अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी, रॉची में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुरुआत सुबह 10:30 बजे से किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड राज्य निशक्तता अब्यानंद अम्बष्ठ और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सुरभि सिंह,परिवर्तन सोसाइटी से श्रीमती स्वेता तिवारी, पूजा कुमारी शमील हुए। इस दिव्यांगता जागरूकता कार्यक्रम सह रैली को राज्य निशक्तता आयुक्त अब्यानंद अम्बष्ठ और श्रीमती सुरभि सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को आगे बढ़ाया गया जिसमें सभी बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के साथ अभिभावक व संस्था के शिक्षक गण विभिन्न दिव्यांग जनो के लिए बने स्लोगन पोस्टर लेकर अरगोड़ा मैदान तक सभी गए और समाज में दिव्यांग जनो के प्रति समानता का अधिकार मिले और समाज के मुख्य धारा से सभी दिव्यांग जन मिल सके। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्लोगन दिव्यांग जनो पर कहाँ गया। इस दिव्यांगता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य समाज के सभी तरह के दिव्यांग बच्चों के प्रति समाज के सभी लोगो तक दिव्यांगता के प्रति जागरूक लोगो को करना साथ ही समाज में सभी समान्य बच्चों के तरह दिव्यांग बच्चों को समाज मे हक अधिकार शिक्षा,रोजगार, स्वास्थ्य आदि जगहों में मिल सके और प्रत्येक दिव्यांग बच्चे अपना क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ का समाज के मुख्य धारा से जुड़ पाए। इस दिव्यांगता कार्यक्रम का संदेश सम्मान और समानता यही है दिव्यांगता दिवस का संदेश। कार्यक्रम के बाद सभी दिव्यांग बच्चों के साथ साथ सभी अभिभावक शिक्षक लोगो को बीच नास्ता का पैकेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के साथ साथ झारखण्ड पेरेंट्स एसोसिएशन के सदस्य गण दीपा चौधरी, सुषमा सरन के साथ साथ स्कूल के शिक्षक अनंजय कुमार, गायत्री कुमारी, दिलीप कुमार समिता बोस और स्कूल के सभी दिव्यांग बच्चों के साथ अभिभावक कार्यक्रम मे लगभग 100 लोग उपस्थित हुवे।




# महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ सुरक्षा पर चर्चा

## इब्तिदा झारखण्ड की राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला आयोजित

उज्जवल दुनिया संवाददाता

रांची। इब्तिदा झारखण्ड के तत्वाधान में होटल बी एनआर में राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कई संस्थानों की भागीदारी रही अलग-अलग क्षेत्र अलग-अलग राज्य से लोग शामिल हुए । सभी ने अपनी अपनी राय रखा । महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ जेंडर आधारित हिंसा और डिजिटल हिंसा के खिलाफ संस्थागत सुरक्षा उपाय पर सभी वक्ताओं ने अपनी-अपनी बातों को सामने रखा । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की मेंबर ममता कुमारी ने कहा कि चेतना कमजोर पड़ी तो दुर्घटना घट सकती है। यहां की संस्कृति को समझना होगा व्यवस्था को समझना होगा आज लोग डिजिटल हिंसा की शिकार हो रहे हैं । ममता कुमारी ने बताया कि महिलाओं को बराबरी का सम्मान मिलना चाहिए उन्होंने बतलाया कि बाल विवाह भी एक गंभीर समस्या है । मानव तस्करी की जब भी बात आती है तो झारखंड का नाम भी आता है । मोबाइल से खेलना है मोबाइल चलाना है मोबाइल को पढ़ाना है तब फिर चलना है मोबाइल से डरना नहीं है । डिजिटल क्राइम को समझ कर लड़ना। उन्होंने हौसला अफजाई करते हुए बताया कि किसी भी काम को करने से पहले उसका अध्ययन जरूरी है बिना अध्ययन के हम सफल नहीं हो सकते । इस मौके पर इब्तिदा से सुषमा देवी , डब्लू सी डी प्रसून जी, वन स्टॉप सेंटर रजनी सिंह , बबीता सिंहा, रवि कुमार, भास्कर जी, नसरीन जमाल, हलीमा लीला कुमारी आदि मौजूद थे।




## नगर परिषद चुनाव को लेकर किया चर्चा




उज्जवल दुनिया संवाददाता

रामगढ़ मंगलवार को जिला संयोजक मंडली एवं सभी प्रखण्ड नगर एवं नगर परिषद के झामुमो कार्यकताओं की बैठक जिला कार्यालय, रामगढ़ में की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक मंडली प्रमुख बिनोद किस्कू व संचालन संयोजक मंडली सदस्य विनोद कुमार महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 27 नवम्बर को गोला (लुकैयाटांड) में सम्पन्न शहीद सोबरन सोरेन की शहादत दिवस की समीक्षा एवं रामगढ़ नगर परिषद चुनाव की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों / कार्यकताओं ने 27 नवम्बर को सम्पन्न शहादत दिवस की सफलता से उत्साहित नजर आये। सभी ने एक स्वर में कहा कि जिस प्रकार शहादत दिवस को सफल बनाने का काम किये। उसी प्रकार आगामी नगर परिषद चुनाव हमलोग रणनीति बनाकर मैदान में उतरेंगे और सफलता भी हासिल करेंगे। प्रत्येक वार्ड से लेकरअध्यक्ष उपाध्यक्ष पद तक झामुमो अपना उम्मीदवार उतारेंगे और जीत का परचम लहराने का काम करेंगे। 'बैठक में मुख्य रूप जिला प्रवक्ता संतोष कुमार, आजाद अंसारी विजय किस्कू, योगेन्द्र यादव, सुशील कुमार, अरुण बनर्जी, उदय मालाकार, नरेश हांसदा, मुमताज मंसूरी, जग्गू करमाली, मुमताज, अंसारी, तनवीर आलम, फकरुद्दीन अंसारी, राजेन्द्र बेदिया, अजय भोगता, साजिद अंसारी, रामविलास करमाली, बिट्टू खान भोला गंजू मो० निशार अंसारी,महेश मुर्मू, मो० वारिस, मो० अफरोज आलम,जावेद आलम,बलदेव मुर्मू कमलेश पाण्डे, मुरलीधर कोठारी इत्यादि उपस्थित हुए।

# सेवानिवृत्त बीईईओ के साथ कई शिक्षक शिक्षिकाओं को दी गई भावभीनी विदाई

उज्जवल दुनिया संवाददाता

केरेडारी। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ केरेडारी के तत्वावधान में प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय केरेडारी में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में सेवा निर्वित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद भावभीनी विदाई दी गयी।साथ ही प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी भावभीनी विदाई दी गई इस विदाई समारोह में संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद ने कहा कि सेवानिवृत्ति कि विदाई एक दुःखदाई क्षण होता है,परंतु विभागीय नियमानुसार यह सुनिश्चित है कि सरकारी कर्मीयों को ही यह पल प्राप्त होता है।वही बीडीओ विवेक कुमार ने कहा कि प्रखंड के शिक्षक शिक्षिकाएं ने शिक्षा जगत में अपनी बेदाग सेवा देते हुए सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हें कोटि कोटि बधाई देता हूं। सीओ रामरतन वर्णवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ईश्वर से कामना करता हूं कि सभी को दीर्घायु बनाते हुए परिवार के साथ चलने की शक्ति प्रदान करें। सेवानिवृत्त में बीईओ जवाहर प्रसाद, शिक्षक मिथिलेश राम कंडाबेर, रामसेवक साव गरीकला, परमेश्वर महतो पेटो, बीणा देवी, इजहार इमाम,उमेश प्रजापति, शामिल थे। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव आदि कई वक्ताओं ने कहा सरकार के नियमावली के सरकारी कर्मियों को सेवा मुक्त होना ही पड़ता है । वही बीईईओ समेत सभी सेवानिवृत्त शिक्षक शिक्षिकाएं को शॉल,ओढ़ा कर व अंगवस्त्र ,बुके और कई मोमेंटो और किताब देकर सम्मानित किया गया।



# आरपीएफ मुरी ने ऑपरेशन सतर्क के तहत गैरकानूनी शराब बरामद किया

उज्जवल दुनिया संवाददाता

मुरी/सिल्ली: रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने सोमवार के दिन मुरी पोस्ट के इंस्पेक्टर इनचार्ज संजीव कुमार के नेतृत्व में ऑपरेशन सतर्क के तहत गैरकानूनी शराब बरामद किया।ऑपरेशन के दौरान 12 बोतलें बियर की एवं 19 बोतलें शराब की बरामद की गई,जिनकी कुल कीमत लगभग 15330 रुपए आंकी गई।रेलवे पुलिस के द्वारा तकरीबन संध्या 6 बजे प्लेटफार्म संख्या एक पर सघन चेकिंग चलाया गया उसी दरमियान चार व्यक्तियों को संदिग्ध तरीके से बैठे हुए देखा गया,जिनके पास पीट्ठू बैग और झोले थे जो काफी भारी दिख रहे थे। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उनलोगों ने अपना नाम अनिल कुमार,गोविंद कुमार,चंदन कुमार और राहुल कुमार सभी बिहार के समस्तीपुर के रहने वाला बताया। तत्पश्चात बैग और झोले की जांच करने पर अलग अलग ब्रांड की अवैध शराब और बीयर बरामद हुआ।पुलिस द्वारा शराब से संबंधित वैध कागजात मांगा गया परंतु वे कोई वैध कागजात नहीं दिखा पाए,जिससे मौके पर ही आरपीएफ के अवर निरीक्षक बसंत मल्लिक और रवि शंकर ने मौजूद गवाहों के मौजूदगी में शराब को जप्त करते हुए चारों व्यक्तियों को उचित कार्रवाई हेतु आरपीएफ पोस्ट लाया तथा उनलोगों को आगे की कार्रवाई हेतु आबकारी विभाग रांची को सौंप दिया गया।



# विश्व दिव्यांग दिवस 2025 पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल में प्रेरणादायक और समावेशी उत्सवों का आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में विश्व दिव्यांग दिवस 2025 अत्यंत गरिमामय, संवेदनशील और प्रेरणादायक माहौल में मनाया गया। विद्यालय में आयोजित विविध कार्यक्रमों का उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान, सहानुभूति और समावेशी सोच को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मशाल प्रज्वलन से हुआ, जो आशा, सकारात्मकता और एक समावेशी समाज के निर्माण की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक था। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत भाषण ने कार्यक्रम का औपचारिक आरंभ किया। विद्यालय के क्वॉयर समूह द्वारा मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने वातावरण को सौहार्दपूर्ण और ऊर्जावान बना दिया। आयोजित समावेशी फुटबॉल मैच ने पूरे परिसर में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया, वहीं अनुशासित मार्च-पास्ट ने प्रतिभागियों की दृढ़ता, एकता और तालमेल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जिससे उनके मन में गर्व, उत्साह और प्रेरणा की भावना प्रबल हुई। मुख्य अतिथि, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री विनय कुमार, ने अपने उद्बोधन में दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य वातावरण तैयार करने, उन्हें गरिमा, अवसर और सशक्तिकरण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों में सहानुभूति, संवेदनशीलता और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवं व्यक्तियों के प्रति सम्मान का विकास शिक्षा का मूल उद्देश्य है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि प्रत्येक व्यक्ति समान स्वीकार्यता और अवसर का अधिकारी है। प्राचार्या ने कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित करुणा, सहयोग और समावेशी भावना की सराहना करते हुए इसे सराहनीय पहल बताया।



## एक नजर

### एआई और पावरफुल परफॉर्मेंस के साथ लॉन्च हुआ गैलेक्सी टैब A11+

रांचीः सैमसंग इंडिया ने भारत में अपना नया गैलेक्सी टैब a11+ लॉन्च कर दिया है। यह टैबलेट 11-इंच के शानदार डिस्प्ले, डोल्बी एटमॉस क्वाड स्पीकर, स्लीक मेटल डिजाइन और पावर-एफिशिएंट प्रोसेसर के साथ आता है। कंपनी का कहना है कि यह टैब छात्रों, प्रोफेशनल्स और परिवारों के लिए काम, सीखने और मनोरंजन का अनुभव और अधिक सहज और प्रभावी बनाने के लिए तैयार किया गया है। टैब में एडवांस्ड एआई फीचर्स जैसे गूगल जेमिनी, सर्कल टू सर्च और सैमसंग नोट्स पर मैथ सॉल्वर शामिल हैं। इन फीचर्स की मदद से यूजर्स रियल-टाइम विजुअल अक् ऑन-स्क्रीन टेक्स्ट अनुवाद और स्टेप-बाय-स्टेप मैथ सॉल्विंग का लाभ उठा सकते हैं। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के डायरेक्टर साम्निक सेन ने कहा कि कंपनी हरोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाने वाले सार्थक इनोवेशंस तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैह और गैलेक्सी टैब a11+ भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए प्रीमियम डिजाइन, शक्तिशाली अक अनुभव और भरोसेमंद परफॉर्मेंस लाता है। गैलेक्सी टैब a11+ में 8मेगा रियर और 5मेगा फ्रंट कैमरा है, जो क्लियर वीडियो कॉल्स और डॉक्यूमेंट स्कैनिंग को आसान बनाता है। इसके अलावा 3.5 ऑडियो जैक और बड़े बैटरी पावर के साथ 25ह फास्ट चार्जिंग सुविधा भी दी गई है। टैबलेट वाई-फाई और 5ळ वेरिएंट्स में उपलब्ध है, जो घर, ऑफिस या यात्रा में जुड़े रहने और उत्पादक बने रहने के लिए आदर्श है। इस टैबलेट का डिजाइन प्रीमियम मेटल फिनिश के साथ ग्रे और सिल्वर रंग में आया है, और इसका स्लिम प्रोफाइल और हल्का वजन पूरे दिन पोर्टेबिलिटी में आसानी देता है। सैमसंग का कहना है कि यह नया टैब भारतीय उपयोगकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग, मल्टीटास्किंग और एंटरटेनमेंट का बेहतरीन अनुभव देने के लिए तैयार किया गया है।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ की ओर से स्वास्थ्य जान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा० राजेंद्र प्रसाद जी की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की झारखंड महिला प्रकोष्ठ के द्वारा दिनांक 03 दिसम्बर 2025 को अशोक नगर, रांची स्थित माहेश्वरी बालिका उच्च विद्यालय में नागरमल मोदी सेवा सदन, मां शारदे मंच, ऑल इंडिया विमेंस कॉन्फ्रेंस तथा संगीत सरिता के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है यह जानकारी महासभा की झारखंड प्रदेश महिला अध्यक्ष नीतू सिन्हा ने दिया।

### छात्रवृत्ति पर झूठ फैला रही भाजपा, बाबूलाल जी पहले अपने 'अलकमान' को सच बताएं: आलोक दूबे

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने छात्रवृत्ति को लेकर भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि भाजपा के नेता जानबूझकर आधी-अधूरी और गलत बातें जनता के बीच फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी को पहले अपने हाअलकमानह को यह समझा देना चाहिए कि "छात्रवृत्ति की राशि केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर देती हैं"–और इसमें केंद्र का हिस्सा सबसे अधिक होता है। आलोक कुमार दूबे ने बताया कि केंद्र सरकार कुल राशि का लगभग 60 प्रतिशत देती है, जबकि राज्य सरकार 40 प्रतिशत का योगदान" करती है। राज्य तभी भुगतान कर सकता है जब केंद्र अपना हिस्सा भेजे। भाजपा के शासनकाल में केंद्र से पैसा समय पर नहीं आता था, जिस कारण छात्रवृत्तियाँ वर्षों तक लटकी रहती थीं। हेमंत सोरेन सरकार ने आते ही लंबित मामलों को न केवल तेजी से निपटाया बल्कि पोर्टल और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया। उन्होंने कहा, 'जब केंद्र से पैसा समय पर आ ही नहीं रहा था, तब राज्य किस आधार पर छात्रवृत्ति जारी करता? बाबूलाल जी को अपने नेताओं को पहले यह बेसिक तथ्य समझा देना चाहिए। झूठ बोलकर छात्रों को भ्रमित करना भाजपा की पुरानी आदत है।' आलोक दुबे ने आरोप लगाया कि भाजपा जानबूझकर यह तथ्य छुपा रही है कि "हेमंत सरकार ने रिकॉर्ड संख्या में छात्रवृत्तियाँ स्वीकृत कीं", प्रक्रियाओं को सरल बनाया और आर्थिक रूप से कमजोर तबके के बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में मदद की। इसके उलट, भाजपा शासन में अधिकतर छात्र आवेदन वर्षों तक लंबित रहते थे और पोर्टल महीनों तक बंद रहता था। उन्होंने कहा कि भाजपा को यह बात पच नहीं रही है कि हेमंत सोरेन की सरकार ने शिक्षा, छात्रवृत्ति, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, प्रतियोगी परीक्षा सहायता और युवाओं के लिए नई योजनाओं पर मजबूती से काम किया है। इसलिए दुष्प्रचार के सहारे राजनीति की जा रही है। आलोक कुमार दूबे ने कहा कि झारखंड के छात्र सच जानते हैं और भाजपा की नकारात्मक राजनीति बार-बार बेनकाब होती रही है। 'भाजपा का काम सिर्फ झूठ बोलना है और हमारा काम है हक दिलाना। छात्रों के अधिकारों की रक्षा आज भी गठबंधन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और आगे भी रहेगी,' उन्होंने कहा।

### छात्र क्लब चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा मिले डॉक्टर हाजरा से दी बधाई



रांची:आज छात्र क्लब चिकित्सक मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने हरमू रोड,पेट्रोल पंप के सामने(धौनी आवास) स्थित न्यूबर्ग पल्स डायग्नोस्टिक सेंटर में देश के जाने माने एक्यूपंक्चर स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.राजेन्द्र कुमार हाजरा एम.डी.एक्यूपंक्चर, (पी. एच.डी.) एक्यूपंक्चर (यू.एस.ए.) एवं सी.न्यूरो (लंदन) से मिलकर उन्हें बधाई दी। डॉक्टर हाजरा अब प्रतिदिन न्यूबर्ग पल्स डायग्नोस्टिक मे अपनी सेवाएं देगें। मौके पर शिव किशोर शर्मा ने कहा अब रांची(झारखंड) के स्पाईन(रीढ़) के मरीजों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा और ना ही बाहर जाना पड़ेगा स्पाईन के रोगियों को बिना चीर फाड़ के डॉक्टर हाजरा द्वारा सफल ईलाज किया जाएगा।अभी तक उन्होंने अनेकों मरीजों के स्पाईन से संबंधित बीमारियों की सफल ईलाज बिना चिरफाड़ के की है। अपनी प्रतिक्रिया मे डॉक्टर हाजरा ने कहा मरीजों के चेहरे पर मुस्कान लाना मै अपना धर्म समझता हूं। स्पाईन(रीढ़) के मरीज मुझसे न्यूबर्ग पल्स डायग्नोस्टिक सेंटर मे संपर्क कर सकते हैं। क्लब के अन्य प्रतिनिधियों ने भी डॉक्टर हाजरा बधाई दी।

### पदमा ओपी के सामने एनएच-33 पर बस ने टेलर को मारी टक्कर, दो घायल



पदमा। ओपी अंतर्गत थाना के सामने एनएच-33 पर मंगलवार को एक खड़े टेलर में हजारीबाग की ओर जा रही बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया। इधर, हादसे के बाद बस का ड्राइवर और खलासी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पहुंचकर बस को सड़क किनारे हटवाया, जिससे एनएच पर आवागमन सामान्य हो सका। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सुखदेव नगर थाना प्रभारी और मुंशी सस्पेंड युवक आत्महत्या मामले में की गई कार्रवाई




उज्जवल दुनिया संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार को एसएसपी राकेश रंजन ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।एसएसपी ने थाने के मुंशी परशुराम को भी निलंबित कर दिया है। रांची आईजी मनोज कौशिक ने थानेदार और मुंशी के सस्पेंड होने की पुष्टि की है।गत 29 नवंबर को रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज रोड नंबर 5 में शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गई थी।दरअसल, नितेश पांडेय नामक युवक जो रेलवे में कार्यरत था उसकी शनिवार को ही शादी थी, लेकिन इससे पहले ही किशोरगंज से रोड नंबर 05 स्थित नितेश पांडेय ने अपने ही कमरे में खुदकुशी कर ली। नितेश द्वारा आत्महत्या को लेकर परिजनों ने सुखदेवनगर पुलिस पर बड़ा आरोप लगाया था।नितेश के भाई नीरज पांडेय ने बताया था कि 26 नवंबर को उसका तिलक था।इसी बीच प्रियंका नाम की एक लड़की ने उस पर यौन शोषण का आरोप लगाकर केस कर दिया। थाना से बिना किसी जांच के नितेश को हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसे छोड़ने के लिए वरीय पुलिस अधिकारियों को मैनेज करने के नाम पर दस लाख रुपये भी वसूले गए। नीरज पांडेय ने बताया कि थाने के मुंशी परशुराम कभी एक लाख तो कभी दो लाख की मांग करता था।कभी सिटी एसपी, तो कभी कोतवाली डीएसपी के नाम पर पैसे की मांग की जाती थी।थाने से छोड़ने के बावजूद आरोप लगाने वाली लड़की उसे बहुत परेशान कर रही थी, जिसकी वजह से उसने आत्महत्या कर ली। रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में बारात निकलने से ठीक पहले दूल्हे के खुदकुशी करने के मामले में झारखंड पुलिस मुख्यालय ने गंभीर रुख अपनाया। सोमवार को डीजीपी तदाशा मिश्रा ने मामले की जांच के लिए रांची आईजी मनोज कौशिक को जिम्मेदारी दी थी।साथ ही आरोपित पुलिसकर्मियों को तत्काल लाइन हाजिर करने का भी आदेश जारी किया था। पुलिस मुख्यालय की ओर से रिलीज में बताया गया था कि मीडिया में आई खबर बारात निकलने से ठीक पहले दूल्हे के द्वारा खुदकुशी को लेकर पुलिस महानिदेशक सह पुलिस महानिरीक्षक झारखंड ने संज्ञान लेते हुए रांची के प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक और वरीय पुलिस अधीक्षक को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये थे।

## कांग्रेस के सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाना कार्यकताओं की जिम्मेदारी : रवि



**खूंटी :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिले में संगठन सृजन अभियान 2025 को गति दी जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता और तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार की उपस्थिति में मरचा पंचायत के बनाबीरा गांव और उड़ीकेल में गठित पंचायत कमेटियों के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। दोनों पदाधिकारियों ने नई कमेटी के सदस्यों को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों को प्रत्येक घर तक पहुंचाना पार्टी कार्यकताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने पदाधिकारियों से ग्रामीणों के सुख-दुख में सदैव शामिल रहने और पंचायत को कांग्रेसमय बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुरहू स्थित इंदिरा कॉलोनी में रवि मिश्रा ने युवाओं को खेल सामग्री वितरित की। उन्होंने खिलाड़ियों के बीच जर्सी और फुटबॉल बांटा और कहा कि खेल के क्षेत्र में युवाओं के उज्वल भविष्य की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें आगे बढ़ाने की जरूरत है। कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, अनमोल होरो, मार्टिन हेमरोम, अमित कोनगाड़ी, गोस्सनर तोपनो, मनोज गुप्ता, पौलूस कोनगाड़ी, विजय हेमरोम, गिलबट गुड़िया, मिलिंद तोपनो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले का बजरंग दल ने किया स्वागत

**रांची :** बजरंग दल झारखंड प्रदेश के संयोजक रंगनाथ महतो ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें उसने कहा कि जो लोग इसाई धर्म अपना चुके हैं, उन्हें अनुसूचित जाति (एससी) का लाभ नहीं दिया जा सकता। महतो ने कहा कि यह देशभर के सभी प्रदेशों में होना चाहिए। रंगनाथ महतो ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि अपने फैसले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि प्रदेश में जो कोई भी ईसाई बन गए हैं, उन्हें अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का फायदा नहीं मिलना चाहिए। ऐसे मामलों को 'संविधान के साथ धोखाधड़ी' बताते हुए न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि की एकल पीठ ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह चार महीने में ऐसे मामलों में कार्रवाई करें। बताएं कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का फायदा सिर्फ हिंदुओं, सिखों और बौद्धों को मिलता है, उन लोगों को नहीं जो धर्म बदलकर फायदे लेते हैं।

### खूंटी : टीबी मरीजों के बीच हुआ पौष्टिक आहार का वितरण



**खूंटी :** आरके एचआईवी एंड एड्स संस्था, मुम्बई की ओर से मंगलवार को तोरपा प्रखंड के 10 इलाजरत टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार युक्त खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा और रेफरल अस्पताल तोरपा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मीदेन मूण्डू ने मरीजों को खाद्य सामग्री दिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी मरीजों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और नियमित रूप से दवा सेवन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन में मरीजों की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। सभी के सहयोग से तोरपा को टीबी मुक्त प्रखंड बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में बीपीएम अशिष वर्मा, बीडीएम अमरनाथ पूर्ती, एसटीएस गुरूपद मुण्डा, विवेक अमन गुड़िया सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### विदाई सह सम्मान समारोह में दो हवलदार सम्मानित

पश्चिमी सिंहभूम : पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित चाईबासा पुलिस केंद्र में पुलिस मेंस एसोसिएशन, शाखा की ओर से मंगलवार को आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे हवलदार गुरुचरण सिरका और हवलदार राय सिंह सोय को पुलिस परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस केंद्र चाईबासा के परिचारी संतोष कुमार, प्रतीक कुमार, सुनील किस्पोट्टा सहित सभी शाखाओं के पदाधिकारी, पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रतिनिधि और पुलिसकर्मी उपस्थित थे। समारोह में दोनों सेवानिवृत्त हवलदारों को चाईबासा पुलिस परिवार की ओर से उज्ज्वल भविष्य और सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस मेंस एसोसिएशन चाईबासा शाखा के अध्यक्ष प्रदीप ओलिभर मिंज ने की। मंच संचालन मंत्री तारा चांद महतो ने किया तथा उपाध्यक्ष किशुन मुर्मू और कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र मांझी भी मौजूद रहे।

## मारवाड़ी धर्मशाला का नाम यथावत रखे प्रशासन : सुरेशचंद्र

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**रांची:** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने लोहरदगा के उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद्र को ज्ञापन भेजकर सन 1945 से मारवाड़ी समाज की ओर से संचालित खेमराज स्मृति भवन मारवाड़ी धर्मशाला का नाम यथावत रखने और इसे वंशजों के कब्जे से मुक्त कराकर समाज को वापस दिलाने की मांग की है। प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल और महामंत्री विनोद कुमार जैन ने उपायुक्त को पत्र लिखकर इस बाबत कार्रवाई करने की मांग की है। सुरेश चंद्र ने बताया कि धर्मशाला दानदाताओं ने समाज को जनसेवा के उद्देश्य से दी गई थी और तब से यहां स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा, खेल, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम लगातार आयोजित होते रहे हैं। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर 2018 को वंशजों के पुत्रों ने जबरन धर्मशाला का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया और भवन पर लिखे सन 1945 और धर्मशाला जैसे ऐतिहासिक चिन्हों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामला कोर्ट में गया जहां 26 अगस्त 2021 को अनुमंडल पदाधिकारी ने मारवाड़ी समाज के पक्ष में फैसला दिया, लेकिन विपक्ष ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी, जो विचाराधीन है।

वहीं नगर परिषद की ओर से धर्मशाला का नाम बदलने संबंधी विज्ञापन जारी किया गया है, जिसके विरोध में सम्मेलन ने रोक लगाने की मांग की है। संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि ज्ञापन की प्रतिलिपि नगर परिषद और अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन, कोलकाता को भी भेजी गई है।

## मारवाडी मंच ने बच्चों का कराया डेंटल चेकअप

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा की ओर से रानी सती मंदिर लेन स्थित, श्री रानी सती विद्यालय में बच्चों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम और फ्री डेन्टल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। यह जानकारी मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा के प्रवक्ता राघव जालान ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दी। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने फ्री डेंटल चेकअप कैंप में बच्चों की दांतों का निशुल्क जांच किया। दांतों को स्वस्थ रखने और खाने-पीने के तरीके का उपाय भी बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम में लघु नाटिका के माध्यम से बच्चों को जंक फूड से होनेवाले स्वास्थ्य पर बुरे असर के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही बच्चों को जंक फूड से दूर रहने और हेल्दी फूड अपनाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में रांची शाखा अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सचिव निकुंज पोद्दार, कोषाध्यक्ष गौरव काबरा, मंडलिय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री दीपक गोयनका, प्रांतीय सह संयोजिका रोजी खंडेलवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में दिवंगत दो भाइयों के परिजनों से मिले विधायक, बढ़ाया ढांढस



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**खूंटी :** गोविंदपुर के रहने वाले दो सगे भाई–सुभान खान और समसु खान–की विगत दिनों सड़क दुर्घटना में हुई मौत से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया मंगलवार को उनके निवास स्थान पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की।

विधायक सुदीप गुड़िया ने परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है, ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और परिवार को इस कठिन वक्त से उबरने की शक्ति दें।उन्होंने कहा कि हर संभव सहायता के लिए परिवार के साथ खड़े हैं।मौके पर राहुल केशरी, मुन्ना हेरेंज, बीजू सोनी, चंदन ठाकुर सहित कई साथी मौजूद रहे।इलाके के लोगों ने भी दोनों दिवंगत भाइयों के लिए दुआ की और उनके परिवार के प्रति संवेदना जताई।

## कौशल प्रतियोगिता-सह -प्रदर्शनी में 59 विद्यालयों के बच्चों ने लिया भाग

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**रांची :** जिले के 59 सरकारी उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न 10 ट्रेडों में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत वर्ग 9 से 12 वीं के विभिन्न ट्रेड में अध्ययनरत बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (जिला स्कूल) रांची के सभागार में मंगलवार को किया गया।

इस प्रतियोगिता में 10 अलग-अलग ट्रेड में लगभग 350 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने-अपने ट्रेड में मॉडल का प्रदर्शन किया। कई बच्चों ने साइबर सिक्योरिटी और एप डेवलप करने का भी प्रदर्शन किया। कई बच्चों की ओर से रिटेल मैनेजमेंट और अपेरीयल डिजाइनिंग में भी अलग-अलग मॉडल प्रदर्शित किया गया।

मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार की ओर से प्रतियोगिता में बच्चों की ओर से निर्मित मॉडल का अवलोकन किया और बच्चों का मार्गदर्शन किया गया एवं पारितोषिक दिया गया। जिला स्तर पर प्रतियोगिता के आयोजन में प्रभाग प्रभारी सतीश कुमार मिश्र, अखिलेश कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार और जिला स्तर पर कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र कुमार का सहयोग सराहनीय रहा।

वहीं 10 ट्रेड के विजेता बच्चों को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चे 23 दिसंबर को राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी बच्चों को बधाई और सफलता का टिप्स दिया गया ताकि वह आगे अच्छा प्रदर्शन कर सकें। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी बच्चों को नई-नई सोच के लिए प्रेरित किया और अगली प्रदर्शनी में अपने आसपास के कठिनाइयों के समाधान के लिए नए प्रोजेक्ट तैयार करने पर बल दिया।

## बंग बंधु संस्था की जिला कमेटी घोषित, अध्यक्ष बने प्रकाश मुखर्जी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** झारखंड के सभी बांग्ला भाषियों को संगठित करने के उद्देश्य से संस्था बंग बंधु की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन प्रेक्षागृह में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष अपर्णा गुहा व महासचिव उत्तम गुहा के अध्यक्षता संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें पेट्रोन के रूप में रबीन्द्रनाथ दास (बहरागोड़ा) और चित्तो रंजन दास (पोटका) को मनोनीत किया गया। साथ ही एडवाइजर सुबोध गोराई, अध्यक्ष प्रकाश मुखर्जी, कार्यकारी अध्यक्ष एस.के. माइति, देबजीत सरकार, तोतन दत्ता, महासचिव बाबूलाल चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष सौरव चटर्जी और सह-कोषाध्यक्ष प्रणब बराट सहित अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसके बाद बंगीय उत्सव समिति की बैठक में झारखंड में बांग्ला भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तरीय बंगीय उत्सव 2026 आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समिति के अनुसार यह भव्य उत्सव 1 फरवरी 2026 को बिष्टुपुर गोपाल मैदान में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस आयोजन का उद्देश्य बांग्ला भाषा, सांस्कृतिक धरोहर, लोककला और पारंपरिक कलाओं को एक मंच प्रदान करना है।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने सिरिवेल्ला और भूपेंद्र में बांटी जिम्मेवारी

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड प्रभारी के राजू ने संगठन को और अधिक गतिशील बनाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव डॉ सिरिवेल्ला प्रसाद और भूपेन्द्र मरावी के बीच कार्यों की जिम्मेवारी बांट दी है।

कार्यों के वितरण होने से संगठन को सृजन अभियान सहित तमाम प्रकोष्ठों और अग्रणी मोर्चा को गति मिलेगी। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मंगलवार को बताया कि दोनों सचिवों के साथ कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की और शहजादा अनवर को भी जिम्मेवारी सौंपी गई है।डॉ सिरिवेल्ला प्रसाद के साथ शहजादा अनवर 13 जिलों का आवंटन किया गया है।इसमें संताल परगना संभाग के सभी 6 जिले (साहेबगंज, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, देवघर, जामताड़ा), दक्षिणी छोटानागपुर संभाग के सभी 6 जिले (रांची नगर एवं ग्रामीण, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा) और पलामू संभाग के अंतर्गत- लातेहार जिला जेपीसीसी प्रकोष्ठ, विभाग और मोर्चों का आवंटन किया गया है। साथ हीएससी विभाग, ओबीसी विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, महिला कांग्रेस, फिशरमैन कांग्रेस, लॉ, मानव अधिकार और आरटीआई विभाग, एसेट्स झ प्रोपर्टीज विभाग, मीडिया और सोशल मीडिया विभाग एवं कांग्रेस कनेक्ट सेंटर का भी आवंटन किया गया है।

वहीं सचिव भूपेन्द्र मरावी के साथ बंधु तिर्की को 12 जिलों का आवंटन हुआ है। इसमें उत्तरी छोटानागपुर संभाग के सभी 7 जिले (हजारीबाग, गिरिडीह, चतरा, रामगढ़, धनबाद, बोकारो, कोडरमा), कोल्हान संभाग के सभी 3 जिले (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां), पलामू संभाग के 2 जिले-(पलामू और गढ़वा) जेपीसीसी प्रकोष्ठों, विभागों और मोर्चों का आवंटन इस दौरान जेपीसीसी प्रकोष्ठों, विभागों और मोर्चों का आवंटन किया गया है।इसमें आईवाईसी, एनएसयूआई, आदिवासी कांग्रेस, सेवादल, आरजीपीआरएस, किसान कांग्रेस, अनऑर्गनाइज्ड कांग्रेस, जवाहर बाल मंच शामिल है।

## मस्जिद का निर्माण नहीं रुका तो लोग देंगे धरना : मुकुल

**पूर्वी सिंहभूम :** सोनारी स्थित परदेसी पाड़ा में टाटा लीज एरिया की अतिक्रमण की हुई जमीन पर मस्जिद बनाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।स्थानीय निवासियों ने मंगलवार को एक बैठक की और इस मुद्दे से गंभीरता से चर्चा की। बैठक के संबंध में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा ने बताया कि उन्हें बैठक में बुलाया गया। बैठक में इस बात को लेकर चर्चा हुई कि परदेसी पाड़ा में जो मस्जिद बनाई जा रही है, उसका पहले भी अनेक बार विरोध हो चुका है।विरोध के बाद निर्माण कार्य बंद कर दिया गया था। अब एक बार फिर पूरे जोर-शोर के साथ मस्जिद का निर्माण कार्य किया जा रहा है। मुकुल मिश्रा ने बताया कि मस्जिद का निर्माण अतिक्रमित जमीन पर हो रहा है जो टाटा लीज एरिया का क्षेत्र है।इस संबंध में स्थानीय निवासियों ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त, एसडीओ, सोनारी थाना एवं टाटा लैंड डिपार्मेंट को 28 नवंबर को ही जानकारी दे रखी है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि परदेसी पाड़ा मस्जिद में वहां की आबादी से कई गुना ज्यादा लोग नमाज पढ़ने आते हैं।प्रशासन को यह पता करना चाहिए कि ये लोग कहां के हैं ?टाटा लीज एरिया में बन रहे इस मस्जिद के निर्माण को प्रशासन ने कई बार रोका लेकिन इनकी पहुंच इतनी है कि निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहा है।टाटा लैंड डिपार्टमेंट के अफसर क्यों मौन हैं, यह भी समझ से परे है।लोगों का कहना था कि सोनारी के निचले क्षेत्र की बस्तियों में घुसपैठिए निवास कर रहे हैं।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,
Ranchi-834002

e-Procurement ( Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-24/2025-26
1st Call
e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/24/2025-26 Date:-29.11.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Comprehensive Annual Maintenance and Operation of CCTV, various electrical, communication, data, and automation systems installed at NIRUPAN BHAWAN (CDO Building), Doranda, Ranchi, along with the deployment of one full-time technically qualified service en gineer for continuous on -site support and maintenance for the year 2025 -26. (AMC of items listed in Annexure – A and B, including Supply of items listed in Annexure B ). |
| 2 | Estimated Cost (In Rs.) | 6779400.00 |
| 3 | Period of Completion of Work | 01 year |
| 4 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 10000/- (Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 136000.00 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e -procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e -Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no -120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 02.12.2025,17:30 PM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 09.12.2025, 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 10.12.2025, 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.
PR 367513 Road Construction Dept Road Division Ranchi(25-26)D

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

# विश्वरंग से लौटी आईसेक्ट विश्वविद्यालय की टीम, राष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया मान

उज्जवल दुनिया संवाददातां

हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की टीम मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित भारत के सबसे प्रतिष्ठित और अभिनव सांस्कृतिक उत्सव विश्वरंग 2025 में शामिल होकर लौट आई। बता दें कि यह भव्य अंतरराष्ट्रीय महोत्सव विश्व रंग फाउंडेशन, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित, जहां देश-विदेश के साहित्य, कला और संस्कृति से जुड़े दिग्गजों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की सहभागिता को लेकर विश्वविद्यालय परिवार में खासा उत्साह देखा गया।




तीन दिवसीय इस महोत्सव में मध्य प्रदेश के राज्यपाल गंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, मॉरीशस के उपराष्ट्रपति पृथ्वी राज सिंह रूपन, वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी, सुमित अवस्थी, सुप्रसिद्ध गायिका सोना महापात्रा, अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा, पॉकेट एफएम के अंकुर श्रीवास्तव, स्टेज एप से कुनाल कमरावत, नेपाल के वीर बहादुर, रूस की सेवानिवृत्त प्राध्यापिका तत्याना ओरांस्काया, युक्रेन की प्राध्यापिका पोनोमोरंको, युके की सुरेखा चौफला, कनाडा के डॉ हंसादीप, श्रीलंका से डॉ वाजिरा गुणसेन, नीदरलैंड से नंनन पाण्डेय सहित देश-विदेश के अनेक साहित्यकार, कलाकार और बुद्धिजीवी शामिल हुए। कुल मिलाकर करीब दुनिया भर के 70 देशों के 1000 से अधिक अतिथियों की मौजूदगी ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति व विश्वरंग के निदेशक संतोष चौबे ने कहा कि विश्वरंग केवल एक साहित्यिक या सांस्कृतिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की बहुरंगी संस्कृति, वैश्विक विचारों और मानवीय संवेदनाओं का साझा मंच है। यहां देश-विदेश के लेखक, कलाकार, विचारक और युवा एक-दूसरे से संवाद करते हैं, सीखते हैं और नई सोच के साथ आगे बढ़ते हैं। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने इसे विद्यार्थियों के लिए वैश्विक सांस्कृतिक संवाद से जुड़ने का बेहतरीन अवसर बताया। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति और नवाचार को भी बराबर महत्व मिलता है। समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने इसे युवाओं के सर्वांगीण विकास से जोड़ते हुए नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क को मजबूत करने वाला मंच बताया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ एसआर रथ ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी केवल तालीमी दायरे तक सीमित नहीं है, बल्कि उनमें सांस्कृतिक शऊर और रचनात्मक सोच भी प्रबल है। वहीं वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार ने कौशल, संस्कृति और सृजनात्मकता के संगम को समय की अहम जरूरत बताया। आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से विश्वरंग में शामिल होने वालों में कुलपति प्रो पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ एस आर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार के अलावा डॉ प्रिति कुमारी, डॉ विनय पंजियार, मो शमीम अहमद, कोमल पल्लवी भेंगरा, राहुल राजवार, नागेश्वरी कुमारी, सबा प्रवीण, बिशाखा बाला, योगेश प्रसाद कुशवाहा, रोहित राणा सहित विद्यार्थियों में आरिफ अली, पम्मी विश्वकर्मा, वर्षा कुमारी, शिवांगी कुमारी, अभिजीत मंडल, विजय कुमार महतो, श्रवण कुमार, वर्षा, अर्पित कुमार, गौरव सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

## संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य मेला का पहला दिन 651 जनों का हुआ मुफ्त इलाज

उज्जवल दुनिया संवाददातां

उज्जवल दुनियां संवाददाता

हजारीबाग। शहर के रविन्द्र पथ बिजली ऑफिस के विपरीत स्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य मेला के आयोजन का पहला दिन मंगलवार को संपन्न हुआ। प्रथम दिवस की शुरूआत विधिवत दीप प्रज्वलित के साथ मेला का शुभारंभ किया गया। मुख्य रूप से संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास, मिशन ट्रस्ट से रेव्ह. दादू टुटी, रेनॉल्ड्स जॉय, अतुल तिर्की, अभिमलिकसूरिन एवं ट्रस्टी निपम खलखो सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। मिशन होस्पिटल परिवार द्वारा अतिथियों को स्वागत एवं अभिनंदन कर किया गया। स्वास्थ्य मेले में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 651 जनों का मुफ्त जांच एवं इलाज किया गया। इसमें निः शुल्क सेवाओं में डॉक्टर परामर्श,




बी.पी.जांच, कैंसर स्क्रीनिंग, मुफ्त दवा, दंत जांच, नेत्र जांच, शुगर एवं हीमोग्लोबिन जांच, न्यूरोलॉजिस्ट परामर्श, एक समय का भोजन एवं अल्ट्रासाउंड व अन्य जांच में भारी छूट दी गई। बड़ी संख्या में बच्चे, महिला एंव पुरूष जरूरतमंद पहुंचे एवं स्वास्थ्य मेला का भरपूर लाभ उठाया। मौके पर संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने संबोधित कर कहा कि यह स्वास्थ्य मेला समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति के कारण कई लोग समय पर जांच और उपचार नहीं करा पाते, इसलिए मिशन होस्पिटल द्वारा इस तरह के शिविरों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने और उनकी स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि दुसरे दिन 03 दिसंबर को और भी अधिक लोग इस मेला का लाभ उठाकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग होंगे। उन्होंने सभी चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, ट्रस्ट के सदस्यों और सहयोगियों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और बताया कि मेले के दूसरे दिन भी विभिन्न

## बरही के मनोकामनेश्वर मंदिर में बिना दान-दहेज के आदर्श विवाह सम्पन्न

उज्जवल दुनिया संवाददातां

बरही। बरही प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर शिव मंदिर में मंगलवार को एक अनुकरणीय विवाह संपन्न हुआ। यहां प्रेमी युगल ने अपने परिजनों की रजामंदी से बिना किसी दान-दहेज के सात फेरे लिए। जानकारी के अनुसार विवाह रसोइया धमना बरही निवासी तुलसी रविदास की पुत्री रंगीना कुमारी (24 वर्ष) तथा करोंजिया चंदवारा निवासी फूलचंद रविदास के पुत्र महेश रविदास (28 वर्ष) के बीच सम्पन्न हुआ। विवाह की सभी रस्में मंदिर के पुजारी अनुज शर्मा उर्फ छोटू बाबा द्वारा विधिवत रूप से कराई गईं। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने नवविवाहिता दंपति को आशीर्वाद दिया और नए वस्त्र भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना



की। उन्होंने ऐसे आदर्श विवाह को समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रेरणादायक बताया। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि आज का विवाह समाज के लिए एक सराहनीय उदाहरण है। बिना दान-दहेज के, पूरी रजामंदी और सादगी के साथ किसी का जीवन बसना वास्तव में प्रेरणादायक है। ऐसे आदर्श विवाह समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। मैं नवदम्पति के सुखी एवं सफल भविष्य की कामना करता हूँ और आशा करता हूँ कि लोग इस पहल से प्रेरणा लेंगे। विवाह आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ता मो. तौकीर रजा, वार्ड सदस्य जमुनी देवी, जीरवा देवी सहित कई ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम स्थल पर बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, बरही थाना से मालती कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता अनुज यादव, संजय रविदास, दुर्गी राम, गणेश भुइयां, अरविंद रविदास, टिंकू रविदास, प्रकाश रविदास, साबित कुमारी, सुशीला देवी, ललिता देवी, सोनिया देवी, बसंत रविदास, कुलेश्वर रविदास, राजेश रविदास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## मुक्तिधाम सेवा संस्थान ने अज्ञात एवं असहाय शवों का सम्मानजनक अंतिम संस्कार

### असहाय एवं परित्यक्त लोगों का सम्मानजनक अंतिम संस्कार हमारा नैतिक कर्तव्यः नीरज कुमार

उज्जवल दुनिया संवाददातां

हजारीबाग। मुक्तिधाम सेवा संस्थान, हजारीबाग ने मानवता को सर्वोपरि रखते हुए एक असहाय पुरुष धीरेन्द्र कुमार सिन्हा (निवासी झ सिमरा रेस्ट हाउस के समीप, वार्ड संख्या 34, हजारीबाग) का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया। संस्थान के संयोजक नीरज कुमार ने वार्ड संख्या 34 की वार्ड पार्षद रिंकू देवी तथा परिजनों एवम प्रशासन के अनुरोध पर खिरगांव स्थित मुक्तिधाम में पूरी गरिमा और सामाजिक सद्भाव के साथ अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूर्ण कराई।




मुक्तिधाम सेवा संस्थान लगातार उन असहाय, परित्यक्त एवं अज्ञात लोगों के लिए संबल बन रहा है, जिन्हें जीवन के अंतिम चरण में भी उचित सहयोग नहीं मिल पाता। संस्था द्वारा किए जा रहे ऐसे सम्मानजनक अंतिम संस्कार समाज में मानवता की उच्चतम मिसाल पेश करते हैं। नीरज कुमार ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। असहाय और परित्यक्त लोगों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करना न केवल हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह मानवीय संवेदना और कर्तव्य का प्रतीक भी है। मुक्तिधाम सेवा संस्थान का उद्देश्य समाज में करुणा, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करना है, ताकि कोई भी व्यक्ति अपने अंतिम समय में उपेक्षित न रहे। मुक्तिधाम सेवा संस्थान की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है और मानवता को जीवंत रखने वाली एक उत्कृष्ट मिसाल भी।

## जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

उज्जवल दुनिया संवाददातां

सिमडेगा : उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के लिए धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों में धान खरीद व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और किसानों को समय पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) का लाभ दिलाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान जिला अंतर्गत कुल 16 लैम्पस एवं 01 राईस मिल का सर्वसम्मति से चयन किया गया। निर्णय लिया गया कि पूर्व में पंजीकृत किसानों के साथ-साथ नए किसान भी अपना पंजीकरण




कराकर निर्धारित लैम्पस में सरकार द्वारा तय एमएसपी पर धान की बिक्री कर सकते हैं। उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी और जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे सभी निबंधित किसानों के बीच खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में धान अधिप्राप्ति से जुड़ी संपूर्ण जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही उपायुक्त ने धान खरीद सभी तैयारियां को समय से पूर्ण कर लेने की बात कहीं।

# बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन अंडर-15 खिलाड़ी नंदनी कुमारी को मिली संपूर्ण क्रिकेट किट

उज्जवल दुनिया संवाददातां

बरही। स्थानीय स्तर पर उभर रही खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत मां दुर्गा स्पोर्ट्स मेरठ के प्रोपराइटर मोहित कुमार दुबे ने बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अंडर-15 क्रिकेट खिलाड़ी नंदनी कुमारी को संपूर्ण क्रिकेट किट प्रदान की। नंदनी के लगातार प्रभावशाली खेल प्रदर्शन से प्रभावित होकर मोहित दुबे ने बैट, बैटिंग ग्लव्स, बैटिंग पैड, व्हाइट ग्लव्स, व्हाइट पैड, हेलमेट और किट बैग उपलब्ध कराया। किट वितरण का यह कार्यक्रम बरही प्रखण्ड मैदान में आयोजित किया गया, जहां बरही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने स्वयं नंदनी को किट सौंपकर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को संसाधन और




मार्गदर्शन देना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि नंदनी जैसे खिलाड़ी आने वाले समय में जिला और राज्य स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे इंस्पेक्टर बिनोद कुमार ने यह भी कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, संघर्ष और सकारात्मक सोच का मार्ग दिखाता है। ऐसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर अवसर मिलते हैं और वे अपनी प्रतिभा को बड़े स्तर पर साबित कर पाते हैं। बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने मां दुर्गा स्पोर्ट्स के प्रोपराइटर मोहित दुबे का प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि क्षेत्र में खेल को भी मजबूती मिलती है। नंदनी कुमारी ने भी इस सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद देते हुए बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, बसंत ठाकुर, अनिल रजक, रौशन राणा, शिवकुमार ठाकुर, मो. तौकीर रजा, आकाश जयसवाल, प्रभात कुमार, वर्षा कुमारी, रिंकी राणा, रोहित सिंह, सोनम कुमारी, वर्षा यादव, राजेश यादव, सलोनी राणा, अंशु कुमारी, आर्यन कुमार, रंजीत कुमार यादव, शेखर कुमार, अनीश कुमार यादव, मो. शमी, प्रशांत कुमार, अमन कुमार, अपनान खान समेत कई खिलाड़ी तथा स्थानीय खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सामाजिक व्यक्तित्व के महावीर साहू का 95 वर्ष की आयु में निधन



बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड की सिकरी पंचायत के प्रतिष्ठित एवं लोकप्रिय सामाजिक व्यक्तित्व महावीर साहू (95) का मंगलवार की सुबह 10 बजे उनके पैतृक आवास सिकरी मे निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज लगातार जारी था। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की गहरी लहर दौड़ गई। गांव के लोगों ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की। महावीर साहू गांव में एक सम्मानित, मिलनसार और समाजसेवी व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। सामाजिक कार्यों एवं गांव के उत्थान के लिए उनका योगदान हमेशा महत्वपूर्ण रहा। वे गांव के निर्णयों में भी सक्रिय भूमिका निभाते थे और लोगों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का काम करते थे। उनके निधन से गांव ने एक मार्गदर्शक, संबल एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व को हमेशा के लिए खो दिया है। उधर, उनके बड़े भतीजे पत्रकार सह शिक्षक अरुण कुमार गुप्ता दुमका जिला में अपनी नई शिक्षक नियुक्ति की जॉइनिंग के लिए गए हुए थे। जॉइनिंग पूरा करने के तुरंत बाद जैसे ही उन्हें बड़े पापा के निधन की सूचना मिली, वे बिना देर किए दुमका से सिकरी पहुँच गए। पारिवारिक सदस्यों और ग्रामीणों के बीच अरुण कुमार गुप्ता की उपस्थिति से शोकग्रस्त परिवार को संबल मिला। मृतक महावीर साहू अपने पीछे पत्नी, छह पुत्रियाँ और एक पुत्र नरेश कुमार गुप्ता सहित भरा पूरा परिवार को छोड़ गए हैं। नरेश कुमार गुप्ता पूर्व में सिकरी पंचायत के वार्ड सदस्य रह चुके हैं। वर्तमान में मृतक के छोटे भतीजे पृथ्वी कुमार गुप्ता उसी वार्ड से वार्ड सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। परिवार के मुखिया के निधन से दोनों वार्ड सदस्यों तथा पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। महावीर साहू का अंतिम संस्कार बुधवार को सिकरी नदी घाट पर हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार किया जाएगा। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति की संभावना है। उनके निधन से सिकरी पंचायत ने एक महत्वपूर्ण सामाजिक स्तंभ, प्रेरणास्रोत और महान व्यक्तित्व को खो दिया है, जिसकी भरपाई लंबे समय तक संभव नहीं होगी।

### ब्राउन सुगर के साथ धराया पुलिस ने भेजा जेल



केरेडारी। पगार ओपी प्रभारी दिनेश कुमार मंडल ब्राउन सुगर के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है! इस संदर्भ में पुलिस द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पगार ओपी क्षेत्र अंतर्गत मुंडा टोली से जोरदाग जाने वाले रास्ते पर मोटरसाइकिल में कुछ लोग ब्राऊन शुगर खरीद बिक्री कर रहे हैं! प्राप्त सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव पवन कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया! छापामारी के क्रम में जोरदाग से मुंडाटोली रोड में बिरसा चौक के पास से रोहित कुमार पिता-प्रेम साव उर्फ खुदन साव ग्राम जोरदाग थाना-केरेडारी पगार ओपी जिला- हजारीबाग के पास से 35 पुड़िया अवैध ब्राऊन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया! जिसे 2 दिसंबर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है! अभियुक्त के पास जब्त सामानों में 35 पुड़िया अवैध ब्राऊन शुगर जिसका वजन करीब-10.20ग्राम।विवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन एक यामाहा कंपनी का एमटी मोटरसाइकिल निबंधन संख्या जे एच 02 बी एक्स 4454 है।छापामारी दल में पवन कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव,विवेक कुमार, थाना प्रभारी केरेडारी दिनेश कुमार मंडल, ओपी प्रभारी, पगार सअनि रंजीत कुमार पाण्डेय, पगार ओपी व पगार ओपी के सशस्त्र बल शामिल थे!

### पागर विद्यालय में सोलर पावर्ड लैम्प वितरण कार्यक्रम आयोजित




केरेडारी। एनटीपीसी चट्टी बरियातू कोल माइंस प्रबंधन द्वारा पागर स्कूल परिसर में 2 दिसंबर को सोलर पैनल और सोलर पावर्ड लैम्प वितरण का एक बड़ा और सफल आयोजन किया गया! यह कार्यक्रम सीडी-सीएसआर पहलों के अंतर्गत आयोजित किया गया! जिसका नेतृत्व नवीन गुप्ता एचओपी सीबी सीएमपी ने किया! इस पहल के तहत कुल 570 विद्यार्थियों को सोलर पैनल एवं सोलर पावर्ड लैम्प प्रदान किए गया ! स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों की अध्ययन सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित यह वितरण अभियान स्थानीय समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा!कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नवाचारपूर्ण ऊर्जा समाधानों के उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि सोलर पावर जैसी हरित ऊर्जा न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखती है, बल्कि ग्रामीण एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों के लिए पढ़ाई को भी अधिक सुगम बनाती है! कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय प्रबंधन सीडी-सीएसआर टीम तथा सभी सहयोगी सदस्यों का विशेष योगदान रहा!

### सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत कुम्हारटोली पारनाला से रवाना हुआ तीर्थ यात्रियों का जत्था

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्ग श्रद्धालुओं के सम्मान में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा चलाए जा रहे सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान की यात्रा मंगलवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के नगर पश्चिमी मंडल अंतर्गत वार्ड नंबर 26 स्थित कुम्हाटोली पार नाला से रवाना हुआ। इस दौरान बतौर अतिथि हजारीबाग के प्रसिद्ध समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, सदर विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा, नगर सांसद प्रतिनिधि लब्बू गुप्ता, दीपू यादव, सांसद प्रतिनिधि रेणुका साहू, बीरेंद्र कुमार बीरू, स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक बरियार, पूर्व वार्ड पार्षद भूलन राम, मोना वर्मा, मुकेश सोनी, शंकर वर्मा, विशाल, ऋषि सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और तीर्थ यात्रियों का पाँव पाखरा एवं उन्हें अल्पाहार कीट देकर गाजे बाजे के साथ उत्तरप्रदेश के चार प्रमुख तीर्थ स्थल अयोध्या, काशी, विंध्याचल और प्रयागराज के लिए रवाना किया और उनके सुखद यात्रा की कामना की । मौके पर समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल बुजुर्गों के सम्मान में एक ऐसी योजना संचालित कर रहे हैं जिससे अब तक हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के करीब 2000 से अधिक बुजुर्गों का तीर्थाटन का सपना साकार हो चुका है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बुजुर्ग जनों का आशीर्वाद सदा सांसद मनीष जायसवाल पर बना रहे और ऐसे सेवा कार्य को हमेशा बेचारी रख सके ईश्वर से ऐसी कामना करता हूं ।

## डीसी ने किया जनता दरबार का आयोजन, लोगों की समस्याएं सुनीं

# जनता दरबार में डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** जनता की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से हम आपको सुनते है। कार्यक्रम के तहत समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग विभिन्न विभागों से जुड़ी अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे। उपायुक्त अजय नाथ झा ने एक-एक शिकायतकर्ता से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा कई शिकायतों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों को आवश्यक प्रक्रिया के लिए विभागों को सौंपा गया। जनता दरबार में ज्यादातर मामले भूमि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास, राशन कार्ड, बिजली-पानी, राशन वितरण से, दिव्यागता प्रमाण पत्र एवं पेंशन से, चुनाव ड्यूटी के दौरान पति की मृत्यु के बाद उनके परिजनों को मुआवजा एवं रोजगार से, जमीन विवाद से, बैंक के पेंशन मामले के भुगतान से, लगान के रशीद में नाम व अन्य जानकारी के संबंध में संशोधन से, प्रधानमंत्री आवास से संबंधित मामले, झारखंड आंदोलनकारियों के मामले एवं चास नगर निगम के वार्ड नंबर 06 के जमीन की चार दिवारी से तथा अन्य सार्वजनिक सेवाओं से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। इसपर उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि लोगों को उनके अधिकार समय पर मिले और किसी भी नागरिक को परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। 50 ग्रामीणों ने अपनी समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखा जनता दरबार में आज लगभग 50 ग्रामीणों ने अपनी समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त सभी लोगों की समस्या से संबंधित आवेदन को निष्पादन हेतु सम्बंधित अधिकारियों को भेजा तथा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनके आवेदन पर कार्रवाई करते हुए सम्बंधित आवेदकों को सूचित करें। मौके पर अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खलखो, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह प्रभारी पदाधिकारी जनशिकायत कोषांग पियूष, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड के युवा तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल आर्चरी अकादमी के युवा तीरंदाजों ने दो प्रमुख प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए झारखंड और अकादमी को गौरवान्वित किया है। जिसमें 16वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप (14-17 नवंबर 2025, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जमशेदपुर) अकादमी के 12 खिलाड़ियों में से 9 खिलाड़ियों ने कुल 21 पदक जीते। इनमें 5 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। पदक विजेता खिलाड़ियों में कुलदीप महतो ने 4 स्वर्ण, 5 कांस्य, संदीप ने 3 कांस्य, चिरंजन टुडू, मेघनाथ, निराज और निर्मल ने क्रमशः 1 कांस्य जीता। वहीं डोली कुमारी ने एक स्वर्ण और एक रजत, बानी मुंडा ए रजत और,तिका कुमारी एक रजत और 1 कांस्य पदक पाया। शानदार प्रदर्शन से कुलदीप महतो ने 42वीं एनटीपीसी सब-जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप (22-30 नवंबर 2025, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश) में 3 स्वर्ण पदक (20 मीटर, टीम एवं मिक्स टीम) जीते। इस उपलब्धि पर रवीश शर्मा, डिप्टी सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक, वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने कहा कि हमारे युवा खिलाड़ियों की यह सफलता उनकी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। ईएसएल झारखंड के प्रतिभावान युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण एवं अवसर प्रदान कर खेल जगत में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह उपलब्धि झारखंड में खेल संस्कृति विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बीएसएल ने नवंबर माह में दर्ज किया शानदार प्रदर्शन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो ।** बोकारो स्टील प्लांट ने नवंबर 2025 में उत्पादन, गुणवत्ता और परिचालन दक्षता के लगभग सभी प्रमुख आयामों में उल्लेखनीय और ऐतिहासिक उपलब्धियाँ दर्ज करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ नवंबर माह का प्रदर्शन दर्ज किया है। अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन तथा अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) अनूप कुमार दत्त के नेतृत्व में संयंत्र ने उत्पादन, प्रक्रिया स्थिरता तथा विक्रय से जुड़े कई अहम संकेतकों पर नए उच्चतम स्तर प्राप्त किए। दैनिक उत्पादन में बीएसएल ने प्रभावशाली उपलब्धियाँ हासिल की। 30 नवंबर को सिंटर प्लांट की 2.5 सिंटर मशीन ने 19, 514 टन का रिकॉर्ड उत्पादन किया, जो पूर्व के 19,359 टन के सर्वोच्च स्तर से बेहतर रहा। इसी क्रम में, 26 नवंबर को ग्रैन्युलेटेड स्लैग उत्पादन भी बढ़कर 6,850 टन के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। मासिक प्रदर्शन के स्तर पर भी बीएसएल ने मजबूत प्रगति दर्ज करते हुए 2.5 सिंटर मशीन से 5.27 लाख टन उत्पादन हासिल किया। वहीं कोल केमिकल्स की बिक्री अक्टूबर 2025 के 85.7 करोड़ रुपये की तुलना में नवंबर माह में 106.3 करोड़ रुपये पर पहुँच गई, जो एक उल्लेखनीय वृद्धि है। डाउनस्ट्रीम इकाइयों में भी सकारात्मक वृद्धि देखने को मिली। सीआर सेलेबल उत्पादन बढ़कर 1.21 लाख टन रहा, जो पिछले वर्ष के 1.13 लाख टन की तुलना में बेहतर है। इसी प्रकार, सेलेबल स्टील डिस्पैच 3.55 लाख टन तक पहुँचा। इकोनॉमिक पैरामीटर्स में भी निरंतर सुधार दर्ज करते हुए ऊर्जा खपत घटकर 6.392 Gcal/tcs रहा, जो संयंत्र की बढ़ती परिचालन दक्षता का संकेत है। उल्लेखनीय है कि नवंबर माह में दो महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियाँ भी दर्ज की गईं। बीएसएल ने पहली बार सफलतापूर्वक उच्चतन्यता वाले ऑटोमोटिव ग्रेड ISCzz®LA का उत्पादन किया, जो गुणवत्ता और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वहीं दूसरी ओर, एसएमएस-II में एक ही टंडिश से 35 हीट्स की कास्टिंग का नया रिकॉर्ड भी बना, जो ताप प्रबंधन, प्रक्रिया दक्षता और तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण है। अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि नवंबर 2025 के परिणाम बोकारो स्टील प्लांट की सतत प्रगति, तकनीकी श्रेष्ठता और मजबूत टीम भावना को परिलक्षित करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले महीनों में भी बीएसएल इसी गति को बनाए रखते हुए नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

### तालाब से मिला लापता युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के कमलपुर थाना क्षेत्र के बिड़रा पंचायत अंतर्गत दाड़ीगोड़ा गांव में मंगलवार की सुबह एक तालाब (लाया गाड़िया) से लापता युवक का सड़ा-गला शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान दाड़ीगोड़ा निवासी अश्विनी महतो (45) के रूप में की गई है।

## गुणवत्ता माह के अवसर पर बीएसएल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नवंबर 2025 माह को गुणवत्ता माह के रूप में मनाया गया। इसी क्रम में, संगठन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए गुणवत्ता के महत्व को सुदृ करने हेतु बिजनेस एक्सिलेंस (बीई) विभाग के तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम गुणवत्ता कुछ अलग सोचें पर आधारित इन प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गुणवत्ता से सम्बंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन मानव संसाधन विकास के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मिनी ऑडिटोरियम में किया गया। पिछले दिनों यानी 26 नवम्बर को तत्काल अनुच्छेद लेखन (हिंदी एवं अंग्रेजी) प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 19 प्रतिभागियों ने गुणवत्ता कुछ अलग सोचें विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। गुणवत्ता कुछ अलग सोचें विषय पर वक्तृत्व कला (हिंदी एवं अंग्रेजी) प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें 15 प्रतिभागियों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त, गुणवत्ता माह की थीम पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता (हिंदी एवं अंग्रेजी) का भी आयोजन किया गया। इन व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं के उपरांत दिनांक 28 नवंबर को गुणवत्ता क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस क्विज़ में विभिन्न विभागों से 20 टीमों (प्रत्येक में दो सदस्य) ने अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। क्विज़ प्रतियोगिता में क्विज़ मास्टर्स की भूमिका महाप्रबंधक (बीई) अनुपमा तिवारी तथा वरीय प्रबंधक (बीई) सागरिका साहू ने सफलतापूर्वक निभाई। इन सभी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन एवं समन्वय बिजनेस एक्सिलेंस (बीई) विभाग की टीम के द्वारा किया गया। जिसमें महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सिलेंस) अनुपमा तिवारी, वरीय प्रबंधक (बिजनेस एक्सिलेंस) डी चक्रवर्ती, वरीय प्रबंधक (बिजनेस एक्सिलेंस) सागरिका साहू और अबू नसर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन बीएसएल की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। यह पहल कर्मचारियों को नवीन समाधानों के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करता है। जिससे संगठन को विश्व स्तरीय गुणवत्ता के मानकों को प्राप्त करने और बनाए रखने में सहायता मिलती है।

## उपायुक्त ने किया प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव का स्वागत



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज दुर्गापुर एयरपोर्ट पर माननीय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव सह राज्य के अतिथि डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव आईआईटी (आईएसएम) के शताब्दी स्थापना सप्ताह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसका आयोजन बुधवार को आईआईटी (आईएसएम) के पेनमैन ऑडिटोरियम में किया जाएगा। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने भी माननीय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव का स्वागत किया। मौके पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल के अलावा अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## शक्ति मेला में भक्ति जागरण का आयोजन



### हेमंत कुमार दुबे एंड म्यूजिकल रूप ने दी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कतरास।** टाटा सिजुआ 12 नंबर (आजाद सिजुआ) स्थित शहीद शक्तिनाथ महतो के समाधि स्थल परिसर में चल रहे शक्ति मेला में सोमवार रात भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। भांगड़ भोला हेमंत कुमार दुबे एंड म्यूजिकल रूप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायक हेमंत ने साजि गेला साजि गेला, भांगड़ भोला, होरी दिन तो गेलो, तुमि एमन सुरे आर बाजायोना आदि प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। वाद्य यंत्र नाल पर मिहिर कुम्हार, बैंजो पर राधे-राधे, पेड पर रंजीत कुमार तथा कोरस में जगदीश व अक्लु ने संगत देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के सचिव मनोज कुमार महतो, ललित नारायण महतो, हीरालाल महतो, विकास महतो, राजेश महतो, तारकनाथ महतो, मोहित महतो, कृतिवास महतो, रवि महतो, श्रीष्टिधर महतो, आर्यन महतो, निखिल महतो, पंकज महतो, रोनित महतो, नवीन महतो, रंजीत महतो, निर्मल महतो आदि का विशेष योगदान रहा।

# नकली शराब समूह/गुट का जामताड़ा जिला पुलिस ने किया भांडाफोड

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**टुंडी।** पुलिस अधीक्षक जामताड़ा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नारायणपुर थाना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने गोविन्दपुर-साहेबगंज मुख्य मार्ग पर पाण्डेयडीह मोड़ के समक्ष एक डीसीएम वाहन और 2 चार पहिया वाहनों को रोका, जिसमें भारी मात्रा में अवैध नकली विदेशी शराब बरामद की गई। इस छापामारी में पश्चिमी टुंडी प्रखण्ड क्षेत्र तथा मनियाडीह थाना अन्तर्गत जाताखुंटी पंचायत स्तर के चर्चित चन्द्रदेव मंडल उर्फ चंदर मंडल एवं पूर्वी टुंडी हलकट्ठा के दारा सिंह समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस गिरफ्तारी से यह स्पष्ट हुआ कि धनबाद के अवैध शराब के समूह/गुट नकली शराब बनाकर नारायण थाना क्षेत्र के रास्ते बिहार राज्य में खपत कर रहा है। बरामद सामान 225 पेटी अवैध नकली विदेशी शराब रोयल स्टेज् (5400 बोतल, 2025 लीटर) 78 पेटी गैलन में स्पीरिट (3120 लीटर) एक डीसीएम वाहन की संख्या-डब्ल्यू बी-51सी-5752 वाहन हुंडई जिसका पंजीयन संख्या-जेएच 09- एडब्ल्यू -1734 मारूति सुजुकी स्विफ्ट जिसका पंजीयन संख्या जेएच 10- डीसी-4782 मोबाईल फोन 07, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड और अन्य सामान -33000 रुपये नकद गिरफ्तार आरोपी 1. दारा सिंह उम्र करीब 30 वर्ष, पिता-भीम सिंह, गांव हलकट्ठा, थाना पूर्वी टुण्डी, जिला-धनबाद 2. चन्दर मंडल उर्फ चन्द्रदेव मंडल, पिता-स्वर्गीय बद्री मंडल, गांव-करमाटांड थाना-मनियाडीह, जिला- धनबाद 3. मो0 रहीम अंसारी उम्र 42 वर्ष, पिता स्वर्गीय सलीम अंसारी, ग्राम आमझर, थाना बलियापुर, जिला-धनबाद 4. संतोष पासवान उम्र करीब 36 वर्ष पिता- उमेश पासवान, ग्राम-हीरापुर, माडा कॉलोनी, थाना जिला-धनबाद पुलिस की कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जामताड़ा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनन्द लागुरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वाहनों को रोका और अवैध शराब जब्त किया। पुलिस अभी भी मामले की जांच में जुटी हुई

## एक-नजर

### रेल पाटिल फैट्री में हादसा गिरने से युवक की मौत, 13 लाख के मुआवजे पर बनी सहमति



**उज्ज्वल दुनिया/बोकारो।** बोकारो जिले के बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में एक मजदूर की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई। 25 वर्षीय आशुतोष कुमार राय, जो पाटील रेल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में फिटर के पद पर कार्यरत थे, हादसे का शिकार हुए।उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आशुतोष छपरा (बिहार) के निवासी थे और बालीडीह की झोपड़ी कॉलोनी में रहते थे।घटना की सूचना मिलते ही फैक्ट्री परिसर में स्थानीय लोगों और मजदूरों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए फैक्ट्री प्रबंधन और भाजपा के युवा नेता सह सांसद प्रतिनिधि अविनाश सिंह के बीच बैठक हुई। वार्ता के बाद मृतक के पिता को 13 लाख रुपए का मुआवजा देने पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त, अंतिम संस्कार के लिए एक लाख रुपए नगद देने का भी निर्णय लिया गया।झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने इंडस्ट्रियल एरिया में लगातार हो रहे हादसों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि कई कंपनियों में मजदूरों से बिना सुरक्षा उपकरणों के काम कराया जाता है, जिससे ऐसी दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने प्रशासन और उद्योग प्रबंधन से सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने की मांग की।पाटील रेल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के एजीएम असीम चक्रवर्ती ने बताया कि आशुतोष ने सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया था, लेकिन स्टेपने पर फंसने के कारण वह नीचे गिर गए। उन्होंने कहा कि प्रबंधन मृतक के परिजनों के साथ खड़ा है और मुआवजा देने का निर्णय इसी संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर लिया गया है।

### ड्यूटी पर तैनात आरक्षी पर हमला, 24 घंटे में पुलिस चार बालक पकड़े, हथियार व बाइक बरामद



**उज्ज्वल दुनिया/बोकारो।** यातायात थाना नया मोड़ के पास ड्यूटी के दौरान आरक्षी 214 दिलीप कुमार सिंह पर हुए हमले के मामले में बोकारो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर घटना में शामिल चारों विधि-विरोधी बालकों को पक लिया है। पीड़ित आरक्षी की शिकायत पर बीएस सिटी थाना कांड संख्या 259/25 के तहत कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घटना 30 नवंबर 2025 की शाम करीब 4 बजे की है, जब आरक्षी दिलीप कुमार सिंह यातायात ड्यूटी में तैनात थे। इसी दौरान सेक्टर 12 मोड़ की ओर से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर चार युवक आते दिखाई दिए। आरक्षी द्वारा रोकने का संकेत देने पर युवकों ने मोटरसाइकिल रोककर उनके साथ गाली-गलौज एवं हाथापाई शुरू कर दी। आरक्षी द्वारा एक युवक को पकड़ने का प्रयास करने पर एक अन्य युवक ने जानलेवा हमला करते हुए तेज धारदार हथियार से वार कर दिया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद चारों युवक फरार हो गए।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बोकारो हरविंदर सिंह के निर्देश पर नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने छापामारी कर चारों विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध कर लिया। उनके पास से एक देशी रिवॉल्वर, घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल ( जे एच09 बी के 0165) और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। सभी आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं छापामारी दल में सुदामा कुमार दास, (थाना प्रभारी बीएस सिटी), सुभाष चंद सिंह, (थाना प्रभारी सेक्टर 12), जितेश कुमार, महती बोयपाय, नीरज सेठ, हवलदार सुरेंद्र राम, आरक्षी राकेश कुमार, मदन प्रसाद (खड़ पुलिस), जितेंद्र कुमार, सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह आरक्षी योगेंद्र कुमार रजक. आरक्षी प्रफुल कुमार मंडल आदि शामिल थे।

### सपदा न्यायालय के आदेश पर सिटी सेंटर क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त अभियान शुरू



**उज्ज्वल दुनिया/बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सम्पदा न्यायालय के आदेश के बाद मंगलवार सुबह सिटी सेंटर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू हुआ। न्यायालय ने अपने निर्देशों में स्पष्ट किया था कि सिटी सेंटर की सड़कों के दोनों ओर और बाजार परिसर के भीतर मौजूद सभी अवैध कब्जों को सात दिनों के भीतर स्वयं हटा लिया जाए। निर्धारित अवधि समाप्त होने पर सम्पदा पदाधिकारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और बीएसएल प्रशासन ने यह कार्रवाई की। इस अभियान के तहत मजदूर मैदान से लेकर मारुति शोरूम तक लगभग 800 अवैध गुमटियों, ठेलों और दुकानों को बुलडोज़र चलाकर हटाया गया। कई स्थानों पर दुकानदारों ने कार्रवाई शुरू होने से पहले ही अपना सामान सड़क पर निकाल लिया था। कुछ दुकानदारों ने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासनिक सख्ती के कारण वे सफल नहीं हो सके। अधिकारियों ने बताया कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कई लोग अवैध कब्जों को खाली नहीं कर रहे थे, जिसके बाद यह सख्त कदम उठाना पड़ा। सम्पदा न्यायालय द्वारा पारित बेदखली आदेश के अनुसार, अवैध निर्माणों को हटाने की पूरी जिम्मेदारी कब्जाधारकों की थी, और किसी भी नुकसान के लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### डीवीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान को डीवीसी ओबीसी एपलाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने स्वागत किया



**उज्ज्वल दुनिया/बोकारो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना राम कुमार अनुभवी का चंद्रपुरा में पदस्थापना के बाद डीवीसी ओबीसी इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया। संगठन के सदस्यों ने अनुभवी को आश्वासन दिया कि वे चंद्रपुरा प्लांट संचालन और भविष्य में यहां लगने वाले 1600 मेगा वाट के दो यूनिट के स्थापना में डीवीसी प्रबंधन को उनका भरपूर सहयोग करेगा। इस अवसर पर एसोसिएशन के महासचिव केपी सिंह, सेंट्रल कमिटी के सदस्य, यूनिट कमिटी के सदस्य ओम प्रकाश पंडित, राजीव कुमार महतो, कुमार अमित, प्रेम चंद महतो, सुनीता कुमारी, कुंदन कुमार, एच एम प्रजापति, जितेंद्र कुमार, कमल रमानी, अमिताभ घोष, समरेश सिंह, राज किशोर महतो, उपेंद्र कुमार मंडल, अली असगर अंसारी, तौफीक अहमद शामिल थे, जो इस मौके पर मौजूद थे।

# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सीय लापरवाही से एक मरीज की हुई मौत

## परिजनों ने लगाया गलत इंजेक्शन देने का गंभीर आरोप

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग में मंगलवार सुबह इलाज के दौरान पदमा निवासी चौधरी यादव नामक मरीज की मौत हो गई। चौधरी यादव 30 नवंबर की शाम में हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कीटनाशक दवा का सेवन करने के बाद भर्ती हुए थे। चौधरी यादव की उम्र लगभग 45 साल है एवं परिजनों ने आरोप लगाया है कि इलाज के दौरान लापरवाही से चौधरी यादव की मौत हुई है। चौधरी यादव की मौत के बाद उनके भतीजे रणधीर कुमार यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए यह आरोप लगाया कि डॉक्टर के द्वारा लिखे गए इंजेक्शन जो कि डॉक्टर के पर्चे में लिखा गया था उसके जगह पर गलत इंजेक्शन स्लाइन के माध्यम से मरीज को चढ़ा दी गई और जो मरीज एकदम ठीक था और डॉक्टर से छुट्टी लेकर घर जाने की मांग कर रहे थे। उन्हें एकाएक जलन की शिकायत होने लगी और उनकी मौत हो गई। इस मामले में वह सभी कसूरवारों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले की सूचना मृतक के परिजनों ने जब हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल को दी गई, तो वे संसद के शीतकालीन सत्र में होने के बावजूद उन्होंने उनसे बात की और अपने मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को अस्पताल भेजा। जहां सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर मृतकों के परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली और इस पूरे मामले के लिए उन्होंने आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से बहाल लोगों पर सवाल खड़ा करते हुए यह कहा कि इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और जो भी इस पूरे मामले में दोषी हैं उन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि सांसद मनीष जायसवाल खुद हजारीबाग डीसी शशि प्रकाश सिंह से बात की है और जो भी इस मामले के लिए गुनहगार होंगे उसे पर कार्रवाई होगी। रंजन चौधरी ने सुप्रिटेंडेंट डॉ. अनुकरण पूर्ति से मिलकर इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद सुपरिंटेंडेंट के द्वारा तीन चिकित्सकों का एक टीम गठन कर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी भी यहां परिजनों संग डटे रहे। पोस्टमार्टम के बाद एम्बुलेंस व्यवस्था कराकर शव को उनके आवास भेजवाया गया। वही इस पूरे मामले पर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट अनुकरण पूर्ति ने बताया कि मामले की जानकारी प्राप्त हुई है जांच चल रही है और एक टीम बनाकर पोस्टमार्टम भी किया जा रहा है इस पूरे मामले में अगर कोई दोषी होगा तो उसे बक्शा नहीं जाएगा और उसे पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और मृतक चौधरी यादव के दो लड़के हैं एवं परिवार के सदस्य कार्रवाई के साथ-साथ मुआवजे की भी मांग कर रहे हैं। सांसद के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने एक गंभीर आरोप लगाया कि झारखंड में स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स स्टॉफ की बहाली में बड़ा धांधली होता है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स द्वारा स्किल्ड पदों पर बहाल किए गए कर्मियों की योग्यता की व्यापक स्तर पर उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। विशेषकर हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगातार प्रबंधकीय अक्षमता के कारण चिकित्सीय लापरवाही का मामला उजागर होता रहा है। जिसमें अधिकतर वार्डों को आउटसोर्स कर्मियों के भरोसे छोड़ देने के कारण लगातार ऐसी अमानवीय घटनाएं सामने आ रही है जो स्वास्थ्य जैसे पुनीत पेशा को कलंकित करता है और शासन- प्रशासन की बदनामी होती है। उन्होंने यह भी बताया कि इन कर्मियों पर विभागीय अधिकारियों और सीनियर चिकित्सकों का भी अंकुश नहीं हो पाता है और ये मनमानी करने पर उतारू हो जाते हैं। इससे पहले भी गायनी ओटी से एक मरीज की गिरकर मौत का मामला सहित कई मामले हैं जिसमें चिकित्सीय लापरवाही का मामला उजागर हो चुका है लेकिन ऐसे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर सख्ती बरतने की जरूरत

## पीवीयूएनएल ने लगाया इंटर-स्कूल साइंस फेयर



उज्जवल दुनिया संवाददाता

रामगढ़। पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) के तहत जिले के पतरातू हाई स्कूल में इंटर-स्कूल साइंस फेयर और एग्ज़िबिशन का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भौतिकी, जीवविज्ञान, रसायन विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और पर्यावरण जैसे विषयों पर आकर्षक वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किया। मंगलवार को कार्यक्रम में पीवीयूएनएल के सीईओ अशोक कुमार सेहगल, मुख्य अतिथि हेड ऑफिस एचआर, जियाउर रहमान सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, प्राचार्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अशोक सेहगल ने बच्चों के नवाचार और वैज्ञानिक सोच की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि पीवीयूएनएल उनके व्यावहारिक और नवोन्मेषी विचारों को आगे बढ़ाने में सदैव सहयोग करेगा। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्यों ने पीवीयूएनएल की टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। प्रदर्शनी के बाद में सीजीएम अनुपम मुखर्जी, एडीपीओ नलिनी रंजन ने विजयी विद्यालयों की टीम को सम्मानित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत, मुआवजा देगी कंपनी

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बोकारो। बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में हुए हादसे में मजदूर आशुतोष कुमार (25) की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई। आशुतोष पाटील रेल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में फिटर के पद पर कार्यरत था। हादसे के बाद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह मूल रूप से सिवान (बिहार) का निवासी था और बालीडीह की झोपड़ी कॉलोनी में रहता था। घटना की जानकारी मिलते ही फैक्ट्री परिसर में स्थानीय लोगों और मजदूरों की भीड़ जमा हो गई। मजदूरों ने मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए फैक्ट्री प्रबंधन और स्थानीय नेताओं के बीच वार्ता हुई। इस दौरान मृतक के पिता को 13 लाख रुपये का मुआवजा देने पर सहमति बनी। इसके अलावा अंतिम संस्कार के लिए एक लाख रुपये अलग से दिए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने इंडस्ट्रियल एरिया में लगातार हो रहे हादसों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि कई कंपनियों में मजदूरों से बिना सुरक्षा उपकरणों के काम कराया जाता है, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रशासन और उद्योग प्रबंधन से सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने की मांग की। वहीं पाटील रेल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के एजीएम असीम चक्रवर्ती ने बताया कि आशुतोष ने सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया था, लेकिन स्टेपन पर फंसने के कारण वह नीचे गिर गया। उन्होंने कहा कि कंपनी प्रबंधन मृतक के परिजनों के साथ खड़ी है और मुआवजा देने का निर्णय इसी संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर लिया गया है।

### उपायुक्त ने किया माननीय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव का स्वागत

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन ने आज दुगार्पुर एयरपोर्ट पर माननीय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव सह राज्य के अतिथि डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। माननीय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव आईआईटी (आईएसएम) के शताब्दी स्थापना सप्ताह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होगें। इसका आयोजन बुधवार को आईआईटी (आईएसएम) के पेनमैन ऑडिटोरियम में किया जाएगा। वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार ने भी माननीय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव का स्वागत किया। मौके पर भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज अग्रवाल के अलावा अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## प्रशासन की युवाओं के लिए किया गया कंप्यूटर प्रशिक्षण रहा सफल : उपायुक्त

उज्जवल दुनिया संवाददाता




लोहरदगा। विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर उपायुक्त डॉ ताराचंद ने मंगलवार को डॉ एपीजे कलाम कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से बातचीत की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान युग में कंप्यूटर की महत्ता और उस पर निर्भरता से इंकार नहीं किया जा सकता है। आज सभी कार्य कंप्यूटर से जुड़ चुके हैं। जिन छात्र-छात्राओं ने इस विषय को चुना है वे अपना भविष्य बेहतर कॉपोर्रेट सेक्टर में बना रहे हैं। सरकारी विभागों में अधिकतर कार्य कंप्यूटर पर हो रहे हैं और कई विभागों की ओर से दस्तावेजों को डिजिटाइज कर दिया गया है। यह सभी कंप्यूटर से ही संभव हो सका है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन ने वर्ष 2023 में लोहरदगा जिला के युवक-युवतियों के लिए निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण की व्यवस्था शुरू की थी जो काफी सफल रहा। उन?होंने कहा कि यहां से लगातार बच्चे जुड़ रहे हैं और कंप्यूटर का बेसिक कोर्स पूरा कर रहे हैं। जिला प्रशासन इसी तरह होमी जे भाभा कोचिंग सेंटर में मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की भी तैयारी निःशुल्क करा रहा है। वहीं माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में शामिल होनेवाले छात्र-छात्राओं को भी रोस्टर के अनुसार गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषय की प्रतिदिन ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था दी जा रही है। प्रखंड स्तर पर पुस्तकालयों में पढाई के लिए पुस्तकें उपलब्ध करायी गयी हैं। इसी तरह पंचायत ज्ञान केंद्र में

## सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं से सितंबर तक मिला 25620 लाभुकों को पेंशन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



रामगढ़। डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने मंगलवार को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग की ओर से किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। दौरान बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शंकर प्रसाद ने डीसी को जिले में केंद्र और राज्य प्रायोजित पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी दी। बैठक के दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने बताया कि केंद्र प्रायोजित पेंशन योजनाओं में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 25620 लाभुकों को सिंतबर 2025 तक पेंशन प्रदान कर दिया गया है।

**97 हजार 227 लाभुकों को मिला पेंशन**

बैठक में राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के तहत सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा से जुडी योजनाओं की प्रगति की जानकारी डीसी को दी गई। उन्हें बताया गया कि सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला पेंशन सहित अन्य योजनाओं से 97 हजार 227 लाभुकों को नवंबर 2025 तक का पेंशन उपलब्ध करा दिया गया है। इसके अलावा बताया गया कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 126718 लाभुकों को अक्टूबर 2025 तक का सम्मान राशि उपलब्ध करा दिया गया है। इस पर डीसी ने ससमय लाभुकों को सम्मान राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शाखा सहित अन्य उपस्थित थे।

## सड़क पर गिट्टी लोड हाइवा में लगी भीषण

उज्जवल दुनिया संवाददाता



पूर्वी सिंहभूम। पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित पोटका थाना क्षेत्र के सावनाडीह मुख्य सड़क पर सोमवार देर रात एक गिट्टी लोडेड हाइवा में अचानक आग लग गई, जिससे देखते ही देखते पूरा वाहन आग की चपेट में आ गया। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में हाइवा पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना के समय वाहन चालक किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। स्थानीय लोगों ने आग की लपटें उठती देख तुरंत पोटका थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही पोटका थाना प्रभारी मनोज मुर्मू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के लिए दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल की टीम ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह नष्ट हो चुका था। प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि हाइवा के इंजन या किसी तकनीकी खराबी के कारण आग लगी होगी। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। हाइवा में लदी गिट्टी सड़क पर फैल गई, जिसके कारण कुछ समय तक यातायात भी बाधित रहा। थाना प्रभारी मनोज मुर्मू ने बताया कि वाहन चालक से पूछताछ की जा रही है और आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, यह राहत की बात है।

## एक नजर

### टुंडी के चरकखुर्द नामक गांव में किसी भी तरह के वाहन का सड़क के अभाव में आवागमन सम्भव नहीं



टुंडी : मंगलवार को टुंडी प्रखण्ड के पश्चिमी क्षेत्र मनियाडीह थाना के जाताखुंटी पंचायत अंतर्गत चरकखुर्द गांव हैं,जहां किसी भी तरह के वाहन का आवागमन सम्भव नहीं हैं,मुख्य कारण हैं कच्चे रास्ते हैं जहां तहां गड्ढे बनें हुए हैं इसके अलावा उबड़-खाबड़ जैसे जगह-जगह पर छोटे-बड़े पत्थर निकले हुए हैं,और साथ ही 60% आवासों के नाली का दूषित एवं दुर्गन्धित पानी मुख्य मार्ग में बहने के कारण लोगों के आवागमन हेतु अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिस कारण किसी भी तरह के वाहन चालक चरकखुर्द गांव आने से सीधे तौर पर अस्वीकार कर देते हैं । चरकखुर्द गांव के सड़क की लम्बाई मात्र 03 किलोमीटर हैं, जो संथालडीह/ बिसनाटांड़ चरकखुर्द होते हुए चरककला तक जाते हुए मुख्यालय को जोड़ती हैं,इस गांव में प्रवेश करते ही समस्त वाहन डगमगाने लगते हैं,लम्बाई तों मात्र 03 किलोमीटर हैं परन्तु जब से भारत देश स्वतंत्र हुआ हैं देखते-ही-देखते चौड़ाई दिन-प्रतिदिन कम होते जा रहें हैं गांव के लोग रास्ते को अतिक्रमण करते जा रहे, फलस्वरूप बस-ट्रक तो बहुत दूर की विषय हैं चार पहिया वाहन भी बस किसी तरह आवागमन कर सकते हैं, एक कारण यह भी हैं जो कोई चालक आना भी नहीं चाहते, केवल और केवल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुबराजपुर टुण्डी से गर्भवती महिलाओं हेतु ममता वाहन चार-पहिया वाहन चालक टुंडी निवासी सुरेन्द्र प्रसाद सिंह लेकर 247 आवागमन करते हैं । जब से भारत देश स्वतंत्र हुआ तब से लेकर आज तक जब भी लोकसभा - विधानसभा का चुनाव हुआ तब-तब प्रत्याशी के रूप में सबों का आना-जाना हुआ और विश्वास दिलाया की जीतने के उपरान्त मेरी प्रथम प्राथमिकता में से एक होगी यह 03 किलोमीटर की सड़क परन्तु जैसे ही सांसद और विधायक बने , मानों गधे के सिर से सिंह गायब जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। परन्तु वर्तमान स्थानीय लोकप्रिय विधायक सह मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो से जब भी भेंट / साक्षात्कार होती हैं या दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क होती हैं, माननीय विधायक महोदय कहते हैं लगभग-लगभग सब कुछ हो गया हैं, केवल निविदा भरने भरने की विलम्ब हो रही हैं ।। सबों की दृष्टि माननीय विधायक श्री महतो पर आकर टिकी हुई हैं । अगर यह 03 किलोमीटर की सड़क बनती से तों केवल चरकखुर्द गांव के ग्रामीण ही नहीं बल्कि इससे जुड़े सभी इन्हें केवल आभार व्यक्त ही नहीं करेंगे बल्कि नयनों के तारा बनाकर रखेंगे ।

### फाइनल मुकाबले में उत्तर रेलवे ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-1 हराकर चैम्पियनशिप जीत ली



गोरखपुरः पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के तत्त्वावधान में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में 26 नवम्बर से 02 दिसम्बर, 2025 तक खेली गई 69वीं अखिल भारतीय रेलवे (पुरूष) वॉलीबाल चैम्पियनशिप-2025 के अंतिम दिन 02 दिसम्बर, 2025 को खेले गये फाइनल मुकाबले में उत्तर रेलवे ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-1 हराकर चैम्पियनशिप जीत ली। दक्षिण पश्चिम रेलवे को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री उदय बोरवणकर ने विजेता एवं उपजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री विनोद कुमार शुक्ल, अध्यक्ष नरसा श्री अभय कुमार गुप्ता, प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ रेल अधिकारी, भारी संख्या में खिलाड़ी एवं पूर्वांचल के वॉलीबॉल प्रेमी उपस्थित थे। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए महाप्रबंधक श्री उदय बोरवणकर ने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों ने अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। उन्होंने विजेता एवं उपजेता टीमों के खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता को पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ ने कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराया। इसके लिए उन्होंने अध्यक्ष नरसा श्री अभय कुमार गुप्ता, महासचिव/नरसा श्री पंकज कुमार सिंह एवं टीम नरसा को बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की मुक्तकंठ से सराहना की। मुख्य अतिथि एवं महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे श्री उदय बोरवणकर सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ रेल अधिकारियों, सभी क्षेत्रीय रेलों, उत्पादन इकाइयों, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली से आये खिलाड़ियों, कोच, रेफरी एवं ऑफिशियल्स का स्वागत करते हुए महासचिव नरसा श्री पंकज कुमार सिह ने कहा कि इस चैम्पियनशिप में कुल 18 टीमों से 350 से अधिक खिलाड़ियों, कोच, रेफरी एवं ऑफिशियल्स ने भाग लिया और अच्छे खेल का प्रदर्शन कर पूर्वांचलवासियों का भरपूर मनोरंजन किया तथा यहाँ के उदीयमान वॉलीबाल खिलाड़ियों ने वॉलीबाल के गुर सीखे। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे पर स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का निरंतर विकास एवं विस्तार हो रहा है, जिसके फलस्वरूप पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों के प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है और वे देश एवं भारतीय रेल को गौरवान्वित कर रहे है। फाइनल मैच का पहला से सेट उत्तर रेलवे ने उतार-चढ़ाव से होते हुए 25-23 से अपने पक्ष में किया। दूसरे सेट में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने दमदार वापसी करते हुए यह सेट 25-19 से जीता। मैच 1-1 से बराबर होने पर दोनों टीमों ने तीसरे सेट में काफी जोर आजमाइश की और 1-1 अंक के लिए संघर्ष किया। अंततः उत्तर रेलवे ने यह से 25-21 से जीता। चौथे सेट भी काफी संघर्षपूर्ण रहा लेकिन यह सेट भी उत्तर रेलवे ने 25-21 से जीतकर 69वीं अखिल भारतीय रेलवे (पुरूष) वॉलीबाल चैम्पियनशिप जीत ली। तीसरे स्थान के लिए खेले गये मैच में दक्षिण पश्चिम रेलवे ने पूर्व रेलवे को 27-25, 25-19 एवं 25-13 से हराया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर एक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### 'स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ' घोषित कर नगद पुरस्कार किया सम्मानित

गोरखपुरः महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे श्री उदय बोरवणकर ने महाप्रबन्धक सभाकक्ष में 02 दिसम्बर, 2025 को संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य सम्पादन के लिए 04 कर्मचारियों को 'स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ' घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।पुरस्कार प्राप्तकताओं में लखनऊ मंडल के लोको पायलट/मेल एवं सहायक लोको पायलट/मेल पद पर कार्यरत श्री युधिष्ठर मीना एवं श्री मिथिलेश कुमार दास को 29 सितम्बर, 2025 को गाड़ी संख्या-15113 पर कार्य के दौरान चौकाघाट-घाघराघाट खण्ड में किमी सं0 708/08 से 708/02 पर जर्क मिला, जिसकी सूचना आपने ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर घाघरा घाट को दी। आन ड्यूटी स्टेशन मास्टर घाघरा घाट ने तुरन्त इसकी सूचना इंजीनियरिंग विभाग को दी।


स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

### मॉडल कॉलेज राजमहल में प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर हुआ कार्यक्रम आयोजित

# पर्यावरण संरक्षण में प्रत्येक नागरिकों को निभानी होगी अपनी व्यक्तिगत भूमिकाः डॉ. रंजीत सिंह

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**राजमहल :** मुंडली स्थित मॉडल कॉलेज राजमहल में मंगलवार को प्राचार्य डॉ. रंजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया। जहां इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं संकाय सदस्यों ने भाग लिया। उधर अपने प्रेरणादाई संबोधन में प्राचार्य ने प्रदूषण के बढ़ते खतरों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि ह्रस्वस्थ समाज और सुरक्षित भविष्य के लिए प्रदूषण नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। जहां प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण में अपनी व्यक्तिगत भूमिका निभानी चाहिए॥ आगे उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण दिवस हर वर्ष 2 दिसंबर को मनाया जाता है। जहां इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में प्रदूषण के प्रति जागरूकता फैलाना और यह समझाना है कि प्रदूषण किस तरह मानव जीवन, पर्यावरण और पृथ्वी के संतुलन को प्रभावित करता है। वही यह दिन विशेष रूप से 1984 के भोपाल गैस त्रासदी में मारे गए हजारों लोगों की स्मृति को समर्पित है और हमें यह याद दिलाता है कि औद्योगिक लापरवाही और पर्यावरण संरक्षण की अनदेखी कितनी बड़ी आपदा का कारण बन सकती है।

जहां आज प्रदूषण मानवता के सामने खड़ी सबसे गंभीर समस्याओं में से एक है। जिसमें वायु प्रदूषण से सांस की बीमारियाँ, जल प्रदूषण से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ और भूमि प्रदूषण से फसलों की गुणवत्ता प्रभावित होती है। वही ध्वनि प्रदूषण मानसिक तनाव का कारण बनता है और नदियों तालाबों में फैलता रासायनिक कचरा जलजीवों को नष्ट कर देता है।

ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण दिवस हमें चेतावनी देता है कि यदि अभी भी हम सचेत नहीं हुए, तो अपने आने वाली पीढ़ियों को एक असुरक्षित और अस्वस्थ दुनिया में जीवन जीने को मजबूर होंगी। उधर प्रदूषण नियंत्रण दिवस का मुख्य संदेश है कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जहां सरकार कड़े पर्यावरणीय कानून बनाकर, उद्योगों पर निगरानी बढ़ाकर प्रदूषण रोकने का प्रयास करती है, लेकिन वास्तविक सफलता तभी मिल सकती है जब आम नागरिक भी अपनी भूमिका समझें। वही निजी स्तर पर हम कई छोटे छोटे कदम उठा सकते हैं जैसे प्लास्टिक का कम उपयोग, पौधरोपण, पानी और बिजली की बचत, वाहन का कम प्रयोग, कचरा का अलग अलग करके निपटान तथा पर्यावरण हितैषी उत्पादों का उपयोग शामिल है। वही इस दिन विद्यालयों, कार्यालयों और सामाजिक संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम, रैलियाँ, पोस्टर प्रदर्शनी, वाद विवाद प्रतियोगिताएँ और पौधारोपण गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। जहां इनका उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि प्रकृति का संरक्षण केवल पर्यावरण विशेषज्ञों का काम नहीं, बल्कि हर व्यक्ति का कर्तव्य है। वही प्रदूषण नियंत्रण दिवस हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि विकास तभी सार्थक है जब वह प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर किया जाए। वही स्वच्छ हवा, स्वच्छ पानी और सुरक्षित पर्यावरण मानव जीवन का आधार है इसलिए, हमें मिलकर संकल्प लेना चाहिए कि हम प्रदूषण को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और पृथ्वी को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और जीवंत बनाए रखेंगे। आगे उन्होंने विद्यार्थियों को प्लास्टिक मुक्त परिसर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान तथा जल संरक्षण जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। उधर कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने जागरूकता शपथ दिलाई और परिसर में स्वच्छता अभियान संचालित किया।

## सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों में त्वरित कार्यवाही को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुई आयोजित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंजः** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में मंगलवार को मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में आईआरएडी व ईडीएआर प्रणाली से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों में त्वरित, सटीक एवं प्रभावी डाटा प्रबंधन, साथ ही साथ पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाना था। जहां प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत निम्न प्रमुख विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया जिसमें ईडीएआर पोर्टल के माध्यम से सड़क दुर्घटना से प्रभावित व्यक्तियों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया, सभी थानों के द्वारा आईआरएडी व ईडीएआर पोर्टल पर दुर्घटना डेटा की समय पर एवं सटीक प्रविष्टि सुनिश्चित करना, एल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की मानक प्रक्रिया, हिट एंड रन मामलों के प्रभावी प्रबंधन से संबंधित दिशा निर्देश, गुड समर्थित (नेक नागरिक) से संबंधित प्रावधान एवं उनके संरक्षण के नियमों का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मौके पर मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, आईआरएडी व ईडीएआर मैनेजर मनोज कुमार, एनआईसी साहिबगंज टीम तथा जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं पदाधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति रही। जहां बैठक के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, त्वरित केस प्रोसेसिंग, तथा सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबूत एवं परिणामोन्मुख बनाया जाए। वही जिला पुलिस प्रशासन द्वारा यह पहल सड़क सुरक्षा के प्रति एक महत्वपूर्ण कदम है।

## किशोरी को बाईक सवार ने टक्कर मारकर किया घायल

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंजः** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा मदनशाही निवासी कौसर अंसारी की नाबालिग पुत्री को मंगलवार को पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां इस घटना के बाद परिजनों व स्थानीय लोगों की मदद से घायल किशोरी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. कुमार अंकित के देखरेख में इलाज किया गया। उधर घायल किशोरी के पिता कौशर अंसारी ने बताया कि वे अपने बाइक से नाबालिग पुत्री के इलाज के लिए सदर अस्पताल आ रहे थे कि तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उसकी पुत्री गिर गई और घायल हो गई। वही स्थानीय लोगों ने बाइक सवार को पकड़ कर जिरवाबाड़ी थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। उधर नाबालिग किशोरी का सदर अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

## जनता दरबार लगाकर विधायक प्रतिनिधि ने किया समस्याओं का समाधान

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**बरहरवाः** प्रखंड क्षेत्र स्थित पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि कार्यालय कक्ष में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनता दरबार कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए राहत का बड़ा केंद्र बनती जा रही है। जहां पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस जिलाध्यक्ष बरकत खान द्वारा बरहरवा नगर पंचायत एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों से पहुंचने वाले आमजन की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना जाता है और अधिकांश मामलों का समाधान मौके पर ही किया जाता है। उधर मंगलवार को भी सैकड़ों ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं जिनमें मईया सम्मान योजना, जाति आय, निवास प्रमाणपत्र, वृद्धा पेंशन, पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं से जुड़े शिकायतों को लेकर विधायक कक्ष पहुंचे हुए थे। जहां बरकत खान ने सभी फरियादियों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और कई मामलों में तुरंत संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। वही जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उनमें जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

## मेंहदीपोखर के दर्जनों ग्रामीण ने जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करने के मामले में उपायुक्त को दिया आवेदन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंजः** तालझारी थाना क्षेत्र के मेंहदी पोखर गांव के दर्जनों ग्रामीण मंगलवार को ग्राम प्रधान अर्जुन टुडू की मौजूदगी में शामू किस्कू की जमीन को दबंगों के द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जा करने के मामले में समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त हेमंत सती से मिलकर लिखित आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। जहां उपायुक्त को दिए गए आवेदन पत्र में जिक्र किया गया है कि स्थानीय ग्रामीण शामू किस्कू की जमीन को वही के रहने वाले संतलाल ठाकुर नामक व्यक्ति अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर जबरन कब्जा कर रहे हैं और उसे अन्य लोगों को बेच रहे हैं। जहां इस मामले को लेकर पहले भी पीड़ित शामू किस्कू के द्वारा उपायुक्त कार्यालय में लिखित आवेदन दिया जा चुका है मगर अब तक सिर्फ तारीख पर तारीख मिलने के कारण कोई ठोस कार्यवाही दोषी लोगों के ऊपर नहीं हो पा रही है। आगे ग्राम प्रधान ने बताया कि स्थानीय ग्रामीण शामू किस्कू काफी गरीब परिवार से आते हैं जहां उनके पास इतने पैसे भी नहीं है कि वो बार बार समाहरणालय आ सकें और अपनी जमीन को बचाने के लिए पहल कर सकें। जहां इसी मामले को लेकर दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के मामले में स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त हेमंत सती को लिखित आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## तालबन्ना मोहल्ले में बुजुर्ग की संदेहास्पद स्थिति में शव मिलने से मचा हड़कंप

उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः नगर थाना क्षेत्र के सबसे व्यस्तम इलाका तालबन्ना मोहल्ले में मंगलवार की अहले सुबह फल व्यापारी विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता उम्र 75 वर्ष पिता स्व. विदेश्वरी प्रसाद साह का शव उसके ही घर के तीसरे मंजिल के कमरे में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जहां मृतक के शव को उसके ही भतीजे राजेश कुमार गुप्ता ने सुबह उस समय देखा जब वो उसे देखने के लिए घर पर आए हुए थे। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक बुजुर्ग व्यक्ति के भतीजे ने अपने अन्य रिश्तेदारों को जानकारी दी जिसके बाद नगर थाना क्षेत्र की पुलिस को जानकारी दी गई। जहां बुजुर्ग व्यक्ति का शव उसके ही घर में मिलने की जानकारी मिलते ही नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता अपने पूरे दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गए। उधर घटना की जानकारी मिलने के फौरन बाद जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय व गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार भी मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की गहराई से छानबीन करते हुए नजर आए। वही मामले की जानकारी मिलने के बाद मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा भी मौके पर पहुंचकर संबंधित थाना प्रभारियों को कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही मामले को लेकर मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि मृतक बुजुर्ग व्यक्ति विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता अपने घर में अकेले रहा करते थे जहां उनका बेटा बंगलोर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और वो वही रहता है। वही उनकी चार बेटियां भी है जिनकी शादी हो चुकी है और सभी लोग अपने अपने ससुराल में रहते हैं एक छोटी बेटी वही साहिबगंज में रहती है जिसके पति बिजली विभाग में जेई के पद पर कार्यरत हैं और वे लोग आजाद नगर में ही रहते हैं। उधर मृतक बुजुर्ग व्यक्ति के शव को देखने से प्रतीत होता है कि लूटपाट की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से अज्ञात अपराधियों ने पहले उसे सेलोटेप से उनके हाथ और मुंह बांध दिए और फिर उनके गले से सोने का चैन व हाथ की अंगुली में पहने हुए सोने की अंगूठी लेकर मौके पर से फरार हो गए हैं। वही उनके कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ पाया गया है। जहां घटना की जानकारी उनके परिजनों को दे दी गई है। उधर परिजनों की मांग पर दुमका से खोजी कुत्ता को जांच के लिए बुलाया गया है जहां दोपहर बाद दुमका से आए हुए खोजी कुत्ता की मदद से पूरे मामले की गहराई से छानबीन की गई है। उधर बुजुर्ग व्यक्ति के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। आगे उन्होंने बताया कि इस मामले में शामिल आरोपियों को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर गहराई से छानबीन कर रही है। उधर इस घटना के बाद से मृतक बुजुर्ग व्यक्ति के परिजनों का बुरा हाल था। उधर मोहल्ले के लोग भी भयभीत है कि आखिरकार ऐसा कौन शख्स है जो घर के तीसरे मंजिल पर रह रहे बुजुर्ग व्यक्ति को मारकर आसानी से फरार हो गया है। जहां स्थानीय लोग ऐसे लोगों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग पुलिस प्रशासन से कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राजू कुमार गोरखपुर रवाना



**साहिबगंजः** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 30 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती एसजीएफआई प्रतियोगिता, अंडर 19 आयु वर्ग में भाग लेने के लिए, जिले के चांद भैरव इनडोर स्टेडियम के द्वारा संचालित खेलो इंडिया कुश्ती केंद्र के प्रशिक्षु राजू कुमार 60 किलो वर्ग ग्रीको रोमन स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए रांची में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर के उपरांत गोरखपुर रवाना हो चुके हैं। जहां कुश्ती खिलाड़ी राजू कुमार को उपायुक्त हेमंत सती, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, आईटीडीए निदेशक संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, जिला खेल पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला खेल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला कुश्ती संघ की सचिव नमिता कुमारी, खेलो इंडिया कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक प्रकाश सिंह बादल, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी समेत जिले के खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं एवं जीत की अग्रिम बधाई दी है।

### राजमहल पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को भेजा जेल



साहिबगंजः राजमहल थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक गोविंद मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद उसका मेडिकल जांच करवाने के लिए मंगलवार को सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन आरोपी युवक का मेडिकल जांच किया जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही मामले को लेकर थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने बताया कि नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार करने के बाद सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया गया है।

### अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में संत जेवियर स्कूल ने 121 रन से की जीत हासिल



**साहिबगंजः** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिद्धो कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर 16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत मंगलवार को संत जेवियर स्कूल ए बनाम रेलवे स्कूल के बीच मैच खेला गया। जहां संत जेवियर स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 275 रन बनाए। जिसमें शांतनु कुमार ने 71, अभिषेक कुमार ने नाबाद 72 व यश कुमार ने नाबाद 22 रन की पारी खेली। वही रेलवे स्कूल के गेंदबाज शाहजेब अहमद ने 4 व शिवम गुप्ता ने 2 विकेट लिए। उधर जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी रेलवे स्कूल की टीम ने 17 ओवर में 154 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जहां उमंग आनंद ने 36, अमन अंसारी ने 19, अनस अंसारी ने 14 रन की पारी खेली। उधर संत जेवियर के गेंदबाज आदित्य यादव ने 3 व सूरज राज ने 2 विकेट लिए। जहां संत जेवियर स्कूल की टीम ने 121 रन से इस मैच को आसान तरीके से जीत हासिल की। उधर संत जेवियर स्कूल के खिलाड़ी अभिषेक कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया जहां मुख्य अतिथि चंदन श्रीवास्तव ने अभिषेक को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। इस मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व हयातुल्लाह एवं स्कोरिंग मो. अनाउल्लाह अंसारी ने किया। वही टूर्नामेंट इंचार्ज अशफाक आलम ने बताया कि 3 दिसंबर को माही स्पोर्ट्स ब्लू बनाम बरहरवा जूनियर ए के बीच मैच खेला जाएगा।

### सिद्धो कान्हु सभागार में आज लगेगा दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**साहिबगंजः** जिला नियोजनालय की ओर से सिद्धो कान्हु सभागार में बुधवार को दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जहां रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं व युवतियों के लिए यह मेला एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। उधर इस रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों और संस्थानों द्वारा रिक्तियों के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। जहां जिला नियोजनालय पदाधिकारी ने बताया कि मेले में शामिल होने के इच्छुक सभी युवाओं के लिए ऑनलाइन निबंधन अनिवार्य है। उधर जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं व युवतियों से इस रोजगार मेले में भाग लेने की अपील की है ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसरों का लाभ उठाया जा सकें।

### राजमहल पुलिस ने नाबालिग किशोरी का सदर अस्पताल में कराया मेडिकल जांच

**साहिबगंजः** राजमहल थाना क्षेत्र की पुलिस ने थाना क्षेत्र की रहने वाली एक दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग किशोरी का मंगलवार को सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के लिए लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में कागजी प्रकिया पूरी करने के बाद ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सक ने फौरन नाबालिग किशोरी का मेडिकल जांच किया जिसके बाद पुलिस उसे आगे की कार्यवाही करने के लिए, अपने साथ वापस लेकर चली गई। उधर मामले को लेकर राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने बताया कि सोमवार की देर रात को नाबालिग किशोरी के परिजनों ने दुष्कर्म किए जाने के मामले में केस दर्ज कराया था जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वही नाबालिग किशोरी का सदर अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद कोर्ट में बयान दर्ज कराने की प्रकिया में पुलिस जुटी हुई है।

# राजेन्द्र बाबू और आज की राजनीतिक चकाचौंध



नीरज कृष्ण

निजब डॉ. राजेन्द्र प्रसाद देश के प्रथम राष्ट्रपति बने, तब उनके एक पुराने ग्रामीण मित्र उनसे मिलने राष्ट्रपति निवास पहुंचे। राजेन्द्र बाबू ने स्वयं उनका स्वागत किया और वातार्लाप के दौरान उनसे पूछा–क्या आप मुझसे, अपने मित्र राजेन्द्र प्रसाद से मिलने आए हैं, या भारत के राष्ट्रपति से? मित्र ने सहजता से उत्तर दिया कि वह अपने मित्र से मिलने आया है। उसी सहजता का भाव अगले दिन उनके भोजन में भी देखने को मिला, जब राष्ट्रपति भवन में, जमीन पर बिछी आसनी पर बैठकर राजेन्द्र बाबू ने अपने मित्र के साथ भोजन ग्रहण किया।

दूसरे दिन मित्र ने हँसते हुए पूछा, देश के राष्ट्रपति होते हुए भी आप इसी तरह साधारण ढंग से क्यों भोजन करते हैं? राजेन्द्र बाबू ने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया–मैंने यही जानना चाहा था कि आप किस राजेन्द्र प्रसाद से मिलने आए हैं। इतनी सहजता, इतनी सादगी–यही थी उनकी महानता और उनका व्यक्तित्व।

यह छोटी सी घटना उनके व्यक्तित्व कीसादगी, विनम्रता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखनेकी भावनाओं को उजागर करती है। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में कुछ ऐसे व्यक्तित्व आते हैं जो केवल पद या शक्ति से नहीं, बल्कि अपनी चरित्र-शक्ति और जीवन-दृष्टि से समय की कसौटी पर खड़े रहते हैं। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद उन्हीं में से एक हैं। स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति का पद जितना भव्य और प्रतिष्ठित था, उतनी ही गहन और अविचलित उनकी सादगी थी।

कहा जाता है कि जब वे राष्ट्रपति बने, तो उनके गाँव ज़िरादेई में रहने वाले निवासी ने उनसे पूछा–अब क्या बहुत बड़े घर में रहोगे?राजेन्द्र बाबू का उत्तर आज की राजनीति के लिए दर्पण है–घर बड़ा होगा, पर मैं छोटा ही रहूँगा। यहाँ छोटा होने का अर्थ क्षुद्रता नहीं, बल्कि अहंकार-शून्यता है–वह दुर्लभ गुण जो सत्ता को मनुष्यता से जोड़े रखता है।

राष्ट्रपति भवन उस दौर में भी भव्य था, उसकी परंपराएँ अंग्रेजी ताम-झाम से भरी हुई थीं।लेकिन राजेन्द्र बाबू ने कभी उस भव्यता को अपने जीवन पर हावी नहीं होने दिया। इतिहास में यह उल्लेख मिलता है कि एक बार उन्हें राष्ट्रपति भवन में परोसे जाने वाले भोजन की फिजूलखर्ची दिखी, तो उन्होंने व्यवस्था बदलवाई। उनका कहना था– देश की जनता का पैसा है, इसे राजसी भोजन पर नहीं उड़ना चाहिए।

आज यदि किसी नेता से यह अपेक्षा की जाए, तो शायद यह अनुचित या असंभव कहा जाएगा। राजेन्द्र बाबू इसलिए विशेष नहीं थे कि वे राष्ट्राध्यक्ष थे; वे इसलिए विशेष थे कि राष्ट्राध्यक्ष होकर भी स्वयं को सेवक मानते थे।

आज की राजनीति में, जहाँ सत्ता का व्यवहार विज्ञापनों, वैभव और प्रदर्शन पर आधारित हो गया है, वहाँ राजेन्द्र प्रसाद का व्यक्तित्व एकनैतिक आईनाबनकर सामने खड़ा होता है–हमारी राजनीति, हमारे लोकतंत्र, और हमारी सामूहिक चेतना के बदलते स्वरूप को प्रश्नों से भरता हुआ।

राजेन्द्र बाबू की सादगी को अक्सर उनके विनम्र स्वभाव या व्यक्तिगत आदत के रूप में देखा जाता है, लेकिन यह आधा सच है।उनकी सादगीव्यक्तिगत आदतनहीं, बल्किराजनीतिक नैतिकताका वह सिद्धांत थी जिसे उन्होंने जीवन भर निभाया।

सत्ता अब सेवा कम, दिखावा अधिक हो गई है।ऐसे समय में राजेन्द्र प्रसाद का तप, उनका आत्मसंयम और उनके व्यक्तित्व का संयम एक तीखा प्रश्न बनकर उठता है कि क्या यह वही लोकतंत्र है जिसकी नींव उन्होंने रखी थी? या हमने लोकतंत्र को एक भव्य प्रदर्शन में बदल दिया है? आज सत्ता के समीकरण कुछ और ही कहानी कहते हैं। सत्ता का मूल्य अब पद से नहीं, काफिले की लंबाई से आँका जाता है। नेता की प्रतिष्ठा उसके कार्य से नहीं, सुरक्षा-घेरों और प्रोटोकॉल से मापी जाती है। राजनीतिक लोकप्रियता विचार से नहीं, मीडिया-प्रबंधन और सोशल मीडिया ट्रेंड से तय होती है।

हमारे समय की राजनीति में सादगी धीरे-धीरे एक कमजोरी की तरह देखी जाने लगी है। अब वह नेता सशक्त माना जाता है जिसके पास अधिक संसाधन हों, अधिक कैमरे हों, अधिक पोस्टर और अधिक शोर हो। शक्ति का मापदंड चरित्र नहीं, बल्कि दृश्य-प्रभाव बन गया है। पर इतिहास का हर महत्वपूर्ण मोड़ यह बताता है कि लोकतंत्र को स्थिर और मजबूत करने वाले नेता वे नहीं होते जो ढफएजेंसियों के बूते लोकप्रियता अर्जित करते हैं, या मेगा-इवेंट्स और मंचीय प्रदर्शन के जरिए प्रभाव गढ़ते हैं; असली लोकतांत्रिक शक्ति उन व्यक्तित्वों में रहती है जिनमें त्याग, तप, संयम और कर्तव्य-निष्ठा का शील होता है।

यही कारण है कि यदि राजेन्द्र बाबू आज हमारे बीच होते, तो संभव है कि मुख्यधारा मीडिया उन्हें बहुत सरल, कम आधुनिक, या गैर-व्यावहारिक जैसे



विशेषणों से नापने की कोशिश करता–जैसे सादगी अब आधुनिकता का विरोधी हो गई हो। लेकिन यदि ऐसा होता, तो यह उनकी नहीं, हमारी विफलता का प्रमाण होता। विफलता इस बात की कि हमने राजनीति के मूल मूल्य खो दिए, और सफलता की चमक में चरित्र की रोशनी देखना भूल गए।

राजेन्द्र बाबू की सादगी कोई निजी गुण नहीं थी; वह एक राजनीतिक तर्क थी–यह तर्क कि सत्ता का पहला धर्म संयम है, और संयम के बिना सत्ता, सत्ता नहीं, मात्र प्रदर्शन बन जाती है। आज की राजनीति में जो चकाचौंध दिखाई देती है, वह केवल शैलियों या प्रथाओं का परिवर्तन नहीं है; वह सोच का परिवर्तन है, जिसमें सत्ता का अर्थ ही उलट गया है। पहले सत्ता जिम्मेदारी थी और सादगी चरित्र का मापदंड। आज सत्ता प्रतिष्ठा बन गई है और चकाचौंध शक्ति का प्रतीक। यह बदलाव केवल दो व्यक्तित्वों की तुलना नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति के क्षरण का दस्तावेज है–एक ऐसे संक्रमण का, जिसने सत्ता को सेवाभाव से हटाकर प्रदर्शन-प्रधान बना दिया।

समस्या यह है कि परिवर्तन केवल नेताओं में नहीं आया; जनता भी बदल गई। अब नेता की उपयोगिता उसकी नीतियों, निर्णयों और दूरदर्शिता से नहीं मापी जाती, बल्कि उसके आयोजनों की भव्यता, उसके मंचीय प्रभाव, उसके [illegible] आभामंडल से मापी जाती है। राजनीतिक विमर्श विचारों के बजाय दृश्य-प्रभाव पर टिक गया है। यह परिवर्तन लोकतंत्र के लिए खतरनाक है–क्योंकि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता के विवेक में निहित होती है, और जब जनता ही चकाचौंध के मोह में खोने लगती है, तब सादगी जैसे मूल लोकतांत्रिक मूल्य धीरे-धीरे विलुप्त हो जाते हैं। राजेन्द्र बाबू को समझने का सबसे सुंदर, सबसे सटीक सार यह है–वे सत्ता में रहकर भी सत्ता-विहीन थे। उनका कोई निर्णय कभी व्यक्तिगत आग्रह या प्रभाव का परिणाम नहीं होता था; हर कदम कर्तव्य और राष्ट्रहित के तराजू पर तौला जाता था। उनकी निष्ठा पद से नहीं, राष्ट्र से थी। और उनकी ईमानदारी केवल नैतिकता नहीं थी, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम की उस कठोर तपस्या का प्रसाद थी जिसे आज की राजनीति छू भी नहीं सकती।

इसीलिए आज जब सत्ता की चमक कई असुविधाजनक सवालों को ढक देती है, तब राजेन्द्र बाबू की विरासत [illegible] की तरह सामने आती है। क्या लोकतंत्र में नेता का जीवन इतना भव्य होना चाहिए कि वह जनता की पीड़ा से दूर हो जाए? क्या करदाताओं के धन से संचालित सत्ता इस प्रकार का दैदिप्यमान वैभव उचित ठहरा सकती है? क्या नेता का धर्म अपने जीवन को सरल रखना नहीं, ताकि वह जनता के दुख-दर्द को सच्चाई से महसूस कर सके? क्या सादगी को केवल पुराने जमाने का मूल्य कहकर त्याग दिया जाना चाहिए? इन सभी सवालों के जवाब राजेन्द्र प्रसाद के व्यक्तित्व में दर्ज हैं–और विडंबना यह है कि उनके जवाब आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

सभी महान सभ्यताएँ तब टूटती हैं जब सत्ता भोग-विलास का दासत्व स्वीकार कर लेती है। इतिहास गवाही देता है–रोमन साम्राज्य का विलय, उस्मानी सल्तनत का क्षय, फ्रांसीसी राजशाही का पतन–इन सबके पीछे एक ही सूत्र था: जब शासन भव्यता में डूब जाता है, तो उसका विवेक सूख जाता है। वही खतरा हमारे लोकतंत्र के सामने भी खड़ा है। यदि भारतीय राजनीति सादगी से दूर होती गई, यदि सत्ता केवल चमक, वैभव और प्रदर्शन में अपनी पहचान खोजने लगी, तो लोकतंत्र भी उसी ढलान की ओर बढ़ेगा जिसने प्राचीन साम्राज्यों को समाप्त कर दिया। राजेन्द्र बाबू का जीवन इस ढलान से बचने की वह मौन चेतावनी है, जो कहती है कि सत्ता की रोशनी जितनी तेज होती है, उसे उतना ही अधिक संयम, उतनी ही विनम्रता और उतनी ही आत्म-जागरूकता की आवश्यकता होती है–वरना प्रकाश धीरे-धीरे अंधकार में बदल जाता है।

राजेन्द्र बाबू की सादगी और आज की सत्ता की चकाचौंध यह केवल दो व्यक्तियों या दो दौरों की तुलना नहीं।यह भारतीय राजनीति का आत्म-संवाद है। एक ऐसा संवाद जो पूछता है– क्या हम अपने मूल्यों से दूर चले गए हैं?

राजेन्द्र बाबू की सादगी बताती है कि सादगी कमजोरी नहीं, नैतिक शक्ति है। सत्ता का मूल अर्थ सेवा है, प्रदर्शन नहीं। नेतृत्व का मूल्य त्याग से होता है, तमाशे से नहीं। लोकतंत्र का आधार सादगी है, चकाचौंध नहीं।आज जब सत्ता की चमक पहले से अधिक तेज हो गई है, तब राजेन्द्र बाबू की सादगी एक प्रकाशस्तंभ की तरह खड़ी है–यह याद दिलाती हुई कि नेता वही है जो सादगी में भी महान दिखे, और महानता में भी विनम्र रहे।

अंततः सवाल सिर्फ. इतना नहीं है कि राजेन्द्र बाबू जैसे लोग अब क्यों नहीं मिलते; सवाल यह है कि हम खुद उन्हें ढूँढना चाहते भी हैं या नहीं। सादगी किसी नेता की शोभा नहीं बढ़ाती–वह जनता के लिए उसकी जवाबदेही तय करती है। राजेन्द्र प्रसाद जैसे लोग मिट्टी से उठकर सत्ता तक पहुँचे, लेकिन उस सत्ता को कभी अपने भीतर नहीं चढ़ने दिया। आज राजनीति संगमरमर की इमारतों, काँच की गाड़ियों और कैमरों की चमक में बदल चुकी है–जहाँ सादगी एक पुरानी आदत लगती है और त्याग एक अप्रासंगिक शब्द।

पर इतिहास की गलियाँ गवाही देती हैं कि संगमरमर की दीवारें भले ऊँची हों, टिकती तो अंत में मिट्टी ही है। राजेन्द्र बाबू की विरासत इसी मिट्टी से बनी थी–नमी भी उसकी, सख़्ती भी उसकी। उन्होंने कभी ऐसा पद नहीं चाहा जो जनता से दूर कर दे; उन्होंने ऐसे रास्ते चुने जहाँ पैरों में धूल लगती हो, ताकि मन सत्ता से सुरक्षित रहे।

आज के चमचमाते राजपथ को शायद पहली बार यह समझना पड़ेगा कि शासन जितना संगमरमर में तेज दिखता है, उतना ही चरित्र में धुँधला भी पड़ सकता है। सत्ता की असली चमक राजभवनों की दीवारों पर नहीं, उस विश्वास में होती है जो जनता अपने नेताओं के प्रति महसूस करती है। और यह विश्वास किसी स्मारक, किसी महंगे भवन, किसी भव्य शोभा-यात्रा से उत्पन्न नहीं होता–यह तो उस ईमानदार, नम्र मिट्टी से जन्म लेता है, जहाँ नेता का पहला कदम ईमानदारी पर टिकता है। राजेन्द्र बाबू ने इसी मिट्टी का पाठ पढ़ाया था: कि सत्ता वैभव का नहीं, उत्तरदायित्व का नाम है; कि राजपथ जितना भव्य हो जाए, राजनीति उतनी ही धरती से जुड़ी रहनी चाहिए।

शायद इसलिए आज भी, जब देश किसी नैतिक मापदंड की तलाश करता है, वह किसी महल की ओर नहीं देखता; उसकी निगाह स्वाभाविक रूप से चंपारण की उस सादी, अनगढ़ मिट्टी पर लौट जाती है, जहाँ से एक ऐसा व्यक्ति उठा था जिसने हमें बताया कि राष्ट्र निर्माण संगमरमर के स्मारकों से नहीं, बल्कि विनम्रता की उस मिट्टी से होता है जिसे स्पर्श करते ही मानव मन ईमानदार हो जाता है।

और इसी क्षण हमारे सामने यह समय का सबसे निर्णायक प्रश्न खड़ा होता है–क्या हम चाहेंगे कि राजनीति फिर से उसी मिट्टी की ओर लौटे? क्या हम संगमरमर की चौंधियाती दुनिया से बाहर निकलकर उस जमीन को छूने का साहस जुटाएँगे, जहाँ से राजनीति का चरित्र, उसकी आत्मा और उसका नैतिक बल जन्म लेते हैं?

**लेखक के निजी विचार है।**

## संपादकीय

# एसआईआर के सवाल

निस्संदेह, किसी लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी व निष्पक्ष होनी चाहिए। साथ ही मतदाताओं की विश्वसनीयता भी उतनी जरूरी है ताकि वाजिब वोट ही चुनाव प्रक्रिया में निर्णायक भूमिका निभाए। इसी आलोक में नौ राज्यों व तीन केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल तार्किक समाधान मांगते हैं। इस प्रक्रिया में तुरत-फुरत की कार्यनीति के चलते कई राज्यों में अफरा-तफरी का आलम नजर आता है। जिसका दबाव जमीनी स्तर पर इस प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों पर पड़ रहा है। कई बूथ स्तरीय अधिकारी यानी बीएलओ बेहद तनाव में नजर आ रहे हैं। इनका कार्य मतदाता सूचियों को अपडेट करना है। पश्चिम बंगाल और कई अन्य राज्यों में कम समय में अधिक काम के दबाव के चलते कुछ बीएलओ के मरने व आत्महत्या करने के मामले सामने आए हैं। आरोप है कि उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ही नहीं बल्कि सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों द्वारा भी उन्हें परेशान किए जाने का आरोप है। हालांकि, इस अव्यवस्था के चलते ही चुनाव आयोग ने अब एसआईआर के कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए और बढ़ा दिया है। लेकिन कहना कठिन है कि इस कदम से बीएलओ का तनाव कम करने या विभिन्न हितधारकों की आशंकाओं को दूर करने में कोई खास मदद मिल सकेगी। कहा जा रहा है कि एक माह पहले शुरू हुई राष्ट्रव्यापी एसआईआर प्रक्रिया में कई तरह की बाधाएं आ रही हैं। इस प्रक्रिया में करीब 51 करोड़ मतदाता शामिल हैं, जो तकरीबन भारतीय आबादी का एक-तिहाई से भी ज्यादा। उनकी शिनाख्त से जुड़ी जानकारी को एक निश्चित समय सीमा में प्रमाणित कर पाना आसान नहीं है। कहा जा रहा है कि निर्धारित समय-सीमा व्यावहारिक नहीं है। तीन महीने की अवधि में गणना प्रपत्रों का वितरण, उसके बाद मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन और फिर अंतिम मतदाता सूची जारी करना आसान काम नहीं है। बहुत तेजी से काम को अंजाम देने का जिम्मा अधिकारियों पर अतिरिक्त दबाव बना रहा है। निस्संदेह, स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनावों हेतु मतदाता सूचियों का शुद्धीकरण एक अनिवार्य शर्त है। लेकिन महत्वपूर्ण काम को जल्दबाजी में नहीं किया जाना चाहिए। मतदाता को यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त समय मिले ताकि उनके नाम सूचियों में सही ढंग से दर्ज हो सकें। यही बात बीएलओ के लिए भी लागू होती है, ताकि वे अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहराव वाले मतदाताओं का डेटा संकलित करने के लिए बूथ-स्तरीय एजेंटों के साथ मिलकर सुचारु रूप से काम कर सकें। यदि एसआईआर की प्रक्रिया किसी विवाद में उलझी रहती है तो इस अभियान का उद्देश्य ही विफल हो सकता है। बिहार की एसआईआर प्रक्रिया के घटनाक्रमों से मिले सबक को अन्य राज्यों में इस प्रक्रिया के दौरान याद रखा जाना चाहिए। निस्संदेह, स्तरहीन व संदिग्ध एसआईआर हमारे चुनावी लोकतंत्र की विश्वसनीयता को ठेस पहुंचा सकता है। उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण की यह प्रक्रिया मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, गोवा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों तथा अंडमान-निकोबार, लक्ष्यद्वीप व पुडुचेरी केंद्रशासित प्रदेशों में जारी है। उल्लेखनीय है कि जहां बीएलओ पर कार्यदबाव व समय सीमा को लेकर सवाल उठ रहे हैं, वहीं कई राज्यों में बीएलओ के खिलाफ मामले दर्ज करने के भी आरोप लगे हैं। इन अधिकारियों का आरोप है कि अतिरिक्त कार्य-दबाव का उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। वहीं चुनाव आयोग का आरोप है कि कुछ अधिकारियों की लापरवाही के चलते प्रक्रिया की निष्पक्षता व पारदर्शिता प्रभावित हो रही है।

# आया दौर एक्सपोर्ट क्वालिटी क्राइम का

अलोक पुराणिक

भारत की धरती पर हर दिन कोई न कोई नया एक्सपोर्ट आइडिया जन्म लेता है। पहले मसाले, फिर योग, फिर बॉलीवुड डांस और अब स्मॉग। जी हां, वही स्मॉग जो दिल्ली वालों की सुबह की चाय के साथ मुफ्त में मिलता है। चार दिसंबर को जब रूस के राष्ट्रपति पुतिन दिल्ली आ रहे हैं, तो मेरा सबसे बड़ा डर यही है कि कहीं वो यह न कह दें– यूक्रेन के सैनिकों को बीमार करने के लिए हमें एक्यूआई-टेक्नोलॉजी दे दो, ताकि हम यूक्रेन के इलाकों में एक्यूआई बढ़ा सकें। भारत के पास बहुत कुछ है एक्सपोर्ट करने को।

अब सोचिए, अगर एक्यूआई को डिफेंस एक्सपोर्ट बना दिया गया तो भारत का रक्षा मंत्रालय सुबह-सुबह मौसम विभाग से रिपोर्ट मांगने लगेगा–आज का एक्यूआई कितना है? रूस को भेजना है। और दिल्ली के लोग गर्व से कहेंगे –हमारे फेफड़े तो खराब हो ही रहे हैं, पर कम से कम देश की रक्षा में योगदान तो दे रहे हैं।

दूसरी तरफ महिला प्रीमियर लीग का हाल देखिए। नौजवान दीप्ति शर्मा की वैल्यू 3.2 करोड़ लगी। वाह! लेकिन ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी क्रिकेटर हैली को किसी ने भाव तक न दिया। अब कुछ दिलफुंके नेता तुरंत बोले–महिला प्रीमियर लीग की ईवीएम मशीन खराब है। ये वही नेता हैं जो हर चुनाव के बाद ईवीएम को दोष देते हैं। अब क्रिकेट में भी वही बहाना। मतलब अगर बैटिंग खराब हो तो बोले– ईवीएम मशीन खराब। अगर बॉलिंग में रन लुट गए तो बोले– ईवीएम मशीन खराब। और अगर हैली अनसोल्ड रह गई तो बोले – ईवीएम मशीन खराब।

लगता है भविष्य में क्रिकेट मैच का रिजल्ट भी चुनाव आयोग घोषित करेगा। अंपायर की जगह रिटर्निंग ऑफिसर खड़ा होगा और कहेगा–दीप्ति शर्मा को 3.2 करोड़ वोट मिले हैं, हैली को शून्य। मशीन सही है, जनता का फैसला है।

उधर एक गैंगस्टर ने गर्व से कहा–बहुत प्राउड फील हो रहा है जब अमेरिका और कनाडा की वारदातों में इंडियन गैंगस्टरों के नाम आ रहे हैं। अब क्राइम भी एक्सपोर्ट क्वालिटी है। मतलब अगर कोई कनाडा में गोली चलाए तो वहां की पुलिस बोले–यह मेड इन इंडिया है।

गैंगस्टर अब लिंक्ड इन पर प्रोफाइल बनाएगा–स्पेशलाइजेशन इंटरनेशनल क्राइम एक्सपोर्ट-क्लाइंट अमेरिका, कनाडा। संभावनाएं अपार हैं।

भारत की ताकत यही है कि हम हर चीज को एक्सपोर्ट क्वालिटी बना देते हैं।

**लेखक के निजी विचार है।**

# दिव्यांगता नहीं, विकलांग सोच–समाज की असली बाधा



प्रो. आरके जैन अरिजीत

अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस, तीन दिसंबर– वह दिन है जब दुनिया एक क्षण को ऐसा व्यवहार करती है मानो उसकी अंतरात्मा अचानक जाग उठी हो। मानो सामूहिक नींद से उठकर उसे एक पूरे समुदाय का खयाल अचानक याद आ गया हो। सुबह होते ही सोशल मीडिया नीले-पीले रिबन और चमकदार हैशटैग से पट जाता है। सेलिब्रिटी अपनी सतही संवेदनाएँ उछालते हैं–दिव्यांग नहीं, दिव्य-अंग!–जैसे यह जुमला उनके भीतर किसी गहरी समझ का आलोक जगाता हो। सरकारी दफ्तरों में घिसी-पिटी भाषण-पुस्तिकाएँ खुलती हैं, स्कूलों में औपचारिक प्रतियोगिताएँ होती हैं, और शाम तक संवेदना का रंग उतनी ही जल्दी फीका पड़ जाता है जितनी जल्दी चढ़ा था। अगले दिन फिर वही पुराना अँधेरा, वही घिसी अनदेखी। यह दिन अब अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस कम, अंतर्राष्ट्रीय पाखंड दिवस ज्यादा है–जहाँ एक दिन की मिठी भावुकता पूरे साल की बेरहम उदासीनता को ढकने की नाकाम कोशिश करती है।

समाज जिस समूह को कमजोर मानता है, उस समूह की कहानियाँ असल में किसी भी क्रांति से कम नहीं। जिन्हें डॉक्टरों ने जन्म के साथ ही सीमाओं की सजा सुना दी थी–चल नहीं पाएगा, कर नहीं पाएगा–वे अपनी व्हीलचेयर को संघर्ष नहीं, बल्कि गति, जिजीविषा और आजादी का प्रतीक बना देते हैं। जिनसे स्कूलों ने कहा–रैम्प नहीं है, पढ़ाई मुश्किल होगी–वे सीढ़ियों पर नहीं, सोच की अड़चनों पर चढ़कर दिखाते हैं कि असली सीमा इमारत की है, इंसान की नहीं। जिन पर यह ठप्पा लगाया गया–तुम किसी को खुश नहीं रख सकते–वे प्रेम को इतनी गहराई से जीते हैं कि शरीर की सभी सीमाएँ उसमें विलीन हो जाती हैं।

इस दुनिया की सबसे बड़ी समस्या विकलांगता नहीं, बल्कि वह विकलांग सोच है जो इंसान को उसकी आत्मा के उजाले के बजाय शरीर की सीमाओं से तोलने लगती है। वही सोच, जो करुणा के नाम पर सहानुभूति को मोहरा बना लेती है–नौकरी देने के वक्त




हिचकिचाती है, पर दिखावे की तारीफ करने में सबसे आगे रहती है। जो सामने मुस्कुराकर कहती है, आप सच में प्रेरणा हैं, लेकिन अवसर देने की ज़िम्मेदारी आते ही अपनी आँखें, अपने दरवाजे और अपना मन तीनों बंद कर लेती है और उसके बहाने आसमान छूने लगते हैं। समाज शाबाशी देने में उदार है, लेकिन बराबरी देने में कंजूस; मुस्कान बाँटने में उदार है, पर जिम्मेदारी सौंपने में डरपोक। ऐसी सोच न सिर्फ. विकास रोकती है, बल्कि उस समाज की असली पहचान खोल देती है जहाँ इंसानों को नहीं, उनकी सीमाओं को देखा जाता है।

दया एक मीठा-सा जहर है–ऊपर से मीठा, भीतर उतरते ही काटने वाला। वही लोग जो व्हीलचेयर धकेलने में सौजन्य दिखाते हैं, वही लोग ऑफिस में वही व्यक्ति अपनी कुर्सी पर बैठा देखकर असहज हो जाते हैं। मंचों पर ताली बजाकर उन्हें हीरो कहा जाता है, लेकिन रोजमर्रा की ज़िंदगी में वही लोग उन्हें एक आम इंसान की तरह स्वीकार करने में काँपने लगते हैं। विशेष कहना दरअसल समाज का बचाव- कवच है–एक सुविधाजनक बहाना। विशेष को पूजना आसान पड़ता है, क्योंकि उससे कोई बदलाव नहीं माँगता। कठिनाई तब आती है जब बात रैम्प बनाने, बसों को सुलभ करने, दफ़्तरों और वेबसाइटों को सचमुच उपयोगी बनाने की हो–क्योंकि इसमें मेहनत चाहिए, नजर का बदलाव चाहिए, और सबसे बढ़कर, बराबरी की वह ईमानदारी चाहिए जिससे समाज अक्सर बच निकलता है।

सच यह है कि असली अपराध किसी व्यक्ति में नहीं, उस व्यवस्था में छिपा है जो उसे रोकती है। अपराध वे सीढ़ियाँ हैं जो एक इंसान की गति को नहीं, उसके अधिकार को रोकती हैं। अपराध वे बसें हैं जिनके दरवाजे इतने संकरे हैं कि मानो गरिमा को ही बाहर छोड़ कर चढ़ना पड़े। अपराध वे वेबसाइट्स हैं जो तकनीक की प्रगति का ढोल तो पीटती हैं, पर स्क्रीन रीडर की मौजूदगी तक को अनदेखा कर देती हैं। अपराध वे नौकरी फॉर्म हैं, जो क्या आप दिव्यांग हैं? पूछते ही जवाब दिए बिना ही किसी का भविष्य सीमाओं में बाँध देते हैं। अपराध दरअसल वह मानसिकता है जो विशेष कहकर अलगाने को सुविधा मानती है, जबकि जरूरत सुविधा की नहीं–खरी, बराबर अवसरों वाली समानता की है।

इन सबके बावजूद, यह समुदाय टूटता नहीं। टूटना उसकी नियति ही नहीं, उसकी परिभाषा में नहीं। इनकी ज़िंदगी प्रेरक कहानी नहीं–एक अनवरत विद्रोह है। हर दिन का संघर्ष, हर कदम की जद्दोजहद, हर साँस की दृढ़ता–सब विद्रोह है। वे आग हैं जो हवा के खिलाफ भी जलना जानती हैं। वे नदियाँ हैं जो पत्थरों को चीरकर अपना रास्ता बनाती हैं। वे पंखों से नहीं, हिम्मत से उड़ते हैं–इसलिए उड़ना भूलते नहीं। यही बात समाज को सबसे ज्यादा चुभती है कि जिनसे दया की उम्मीद थी, वे दया की कतार में खड़े होने नहीं आए। वे आए हैं बराबरी की माँग लेकर और बराबरी किसी की कृपा से नहीं, हक से मिलती है।

तीन दिसंबर को न भाषणों की जरूरत है, न सेलिब्रिटी के औपचारिक ट्वीटों की, न सरकारी मंचों पर संवेदना के चमकते तमाशे की। इस दिन किसी उत्सव की नहीं–असल बदलाव की मांग है। बदलाव यह कि चौदह दिसंबर को बस स्टॉप पर सचमुच एक रैम्प दिखे। फरवरी में बैंक जाते समय काउंटर तक पहुँचना किसी युद्ध जैसा न लगे। मई में नौकरी के इंटरव्यू में किसी की काबिलियत को उसका शरीर पीछे न धकेले। अगस्त में प्रेम का इजहार करते हुए किसी को यह कटु वाक्य न सुनना पड़े–तुम नहीं समझ पाओगे। साल के 365 दिनों में न कोई विशेष दिन चाहिए, न विशेष नजर। बस वही नजर चाहिए जो हर इंसान को देखने के काबिल होती है–सीधी, स्पष्ट और सम्मान से भरी हुई।

तीन दिसंबर का असली संकल्प यही होना चाहिए–समाज खुद से वादा करे कि वह अब किसी की राह में दीवार नहीं बनेगा। दया को मुद्रा की तरह खर्च करना बंद करेगा। विशेष कहकर दूरी बनाने का ढोंग छोड़ देगा। एक सुगम दुनिया में रास्ते किसी एक के लिए नहीं बनते–रास्ते सभी के लिए बनते हैं। और जब रास्ता सभी के लिए बनता है, तब ही कोई समाज अपनी सभ्यता साबित करता है। शायद आने वाले वर्षों में तीन दिसंबर की जरूरत ही खत्म हो जाए। शायद वह दिन आए जब किसी को यह याद दिलाने की जरूरत न पड़े कि एक पूरा समुदाय इस देश, इस समाज, इस दुनिया का बराबर हिस्सा है। जब स्कूलों, दफ्तरों, बाजारों और हर सपना में हर व्यक्ति समान रूप से मौजूद हो–न किसी विशेष उपाधि के साथ, न किसी लेबल के साथ, न किसी अलग पहचान के साथ। बस इंसान। पूरा। स्वतंत्र। अजेय।

**लेखक के निजी विचार है।**

# नए प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम अब ह्यसेवा तीर्थ, केंद्रीय सचिवालय होगा कर्तव्य भवन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने शासन व्यवस्था में प्रशासनिक नहीं, बल्कि वैचारिक और सांस्कृतिक परिवर्तन को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के नए परिसर का आधिकारिक नाम ह्यसेवा तीर्थह्ल घोषित किया है। इसी के साथ केंद्रीय सचिवालय को अब ह्यकर्तव्य भवनह्ल के नाम से जाना जाएगा। सरकार ने कहा है कि ये बदलाव सत्ता के बजाय जिम्मेदारी और पद के बजाय सेवा की भावना को प्रबल करने वाले हैं।

यह नया परिसर, जिसे सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत ह्यएग्जीक्यूटिव एन्क्लेवह्ल के नाम से विकसित किया जा रहा था, अब अंतिम चरण में है। इसी परिसर में प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय तथा ह्यइंडिया हाउसह्ल भी स्थित होंगे, जहां विदेश से आने वाले उच्चस्तरीय प्रतिनिधियों के साथ



महत्वपूर्ण वाताएं आयोजित की जाएंगी।सरकार ने देशभर के राजभवनों के नाम बदलकर ह्यलोक भवनह्ल करने का निर्णय भी पहले ही लिया था। इसी क्रम में प्रधानमंत्री कार्यालय का ह्यसेवा तीर्थह्ल और केंद्रीय सचिवालय का ह्यकर्तव्य भवनह्ल नामकरण नागरिक-प्रथम प्रशासनिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने वाला कदम माना जा रहा है। सरकार ने कहा है कि सेवा, कर्तव्य और नागरिक-प्रथम की सोच आज प्रशासनिक भाषा का आधार बन चुकी है। नामकरण बदलाव इसी मानसिकता को प्रतिबिंबित करते हैं, जहां शासन को 'सत्ता के केंद्र' की बजाय ह्यसेवा के स्थलह्ल के रूप में देखा जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में कई ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं– रेस कोर्स रोड का नाम ह्यलोक कल्याण मार्गह्ल, राजपथ का ह्यकर्तव्य पथह्ल और राजभवन का ह्यलोक भवनह्ल किया गया। अंडमान-निकोबार के रॉस द्वीप का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप और 21 बड़े निर्जन द्वीपों का नाम परम वीर चक्र विजेताओं के सम्मान में रखा गया।सरकार का मानना है कि ये परिवर्तन औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति और भारत की मूल संस्कृति-कर्तव्य, सेवा और राष्ट्र-प्रतिबद्धता को केंद्र में लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम हैं।

## देश की एकताझ्रअखंडता के खिलाफ गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस, पांच वर्षों में 23 संगठन अवैध घोषित : केंद्र

**नई दिल्ली :** भारत सरकार किसी भी प्रकार की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस (शून्य सहनशीलता) नीति अपनाती है। पिछले पांच वर्षों में सरकार ने 23 संगठनों को गैरकानूनी घोषित किया है। यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के प्रावधानों के तहत की गई है। यह जानकारी गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। गृह राज्यमंत्री राय ने बताया कि राष्ट्र की संप्रभुता, एकता, अखंडता और सुरक्षा के विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त किसी भी संगठन के खिलाफ सख्त और सतत कदम उठाए जाते रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन पांच वर्षों के दौरान जिन 23 संगठनों को गैरकानूनी घोषित किया गया है, उनमें एसआईएमआई, यूएलएफए, एटीटीएफ, विभिन्न मणिपुरी उग्रवादी संगठन, एनएलएफटी, एनएससीएन (के), हाइन्न्यूत्रेप नेशनल लिबरेशन काउंसिल, एलटीटीई, इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन, पीएफआई और इसके सहयोगी संगठनों सहित जम्मू-कश्मीर के कई चरमपंथी संगठनों के नाम शामिल हैं। गृह राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार की यह कठोर कार्रवाई देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने लोकसभा में बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को विश्वस्तरीय जांच एजेंसी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। एनआईए को सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अपराधों की रोकथाम, जांच और अभियोजन क्षमता बढ़ाने के लिए व्यापक पहल की गई है।

## पंजाब में पूंजीगत व्यय का लगातार कम होना मान सरकार की आर्थिक विफलता : तरुण चुग

एजेंसी

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने पंजाब सरकार के लगातार घटते पूंजीगत व्यय पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भगवंत मान की अगुवाई में पंजाब एक गंभीर आर्थिक अव्यवस्था और आर्थिक आपातकाल जैसी स्थिति में पहुंच चुका है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में पंजाब का पूंजीगत व्यय 36 प्रतिशत गिरकर केवल 1,760 करोड़ रुपये रह गया। उन्होंने कहा कि बजट प्रावधान का महज 17 प्रतिशत खर्च होना यह दिखाता है कि सरकार काम करने में पूरी तरह नाकाम है। विकास की



जिम्मेदारियों को छोड़कर केवल राजनीतिक दिखावे और दिल्ली की तिहाड़ गैंग तिकड़ी की सेवा में लगी हुई है। तरुण चुग ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि आआपा सरकार के शासनकाल में कैपिटल एक्सपेंडिचर में यह निरंतर गिरावट राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि अधूरी सड़कें, रुके हुए प्रोजेक्ट, घटते रोजगार और बदहाल बुनियादी ढांचा इस बात के प्रमाण हैं कि भगवंत मान सरकार गहरी नींद में है।

पूंजीगत व्यय में भारी गिरावट का सीधा मतलब यह है कि सड़कें, पुल, अस्पताल, स्कूल और अन्य बुनियादी विकास परियोजनाएं ठप पड़ी हैं, विकास कार्यों की गति रुक चुकी है, रोजगार के अवसर तेजी से घट रहे हैं, उद्योगपति और निवेशक पंजाब में कदम रखने से कतराने लगे हैं और गांव से शहर तक बुनियादी ढांचा चरमराने लगा है। तरुण चुग ने कहा कि सरकार के इसी रवैये ने पंजाब को उन राज्यों की कतार में धकेल दिया है, जो विकास में पिछड़ रहे हैं। पंजाब के वित्तीय हालात इतने खराब हो चुके हैं कि सरकार विकास पर खर्च करने की स्थिति में ही नहीं है।

## बरेली में आजम खां के रिश्तेदार के दो बारातघरों पर चला बुलडोजर, बेअसर रहा महिलाओं का विरोध

### बरेली हिंसा से जुड़े लोगों पर प्रशासन दिखा रहा सख्ती14 साल पहले ही दोनों बारातघरों को गिराने का हुआ था आदेश

एजेंसी



**बरेली :** उत्तर प्रदेश में बरेली हिंसा से जुड़े लोगों पर प्रशासन लगातार सख्ती बरत रहा है। मंगलवार सुबह सूफीटोला इलाके में भारी पुलिस बल और पीएसी की मौजूदगी में बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की टीम ने समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के रिश्तेदार सरफराज वली खां के अवैध रूप से बने दो बारातघरों पर बुल्डोजर चला दिया।

इस दौरान महिलाओं ने विरोध जताकर कार्रवाई में विघ्न डालने कीकोशिश कीं लेकिन पुलिस के सामने उनकी एक न चली।बरेली हिंसा में तौकीर रजा और उनके कई समर्थकों के संलिप्तता सामने आने के बाद प्रशासन लगातार अवैध निर्माण को ध्वस्त करने में जुटा हुआ है।

मंगलवार को बड़ी संख्या में पुलिस जवान और बीडीए के अधिकारी जेसीबी लेकर सूफीटोला इलाके में स्थित बारातघर एवान-ए-फरहत और गुड मैरिज हॉल के सामने पहुंची। पुलिस और जेसीबी देखकर वहां रहने वाली महिलाएं चीख-पुकार करने लगीं और दया की गुहार लगाने लगीं। इसके पुलिस टीम ने हॉल खाली कराया और 10 बजे ध्वस्तीकरण शुरू कर दिया। देखते ही देखते बुलडोजर ने दोनों बारातघरों को ध्वस्त कर दिया। गुड मैरिज हॉल की पहली मंजिल पर रहने वाली आरफा खां ने बताया कि वे 20 साल से यहां रह रहे हैं और अचानक दिए गए नोटिस से उनका परिवार दहशत में है।

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा वेंटिलेटर पर, सरकार ने वीवीआईपी घोषित किया

एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। अस्सी वर्षीय खालिदा को राजधानी के एवरकेयर अस्पताल में जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर रखा गया है। देश की अंतरिम सरकार ने उनके स्वास्थ्य की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से उन्हें वीवीआईपी (अति-अति महत्वपूर्ण व्यक्ति) घोषित किया है। उन्हें विशेष सुरक्षा बल प्रदान किया गया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक संदेश में खालिदा जिया के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। इस बीच ऐसे संकेत मिले हैं कि लंदन में रह रहे उनके बेटे तारिक रहमान ने स्वदेश लौटने की तैयारी शुरू कर दी है। न्यूज पोर्टल बीएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने सोमवार को कहा कि कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान जल्द ही देश लौट आएंगे। उन्होंने यह जानकारी रात को गुलशन में खालिदा जिया के ऑफिस में हुई बैठक के बाद पत्रकारों को दी।

इस बीच भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने बेगम खालिदा जिया के स्वास्थ्य पर गहरी चिंता जताई है। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर लिखा,₹मैं बेगम खालिदा जिया की सेहत के बारे में जानकर बहुत परेशान हूं। हमारी सच्ची दुआएं और शुभकामनाएं उनके जल्दी ठीक होने के लिए हैं। भारत हर तरह से मदद करने के लिए तैयार है, जिस तरह से हम कर सकते हैं।₹ भारतीय प्रधानमंत्री का यह संदेश ऐसे समय में आया है।

## लोकसभा में सोमवार को वंदेमातरम और मंगलवार को चुनाव सुधारों पर होगी चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में चुनाव सुधारों पर चर्चा कराने के लिए तैयार हो गई है। लोकसभा में सोमवार, 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा होगी। इसके अगले दिन मंगलवार, 9 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से चुनाव सुधारों पर चर्चा कराई जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में यह तय किया गया। उन्होंने बताया कि सोमवार, 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से लोकसभा में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की



150वीं वर्षगांठ पर और मंगलवार, 9 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी। विपक्ष संसद के पिछले और मौजूदा सत्र में लगातार मतदाता सूची अपडेट करने की प्रक्रिया विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हंगामा करता रहा है। सोमवार से शुरू हुई संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही इस मुद्दे पर लगातार दूसरे दिन भी बाधित हुई।

केन्द्रीय मंत्री ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अध्यक्ष की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक सार्थक रही और हम सभी इस बात पर सहमत हुए कि सोमवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा होगी। यह चर्चा दोपहर 12 बजे शुरू होगी और पूरे दिन चलेगी। इस बात पर भी सहमति बनी कि मंगलवार, 9 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी। इसमें देश में चुनाव और उसकी प्रक्रिया से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा और संवाद हो सकता है। संसदीय लोकतंत्र के लिए चुनाव प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, ह्लचर्चा के लिए सहमति बन जाने से मामला सुलझ गया है और समय और तारीख तय हो गई है, मैं एक बहुत ही रचनात्मक और आकर्षक चर्चा की आशा करता हूँ।

## नौसेना प्रमुख ने लांच किया सबसे अहम मार्गदर्शक दस्तावेज 'भारतीय समुद्री सिद्धांत'

### नेवी डे पर जारी किये गए 'इंडियन मैरीटाइम डॉक्ट्रिन' के ताजा संस्करण में कई बदलाव हुए

एजेंसी

**नई दिल्ली:** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने मंगलवार को 'भारतीय समुद्री सिद्धांत' जारी किया, जिसका मकसद भारत की क्षेत्रीय भूमिका और समुद्री असर को आगे बढ़ाना है। साथ ही एक ऐसा समुद्री जागरूक देश बनाना है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए समुद्री ताकत की अहमियत को पहचाने। इसका उद्देश्य सेवाओं में तालमेल और इंटीग्रेशन को मजबूत करना और सिद्धांत को रणनीतिक, ऑपरेशनल निर्देशों और नेवल क्षमता विकास में बदलने में मदद करना है।




नौसेना के मुताबिक 'इंडियन मैरीटाइम डॉक्ट्रिन' भारतीय नौसेना का सबसे अहम? मार्गदर्शक दस्तावेज है। इसे शुरू में 2004 में? प्रकाशित किया गया था और 2009 में इसमें बदलाव किया गया था। इसके बाद 2015 में इसमें कुछ छोटे-मोटे बदलाव किए गए थे। नौसेना ने 2025 के ?संस्करण में भारत के समुद्री माहौल और रणनीतिक नजरिए से कई बड़े बदलाव? किये हैं। इंडियन मैरीटाइम सिद्धांत 2025? नौसेना की रणनीतिक और ऑपरेशन्स की नींव रखता है और उन सिद्धांतों की एक जैसी समझ देता है, जो लड़ाई-झगड़े के दौरान काम करने में मदद करते हैं। यह नौसेना की भूमिका को साफ तौर पर बताता है और इस खास सवाल का जवाब देता है कि हम जो करते हैं, वह क्यों करते हैं।

'इंडियन मैरीटाइम डॉक्ट्रिन' के नए संस्करण में पिछले दस सालों में भारत के समुद्री माहौल में आए बदलाव को दिखाया गया है और इसमें विकसित भारत 2047 के एक अहम पिलर के तौर पर समुद्रों का इस्तेमाल करने के भारत के बड़े विजन को शामिल किया गया है। इस नजरिए को भारत सरकार की बड़ी पहलों, जैसे सागरमाला, पीएम गति शक्ति, मैरीटाइम इंडिया विजन 2030, मैरीटाइम अमृत काल विजन 2047 और महासागर के जरिए मजबूत किया गया है। यह मल्टी-डोमेन खतरों, अलग-अलग तरह के लोगों और टेक्नोलॉजी में तेजी से हो रही तरक्की की वजह से बढ़तीसमुद्री सुरक्षा की चुनौतियों को भी पहचानता है। 'भारतीय समुद्री सिद्धांत' का यह संस्करण 'नो-वॉर नो-पीस' को शांति और संघर्ष के बीच एक अलग वर्ग के तौर पर औपचारिक रूप देता है और इसे संघर्ष के स्पेक्ट्रम का एक जरूरी पहलू बनाता है।

यह दुश्मनों की रणनीतिक वाली युक्ति की बेहतर समझ को जोड़ता है, जिसमें ग्रे-जोन, हाइब्रिड और इरेगुलर वॉरफेयर शामिल हैं। बदला हुआ डॉक्ट्रिन स्पेस, साइबर और कॉग्निटिव डोमेन के बढ़ते महत्व को भी मानता है। साथ ही बिना क्रू वाले सिस्टम, ऑटोनॉमस प्लेटफॉर्म और नई टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन पर जोर देता है। इसके अलावा यह सशस्त्र बलों में इंटरऑपरेबिलिटी पक्का करने के लिए ट्राई-सर्विस जॉइंट डॉक्ट्रिन के साथ मिलकर संयुक्तता को प्राथमिकता देता है।

## संक्षिप्त खबरें

### एसआईआर के खिलाफ संसद भवन के बाहर इंडी गठबंधन का प्रदर्शन

**नई दिल्ली :** संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस की अगुवाई में इंडी गठबंधन के नेताओं ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। संसद भवन के बाहर हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, महासचिव केसी वेणुगोपाल, लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई, प्रमोद तिवारी सहित कई दलों के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नेताओं ने कतारबद्ध होकर हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर प्रदर्शन किया। पोस्टरों पर 'दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के वोट खत्म करने के लिए नहीं हैं', 'एसआईआर खत्म करो, वोट चोरी बंद करो', 'एसआईआर रोको, लोकतंत्र बचाओ', 'एसआईआर लोकतंत्र के खिलाफ अपराध है' जैसे नारे लिखे थे। प्रदर्शनकारियों ने 'एसआईआर बंद करो' के नारे भी लगाए। कांग्रेस और इंडी गठबंधन एसआईआर शुरू होने के बाद से ही चुनाव आयोग और सत्ताधारी पार्टी भाजपा पर हमलावर है। इन पार्टियों का आरोप है कि एसआईआर के माध्यम से उनके कोर वोटर्स के वोट को काटा जा रहा है।

### कनाडा ने हरियाणा में विश्वविद्यालय खोलने का रखा प्रस्ताव

**चंडीगढ़ :** भारत में कनाडा के राजदूत क्रिस्टोफर कूटर ने मंगलवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करके हरियाणा राज्य के साथ शिक्षा, निवेश और तकनीकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में सहयोग करने की पेशकश करने के साथ-साथ कनाडा द्वारा हरियाणा में एक विश्वविद्यालय खोलने पर भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान चर्चा हुई कि फास्ट ट्रैक सिस्टम के माध्यम से हरियाणा और कनाडा के निवेश प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाया जाएगा। फास्ट ट्रैक सिस्टम के माध्यम से अनुमति प्रक्रियाओं के सरलीकरण, विभागों के बीच समन्वय सहित सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके अलावा, हरियाणा की तीव्र आर्थिक वृद्धि, मजबूत औद्योगिक आधार और निवेश-अनुकूल नीतियों को देखते हुए कनाडा ने राज्य के साथ अपने आर्थिक व राजनीतिक जुड़ाव को और सुदृढ़ करने में रुचि व्यक्त की है। हरियाणा और कनाडा के बीच यह पहल राज्य में निवेश के नए द्वार खोलेगी, रोजगार सृजन को गति देगी और वैश्विक साझेदारियों को मजबूत बनाएगी। इस दौरान क्रिस्टोफर कूटर ने मुख्यमंत्री के साथ वेस्ट टू एनर्जी, विद्युत उत्पादन और कनाडा के खनन क्षेत्र में हरियाणा के युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कनाडा के निवेशकों को हरियाणा में निवेश के लिए आकर्षित करने संबंधी विस्तृत रोडमैप पर भी विचार-विमर्श किया, ताकि दोनों पक्षों के व्यावसायिक संबंध और अधिक मजबूत तथा परिणाम मुखी बन सकें। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा को वैश्विक मंच पर निवेशकों के लिए पसंदीदा स्थल बनाने के लिए राज्य सरकार ने ईज ऑफ डूइंग को प्राथमिकता दी है। इसके लिए सरकार ने अलग से विदेश सहयोग विभाग का गठन किया है, जो लगातार राजदूतों और निवेशकों व अन्य प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर परस्पर सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

### लखनऊ : योगी सरकार ने प्रदेश में बिछाया सड़कों का बड़ा नेटवर्क

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को 2029 तक वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जता चुके हैं। वो इस बात को भलीभांति जानते हैं कि उद्योगों के विकास और निवेश के लिए प्रदेश में सड़कों का गोल्डन नेटवर्क तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। डबल इंजन सरकार सरकार की दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज देश में सबसे बड़ा एक्सप्रेस वे नेटवर्क वाला राज्य बन गया है। राज्य में 2017 से पहले मात्र 3 एक्सप्रेस वे थे आज 22 एक्सप्रेस वाले राज्य के रूप में गणना हो रही है। इससे यातायात परिवहन में लगभग 3 गुना वृद्धि हुई है और तेजी से आर्थिक विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे की संख्या 1949-50 में 0 से बढ़कर 2016-17 में 3 और 2025-26 में 22 हो गई है। इसमें वर्तमान में निमार्णाधीन और प्रस्तावित एक्सप्रेसवे शामिल हैं। सड़क अवसंरचना पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक आदि तक आसान पहुंच के लिए एक उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर का विकास भी हो रहा है। सभी जिला मुख्यालयों को जोड़ने वाले एक सड़क नेटवर्क ग्रिड का निर्माण किया जा रहा है।

### इंडिया गेट पर प्रदर्शन मामले में आठ को जमानत, सात आरोपितों पर फैसला गुरुवार को

**नई दिल्ली :** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण की मांग के लिए इंडिया गेट पर प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार आठ आरोपितों को जमानत दे दी है, जबकि सात आरोपितों की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट सात आरोपितों की जमानत याचिका पर 4 दिसंबर को फैसला सुनाएगा। कोर्ट ने इसके पहले 28 नवंबर को नौ आरोपितों को जमानत दी थी। कोर्ट ने इन सभी आरोपितों को बीस-बीस हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी थी। सुनवाई के दौरान आरोपितों की ओर से पेश वकील ने कहा था कि आरोपितों का किसी भी प्रतिबंधित संगठन से कोई संबंध नहीं है और पुलिस के आरोप भ्रमपूर्ण और झूठे हैं। उन्होंने कहा था कि नारे सत्ता के खिलाफ हो सकते हैं लेकिन ये हिरासत का आधार नहीं हो सकते हैं। दिल्ली पुलिस ने इंडिया गेट पर प्रदर्शन के मामले में 17 लोगों को गिरफ्तार किया था, जबकि कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन करने के मामले में छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक इन आरोपितों ने वायु प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए दस पुलिसकर्मियों पर मिर्च का स्प्रे फेंका। पुलिस इन आरोपितों के नक्सलियों से संबंध होने की पड़ताल कर रही है।

### विधायक डा. जनकराज ने सदन में उठाई भेड़पालकों की समस्याएं

**धर्मशाला :** तपोवन में शीत सत्र के पांचवें दिन शून्यकाल के दौरान विभिन्न विधायकों ने अपने अपने क्षेत्रों के साथ ही अन्य मुद्दे उठाए। सबसे पहले भरमौर के विधायक डा. जनक राज ने शून्यकाल के दौरान मंगलवार को भेड़पालकों को पेश आ रही समस्याओं को उठाया। वन विभाग की ओर से चारागाहों को सीमित किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि उनके विस क्षेत्र में 780 लोग भेड़पालन का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि शाहपुर के लंज सहित अन्य क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। विधायक ने कहा कि भेड़-बकरियों को जरूरी दवाइयां भी नहीं मिल पाई है। चरागाहों में बाढ़ बंदी करके उन्हें प्रवेश न देकर व जुमार्ना तक लगाया जा रहा है। डॉ जनक ने राज्यस्थान से भेड़-बकरियां बेचने के लिए लाई जा रही हैं, जिससे प्रदेश के भेड़पालकों को नुकसान हो रहा है। इस पर पशुपालन मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार ने कहा कि चोरी मामलों को लेकर नजदीकी थानों में मामले दर्ज कर उचित कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि परमिट वन विभाग की ओर से जारी किए जाते हैं। मंत्री ने कहा कि वन भूमि पर जहां छोटे पौधे रोपित किए गए हों, वहां भेड़पालकों को वहां जाने की मनाही की जाती हैं। उन्होंने बताया कि दवाइयां में देरी हुई है। जिसे जल्द कांट्रेक्ट कर प्रदान कर दिया जाएगा।

# कल्ट क्लासिक फिल्म 'पड़ोसन' ने पूरे किए 57 साल

**कल्ट** क्लासिक फिल्म 'पड़ोसन' हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा पसंद की गई फिल्मों में से एक है। हास्य और रोमांस को पर्दे पर दिखाती इस फिल्म ने 57 साल पूरे कर लिए हैं। फिल्म में सायरा बानों की अदाकारी और किशोर कुमार, महमूद और सुनील दत्त की कॉमेडी ने फैंस का दिल जीत लिया था।

फिल्म को बीते साल पर्दे पर रि-रिलीज भी किया गया था और फिल्म को फर्स्ट डे रिलीज जैसा ही रिस्पांस मिला। राजश्री फिल्म प्रोडक्शन ने फिल्म के 57 साल पूरे होने की खुशी में प्यारा सा पोस्ट डाला है और फिल्म के चार आइकॉनिक किरदार को याद किया है, जिसमें किशोर कुमार, महमूद, सुनील दत्त और सायरा बानो को शामिल किया है। फिल्म में

## बिंदु का किरदार निभाने से सायरा बानो ने किया था इनकार




और कई कलाकार थे, जिन्होंने फिल्म को पर्दे पर हिट कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। फिल्म 'पड़ोसन' की गिनती अपने समय की क्लासिक कल्ट फिल्मों में होती है।

फिल्म में एक साथ चार बड़े चेहरों को शामिल किया गया। फिल्म में सुनील दत्त ने भोला तो किशोर कुमार ने विद्यापति का रोल प्ले किया। दोनों की दोस्ती पर्दे पर निखर के सामने आई कि कैसे अपने दोस्त के प्यार को सफल बनाने के लिए दूसरा दोस्त अपनी आवाज दे देता है, जबकि महमूद साहब ने मास्टर पिल्लाई बनकर भोला और विद्यापति के प्लान पर पानी फेर दिया। फिल्म की कहानी और डायलॉग दोनों ही मजेदार हैं और शायद यही वजह रही कि फिल्म अपने समय की छठी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म रही। फिल्म ने दुनिया भर में 2.8 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का बजट 1 करोड़ से भी कम था, लेकिन बेहतरीन कास्ट और पटकथा ने फैंस का दिल जीत लिया। बहुत कम लोग ये बात जानते हैं कि इस फिल्म में पड़ोसन 'बिंदु' का किरदार पहले सायरा बानो नहीं निभाना चाहती थीं। एक्ट्रेस की तभी शादी हुई थी और वे फिल्में छोड़कर अपने पर्सनल लाइफ पर फोकस करना चाहती थीं, लेकिन महमूद साहब के समझाने और मनाने के बाद वे फिल्म में काम करने के लिए राजी हुई थीं।

# अभिनेत्री दीया मिर्जा ने मां के जन्मदिन पर लिखा दिल छूलेने वाला पोस्ट



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री दीया मिर्जा ने भले ही अपने करियर में चुनिंदा फिल्में की हों, लेकिन उन्होंने उन फिल्मों से अपने प्रशंसकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी है। शनिवार को उन्होंने अपनी मां का जन्मदिन मनाया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर उनकी कई तस्वीरें पोस्ट कीं। उन्होंने एक बहुत ही प्यारा और भावुक संदेश शेयर कर अपनी मां को दुनिया की सबसे अच्छी मां, सबसे प्यारी नानी और सबसे दयालु इंसान बताया। अभिनेत्री ने लिखा, 'जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं मां। आप मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा सहारा और सुरक्षित ठिकाना हैं। आपने मुझे हमेशा सिखाया है कि असली प्यार क्या होता है और उसे अपने व्यवहार में कैसे लेकर आएं। आप सबसे अच्छी मां, बच्चों की सबसे प्यारी नानी और एक ऐसी इंसान हैं, जो किसी को भी अपना दोस्त बना सकती हैं। अभिनेत्री ने अपनी मां की खूबियों की तारीफ करते हुए लिखा, 'आप हर चीज को प्यार, धैर्य और नरमी से रखती हैं। वहीं आपने मुझे सिखाया है कि देखभाल करना भी एक सुपरपावर है। आपका जीवन दया की सीख है, हंसी एक दवा जैसी है और आपका साथ घर जैसा रहता है। उन्होंने अपनी मां के लिए कामना करते हुए लिखा, 'ईश्वर करे कि ये साल आपके जीवन में खुशहाली लेकर आए। आज आपका दिन हस्ते और ढेर सारी बातें करते हुए गुजरे और हां, आज मैं आपका जन्मदिन मना रही हूं। सच कहूं तो मैं हर दिन ईश्वर से आपके लिए दुआ मांगती हूं। हैप्पी बर्थडे मम्मा! '

अभिनेत्री की पोस्ट देख फैंस और उनके साथी कलाकारों को काफी पसंद आ रही है। सब उनकी पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अभिनेत्री विपाशा बासु ने कमेंट सेक्शन पर लिखा, 'जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं आंटी। '

# सनी देओल के रिश्तेदार बनेंगे दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह!

**दरअसल** दीपिका की बहन अनीशा पादुकोण लंबे वक्त से करण देओल (सनी देओल के बेटे) की पत्नी दिशा आचार्य के भाई रोहन आचार्य को डेट कर रही हैं। सुनने में आया है कि जल्द ही रोहन और अनीशा शादी के बंधन में बंध सकते हैं।मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा भी किया जा रहा है कि अनीशा और रोहन की सगाई हो चुकी है। रोहन आचार्य के इंस्टाग्राम अकाउंट को दीपिका और रणवीर सिंह फॉलो करते हैं। इससे पता चलता है कि वह काफी समय से एक-दूसरे के जानकार हैं। अनीशा और रोहन आचार्य की सगाई की बात भी सामने आ रही है। लेकिन इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट परिवार ने अब तक नहीं की है। फिल्मी परिवारों से कनेक्शन होने के बावजूद अनीशा और रोहन आचार्य अलग-अलग फील्ड में एक्टिव हैं। दीपिका पादुकोण की बहन अनीशा एक प्रोफेशनल गोल्फर हैं। साथ ही वह दीपिका के ट्रस्ट लीव लव लाफ के लिए भी काम करती हैं। रोहन आचार्य की बात करें तो वह दुबई की एक कंपनी में पार्टनर हैं।



पत्नी के साथ फोटो शेयर कर बताया जल्द बनेंगे पैरेंट्स

# शादी की दूसरी सालगिरह पर रणदीप हुड्डा ने दिया सरप्राइज

**अभिनेता** रणदीप हुड्डा की शादी के दो साल हो चुके हैं। आज वह शादी की दूसरी सालगिरह मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने अपने फैंस को सरप्राइज दिया है। अभिनेता रणदीप हुड्डा अपनी शादी की दूसरी सालगिरह मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी लिन लैशराम के साथ एक तस्वीर शेयर की है। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में जानकारी दी है कि वह जल्द ही पैरेंट्स बनने वाले हैं। आइए देखते हैं उनकी पोस्ट में और क्या है?

**रणदीप हुड्डा की पोस्ट में क्या है?**

इंस्टाग्राम पर रणदीप हुड्डा ने अपनी पत्नी लिन लैशराम के साथ एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि दोनों पति-पत्नी जंगल में अलाव के पास बैठे हैं। दोनों मुस्कुराते हुए एक-दूसरे से हाथ मिला रहे हैं। पोस्ट के कैप्शन में अभिनेता ने लिखा 'प्यार और रोमांच के दो साल और अब नन्हा मुन्ना आने वाला है।' कैप्शन में उन्होंने दिल वाला इमोजी बनाया है। रणदीप हुड्डा ने जैसे ही यह पोस्ट शेयर की, वैसे ही यह वायरल हो गई है।

**कौन हैं रणदीप हुड्डा की पत्नी?**

बता दें कि रणदीप हुड्डा ने 29 नवंबर 2023 को लिन लैशराम के साथ शादी की थी। उन्होंने मैतेई परंपरा से मणिपुर के इम्फाल में शादी की थी। शादी के बाद उन्होंने मुंबई में रिसेप्शन दिया था। रणदीप हुड्डा की पत्नी लिन लैशराम अभिनेत्री हैं।

उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वह फिल्म 'जाने जान' 2023 में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने 'मैरी कॉम' में काम किया था। वह मॉडल और कारोबारी भी हैं।

# देश में बढ़ते वायु प्रदूषण पर रवीना टंडन ने जताई चिंता



**दिल्ली** और दिल्ली से सटे राज्यों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बन गया है। दिवाली के बाद से ही प्रदूषण का स्तर बदलते मौसम के साथ बढ़ता जा रहा है। अब इस समस्या पर बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने चिंता जताई है और ढेर सारे पोस्ट शेयर किए हैं, जिसमें बढ़ते प्रदूषण से होने वाले शारीरिक नुकसान पर फोकस किया गया है। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम पर बढ़ते प्रदूषण को लेकर बहुत सारे पोस्ट किए हैं, जिसमें एयर पॉल्यूशन को परमानेंट हेल्थ डैमेज बताया है। पोस्ट पर लिखा है, 'अगर पीएम 2.5 प्रदूषण हो और एक्यूआई 200-300 हो, तो महज घंटे भर में ये कण शरीर में जाकर फेफड़े, दिल और ब्रेन को नुकसान पहुंचाते हैं। अगर यही एक्यूआई 4 हफ्तों तक बना रहे, तो अस्थमा, श्वसन संबंधी रोग, आंखों में जलन और गले से जुड़ी परेशानी हो सकती हैं। पोस्ट में आगे लिखा है, 'अगर यही एक्यूआई 1 से 3 महीनों तक बना रहता है, तो धीरे-धीरे इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, फेफड़े की अंदरुनी परत मोटी होने लगती है, बच्चों के फेफड़ों का विकास प्रभावित होता है, और रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ जाती है।'

चाचा पवन कल्याण और

# भाई राम चरण का मार्गदर्शन अमूल्य : निहारिका कोनिडेला



**अभिनेत्री** और निर्माता निहारिका कोनिडेला ने अपने दमदार अभिनय और प्रोडक्शन से लोगों के बीच एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने इंटरव्यू में अपने फिल्मी करियर और परिवार से मिलने वाले समर्थन के बारे में खुलकर बातें की हैं। अभिनेत्री ने बताया कि परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहा है। खासतौर से उनके चाचा पवन कल्याण और भाई राम चरण ने उनके सफर को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईएएनएस ने इंटरव्यू में जब उनसे पूछा कि उनके परिवार, खासकर पवन कल्याण और राम चरण, उनके करियर में कितने महत्वपूर्ण हैं, तो इसके जवाब में निहारिका ने कहा, ''उनके समर्थन से मुझे असाधारण सी ताकत मिलती है। मुझे पता है कि वे दोनों बिना ज्यादा कुछ बोले भी मेरे लिए हमेशा मौजूद रहेंगे।'' निहारिका ने साझा किया कि वह पवन कल्याण और राम चरण से अपने जीवन में काफी कुछ सीख हासिल करती हैं। उन्होंने कहा, ''उनके अनुभव, उनके काम करने का तरीका, और पेशेवर अनुशासन मेरे लिए हमेशा एक उदाहरण बनकर सामने आते हैं। उनका मार्गदर्शन मेरे लिए अमूल्य है और इसे मैं अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाती हूं। बात करते हुए निहारिका ने बताया कि उनका परिवार फिल्म इंडस्ट्री में बहुत सम्मानित है और इस कारण कभी-कभी उन्हें महसूस होता है कि उन्हें हर कदम पर दूसरों की उम्मीदों पर खरा उतरना है। उन्होंने कहा, ''मैं इस दबाव को नकारात्मक रूप में नहीं देखती। मैं इसे अपनी मेहनत और करियर में आगे बढ़ने के लिए एक प्रेरणा की तरह महसूस करती हूं।

हर बार जब मैं किसी फिल्म के सेट पर जाती हूं या कोई फिल्म प्रोड्यूस करने का फैसला लेती हूं, वह हमेशा इस विचार के साथ काम करती हूं कि मुझे अपने परिवार को गर्व महसूस कराना है। निहारिका ने कहा, ''मुझे फैंस ने हमेशा अपने परिवार की तरह प्यार दिया है। मुझे पहले से ही एक बड़ा सहारा और सुरक्षा का अनुभव दिया। जब एक कलाकार को ऐसा प्यार मिलता है, तो वह अपने काम में और भी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ता है। मैं इस प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगी।'



# 'मुझे कभी राउंड टेबल इंटरव्यूज में नहीं बुलाया जाता', अनुपम खेर ने उठाए सवाल; बोले- मैं एक्टिंग में बाप हूं

अपने करियर में तरह-तरह के किरदार निभाने वाले अनुपम खेर राउंडटेबल इंटरव्यू में न बुलाने से नाराज हैं। अब इसको लेकर उन्होंने बड़ा बयान दिया है। अभिनेताओं में होती है। उन्होंने अपने चार दशक से भी लंबे करियर में कई यादगार फिल्में दीं और किरदार निभाएं हैं। हालांकि, एक्टर का कहना है कि इंडस्ट्री में इतना लंबा समय बिताने के बावजूद उन्हें आज तक साल के अंत में होने वाले राउंड टेबल इंटरव्यूज में आमंत्रित नहीं किया गया।

**कुछ लोग मुझे बुलाने लायक नहीं समझते**

यूट्यूब चैनल अनफिल्टर्ड विद समदीश के साथ बातचीत के दौरान अनुपम खेर ने राउंड टेबल इंटरव्यूज को लेकर बात की। अभिनेता ने कहा कि लोगों का एक वर्ग मुझे बुलाए जाने के लायक नहीं समझता। जबकि जब अभिनय की बात आती है तो मैं उनका बाप हूं। मैं एक एक्टिंग स्कूल चलाता हूं। एक बार मैंने एक वरिष्ठ संपादक को फोन किया और कहा कि आप इन औसत दर्जे के अभिनेताओं से बात करने के बाद इतने खुश कैसे हो लेते हैं। लेकिन आपने मुझे तो कभी नहीं बुलाया। अनुपम खेर इस साल कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। 2025 की शुरुआत उन्होंने कंगना रनौत के साथ 'इमरजेंसी' से की थी। इसके बाद वो 'तुमको मेरी कसम', 'मेट्रो इन दिनों' और 'तन्वी द ग्रेट' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। 'तन्वी द ग्रेट' का निर्देशन और निर्माण भी उन्होंने ही किया था। इसके अलावा आने वाले वक्त में भी उनकी पाइपलाइन में कई फिल्में हैं।

# राम गोपाल वर्मा की 'पुलिस स्टेशन में भूत' में नजर आएंगे मनोज बाजपेयी

**निर्देशक** राम गोपाल वर्मा मनोज बाजपेयी के साथ दर्शकों को डर का एहसास कराने के लिए फिल्म पुलिस में भूत लेकर आ रहे हैं। शनिवार को निर्देशक ने सोशल मीडिया पर एक अभिनेता की तस्वीर पोस्ट की। निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी की तस्वीर पोस्ट की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 'मनोज बाजपेयी की एक झलक पुलिस स्टेशन में भूत से।' 'निर्देशक की पोस्ट प्रशंसकों को काफी पसंद आ रही है। वे दोनों की फिल्म को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं क्योंकि निर्देशक और मनोज बाजपेयी लंबे समय के अंतराल के बाद फिर से साथ में वापसी कर रहे हैं। बता दें, दोनों ने आखिरी बार फिल्म सत्या में काम किया था। साल 1998 की फिल्म सत्या को दर्शकों ने काफी प्यार दिया था और इस फिल्म ने अभिनेता को भी अच्छी पहचान दी थी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा, सैफाली शाह, जेडी चक्रवर्ती, सौरभ शुक्ला, परेश रावल और उर्मिला मातोंडकर जैसे स्टार्स नजर आए थे। फिल्म में मनोज ने भीखू म्हात्रे का किरदार निभाया था, जो लोगों को आज भी याद आता है। अब दोनों लंबे समय के अंतराल के बाद फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत' में साथ आए हैं। इस फिल्म में अभिनेता के साथ अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख और राम्या कृष्णन भी होंगी। फिल्म का निर्माण वेव एमिरेट्स मीडिया प्रोडक्शन और कर्मा मीडिया एंटरटेनमेंट मिलकर कर रहे हैं।



हालांकि, फिल्म को लेकर अन्य जानकारी अभी सामने नहीं आई है। साल 2026 में इसके रिलीज की उम्मीद लगाई जा रही है। हाल ही में मनोज बाजपेयी की सीरीज फैमिली मैन सीजन 3 अमेजन प्राइम में स्ट्रीम हुई है। इस बार नई कहानियों के साथ नए किरदार भी जुड़े हैं, जिनमें जयदीप अहलावत और निमृत कौर शामिल हैं। इस बार सीरीज में श्रीकांत तिवारी की निजी जिंदगी और उनके प्रोफेशनल संघर्षों के बीच का टकराव देखने को मिल रहा है।



# अभिनय की दुनिया एक अलग जिंदगी जीने की आजादी देती है : निमरत कौर

**ऑनलाइन** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर जब भी कोई नया सीजन रिलीज होता है, तो दर्शक सबसे पहले यह देखना चाहते हैं कि उनके पसंदीदा किरदारों के साथ क्या नया हुआ है और कौन से नए किरदार कहानी में जुड़ रहे हैं। इसी कड़ी में हाल ही में रिलीज हुई 'द फैमिली मैन सीजन 3' ने एक बार फिर दर्शकों का ध्यान खींचा है। तीसरे सीजन में एक नया किरदार 'मीरा' दर्शकों के लिए खासा दिलचस्प साबित हुआ। इस किरदार को अभिनेत्री निमरत कौर ने निभाया। इस किरदार को लेकर उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। निमरत कौर ने कहा, ''मीरा का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत शानदार अनुभव रहा। इस रोल ने मुझे महिला सशक्तिकरण की भावना महसूस करने का मौका दिया।

यह किरदार न केवल कहानी में अहम है, बल्कि यह दर्शाता है कि एक महिला अपने तरीके से किसी भी चुनौती का सामना कर सकती है, चाहे वह पुरुषों की दुनिया में काम कर रही हो या फिर नेतृत्व की भूमिका में हो। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए यह अनुभव इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसके सभी लेखक पुरुष ही थे, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण के अलग पहलुओं को दिखाया। जब महिला का ऐसा किरदार पुरुष लेखकों द्वारा लिखा जाता है, तो उसे निभाना बहुत रोचक अनुभव होता है। इस किरदार ने मुझे खुद पर भरोसा करने और आत्म-विश्वासी बनने की प्रेरणा दी। कई बार मैं खुद को देखती थी और सोचती कि यह किरदार जिस तरह आत्म-विश्वासी है, मैं असल जिंदगी में उसकी तरह शायद ही बन पाऊं। निमरत ने कहा, ''अभिनय की दुनिया में मुझे जो आजादी मिलती है, वह असल जिंदगी में शायद संभव नहीं है। जब मैं किसी किरदार को निभाती हूं, तो उसे अपने असली जीवन के अनुभवों और सोच से अलग रखकर पूरी तरह से जी सकती हूं।



# व्यक्तिगत रिश्ते बनाएं ताकि काम एवं जीवन में सहजता आए

आज आप जितना कर सकती हैं, उससे अधिक करने की कोशिश न करें। अपनी गतिविधियों की छंटनी शुरू कर दीजिए और फिर अपनी कार्य-सूची पर पुनर्विचार कीजिए। जो चीजें बेकार एवं महत्वहीन हैं, उन्हें बाहर कर दीजिए। आप जो भी कर सकती हैं या करना चाहती हैं, उन तमाम चीजों को एक ही दिन में करने का प्रयास न करें। सबसे जरूरी चीज पर नजर रखें एवं प्राथमिकता के आधार पर उन्हें करें।

### एक समय में एक ही काम

अपना समय केवल उन्हीं चीजों पर खर्च करें, जो आपके लिए महत्वपूर्ण हो। दो या उससे अधिक काम एक साथ करने से तौबा करें, तब भी जब चीजें आसान लगती हों या लगता हो कि आप कर लेंगी। जब आप एक से अधिक काम एक ही बार में करती हैं तो आपका ध्यान बंट जाता है। आप एकाग्रता खो देती हैं, जो कि बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी है।

### कुछ उदाहरण

यदि आप एक साथ खाती एवं पढ़ती हैं तो आपका कुछ ध्यान पढ़ने पर और कुछ खाने पर होता है। आप कोई भी चीज ढंग से नहीं कर पाती हैं। जब आप टहलती हैं तो टहलें, जब आप बैठती हैं तो बैठें। भटकें नहीं। जब ड्राइव करें तो पूरा ध्यान रोप पर रखें। काफी ऊंची आवाज में संगीत सुनना या चालक एवं यात्री के बीच की बातचीत कई सड़क हादसों का कारण होती है। यदि आप यात्री हैं तो चालक को गाड़ी चलानें दें न कि उससे बातचीत करें।

### पांच गुण होना महत्वपूर्ण

किसी भी स्त्री या पुरुष में पांच गुण होना चाहिए। वे हैं- शिष्टाचार, उदारता, लगन, संकल्प एवं दया भाव। शिष्टाचार से आप बेइज्जती को अनदेखा कर सकती हैं, उदारता से सबको जीत सकती हैं। लगन से लोग आप पर विश्वास करेंगे और संकल्प एवं दया भाव से सफलता प्राप्त कर सकती हैं।अच्छी संगत, अच्छी किताबें एवं प्रार्थना- ये तीन चीजें किसी मनुष्य को तीनों लोकों का सम्राट बनाती हैं।

### सफलता नैसर्गिक नहीं होती

सफलता प्राप्त करने की प्रक्रिया नैसर्गिक नहीं है। सफलता हमें विरासत में नहीं मिलती। इसे हम अपने प्रयासों से पैदा करते हैं। यह हमारे कठिन परिश्रम एवं क्रियाओं की पुनरावृत्ति का काल होता है। संघर्ष जीवन है और जीवन की क्रियाएं ही इसे कर सकती हैं। हमें केवल सपने देखने वाला नहीं बल्कि आगे बढ़कर उसे करने वाला बनना चाहिए।

### सेमिनारों में कुछ नहीं

हम समय-समय पर प्रेरित करने वाले लोगों से मिलते रहते हैं या सेमिनारों में ऐसे भाषण सुनते रहते हैं। इस प्रकार के पारस्परिक क्रिया से हमें अपने तरीकों को सुधारने एवं काम करने की शैली की और बेहतर करने के उपाय मिलते हैं। हम उनको अपनाते हैं और महसूस करते हैं कि अपने आप को और बेहतर करें एवं जीवन में बदलाव लाने का रहस्य पा लिया है। यह पूरी गहमागहमी दो-चार दिनों में खत्म हो जाती है और हम फिर वहीं होते हैं जहां हम थे।

### ऊर्जा, समय व पैसे बचायें

याद रखिये सेमिनार एवं कार्यशाला में भाग लेना समय, ऊर्जा और पैसे की बर्बादी है, यदि हम उन चीजों को नहीं अपनाते, जो वे हम तक पहुंचाना चाहते हैं। यदि आपको कोई बेहतरीन आइडिया मिलता है तो आप अपने आप से पूछिए कि आप इससे क्या करने जा रहे हैं और आप इसे कैसे करेंगे। सभी बातों को लिखिए और फिर निर्णय लीजिए कि आप क्या करने जा रहे हैं। किन उपायों को लागू करना है, उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए और सब कुछ करने के लिए समय सीमा तय करनी चाहिए।



# अपनी पसंद और फिटिंग के मुताबिक खरीदें ट्रैंडी जींस

**जींस एक ऐसी कॉमन ड्रैस है, जो हर लड़की के वार्डरोब में जरूर मौजूद होती है। बाजार में कई स्टाइलिश जींस आ चुकी हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद और फिटिंग के मुताबिक खरीद सकती हैं। जींस खरीदने से पहले आपको यह जानना जरूरी हैं कि आजकल किस पैटर्न की जींस का चलन ज्यादा है। आज हम आपको जींस की इन्हीं वैरायटी के बारे में बता रहे हैं जिनके बारे में जानकर आपको अपनी पसंद की जींस खरीदने में आसानी होगी.**

### रिप्ड जींस

रिप्ड जींस एक दशक से फैशन ट्रैंड में बनी हुई है। कॉमन यंग गर्ल्स से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रैस सभी में इसका क्रेज है। शायद ही कोई लड़की होगी जिसके वार्डरोब में रिप्ड जींस न हो। एक दशक पहले ट्रैंड में आई ये जींस आज भी लड़कियों की पहली पसंद बनी हुई है। इसमें जींस के कई हिस्से में कुछ स्लिट्स या कट्स बने होते हैं। कॉमन लैंग्वेज में इसे फटी जींस भी कहते हैं। अगर आपके पास कोई पुरानी जींस है, जिसे आप नहीं पहनतीं तो उसे ब्लेड से कट करके रिप्ड जींस का लुक दें सकती हैं। रिप्ड जींस को आप लॉन्ग कुर्ती या फिर किसी भी टॉप के साथ वियर कर सकती हैं। ये आपको कूल और स्टाइलिश लुक देगी।

### बैगी जींस

बैगी जींस अपने लूज साइज की वजह से काफी कंफर्टेबल होती है। दो से तीन दशक पहले इस पैटर्न की जींस का काफी चलन था। एक बार फिर से इसका ट्रैंड लौट आया है। यही वजह है कि सैलेब्स में भी ये जींस काफी पॉपुलर है। ट्रैवलिंग के दौरान या कहीं आने-जाने के लिए  एक्ट्रैस इसे कैरी किए नजर आती रही हैं।

### पैच वर्क जींस

इन दिनों पैच वर्क जींस भी काफी पॉपुलर हैं। यंग गर्ल्स से लेकर सैलेब्स इसे पहने नजर आती रहती हैं। ये जींस अलग-अलग रंग के जींस के चौकोर टुकड़ों को एक साथ पैच करके बनाई जाती है, जो देखने में काफी युनीक और कूल लगती हैं।

### बेल बॉटम जींस

पुराने जमाने में आपने हीरो-हीरोइन को फिल्मों में नीचे से खुली पैंट या जींस पहने देखा होगा। इस स्टाइल को बेल बॉटम स्टाइल कहते हैं। आजकल बेल बॉटम जींस का फैशन फिर से लौट आया है। ये जींस काफी कंफर्टेबल होती हैं। यंग गर्ल्स से लेकर वर्किंग वुमन  बेल बॉटम जींस पहनना पसंद कर रही हैं।

### स्किन फिट जींस

इसके नाम से ही क्लियर है कि ये जींस कैसी होगा। ये पूरी तरह स्किन टाइट होती है। ज्यादातर लड़कियां स्किन फिट जींस पहनना पसंद करती हैं, लेकिन अगर कंफर्ट की बात करें तो ये उतनी आरामदायक नहीं होती। तब भी इस जींस का क्रेज लड़कियों में बना हुआ है। इसे आप अपनी मनपसंद कुर्ती या फिर टॉप के साथ कैरी कर सकती हैं।






# ना करें पैसों से जुड़ी ये गलतियां

**अक्सर महिलाओं की ये समस्या होती है कि घर का खर्च ज्यादा हो रहा है और पैसों से जुड़ी बचत नहीं हो पा रही है। यहां निवेश और बचत की नहीं खर्च की बात हो रही है। घरों में आजकल की व्यस्त लाइफस्टाइल कुछ ऐसी हो गई है कि लोगों को ये समझ ही नहीं आता कि उनका इतना खर्च आखिर कैसे बढ़ गया है। ये सब कुछ पैसे से जुड़ी कुछ गलतियों के कारण होता है।**

आम तौर पर यही देखा जाता है कि पति और पत्नी एक दूसरे से इसके बारे में बात नहीं करते। पत्नी घर संभाल रही हो या फिर बाहर काम कर रही हो तो भी इसके बारे में बातें नहीं की जातीं। बच्चे अगर पढ़ने की उम्र में हैं या टीनएज हो गए हैं तो उन्हें भी अक्सर घर पर ये नहीं बताया जाता है कि निवेश और बचत की जरूरत क्या है। हफ्ते में कम से कम एक बार सभी को बैठकर घर और पैसे के खर्च से जुड़ी बातें करनी चाहिए। इससे वो खर्च भी सामने आ जाता है जिसका शायद अंदाजा भी नहीं होता। ये घर का बजट बनाने में भी मददगार साबित हो सकता है।

### पहले खर्च फिर जो बचा वो निवेश

हमारी भारतीय संस्कृति में एक आम कहावत है कि 'जितनी चादर है उतना ही पैर पसारो' । ये बहुत अच्छा कथन है, लेकिन इसे हमें थोड़ा सा बदलना होगा क्योंकि हम हमेशा जितना खर्च है उतना कर लो और उसके बाद जो बचा वो बचत। इससे समस्या ये होती है कि जरूरत से अधिक खर्च भी हो जाता है और बचत कम रह जाती है। इसे थोड़ा सा बदलने की जरूरत है और कमाई के बाद एक निश्चित बचत और उसके बाद जितना बचा उसे खर्च करना चाहिए। ये बजट आसानी से बन सकता है कि महीने में कितनी बचत की जा सकती है।

### बचत और निवेश का अंतर न समझना

मान लीजिए आप हर महीने की आय में से कुछ पैसे बचा लेते हैं, लेकिन क्या इन पैसों को बचाने से सिर्फ काम हो जाता है? जी नहीं, बचत और निवेश में काफी अंतर है जिसे समझने की जरूरत है। पैसे ड्रॉअर में पड़े रहें या फिर वो बैंक के सेविंग्स अकाउंट में रखा है तो उससे हमारे भविष्य के लिए कोई फायदा हो रहा है? बिलकुल नहीं। तन्वी जी का कहना है कि उनके पास बहुत से लोग आते हैं और वो यहीं मात खा जाते हैं। उन्हें निवेश इस बारे में सोचकर करना चाहिए कि भविष्य में ये कितना रिटर्न देगा।

### अपनी बचत और निवेश को ऑटोमैटिक मोड पर नहीं डालना

बैंक की आरडी या एफडी जिसका ऑटोमैटिक पैसा कटता है वो ज्यादा सही है। भले ही बचत और निवेश का कोई भी मोड हो पैसा ऑटोमैटिक हर महीने कटना चाहिए। कारण ये है कि अगर बचत हर वक्त नहीं होगी तो हम उस कमाई को खर्च करने के लिए उत्सुक रहेंगे। अकाउंट में या जेब में ज्यादा पैसा होने का मतलब है कि उसे खर्च करने का लालच भी बढ़ जाएगा। अगर सैलरी आते ही एक अच्छे फाइनेंशियल एक्सपर्ट की मदद से पैसे निवेश कर देंगे तो हमारा भविष्य सुरक्षित होगा।



### अपने पैसे को अलग-अलग जगह न निवेश करना

पैसा है आपके पास तो क्या हर बार वो एक ही तरह से निवेश किया जाएगा? कई लोग सिर्फ FD  बनाते रहते हैं, कुछ को पोस्ट ऑफिस की NSC अच्छी लगती है, लेकिन इसका सीधा सा मतलब ये होता है कि पैसे के साथ कोई एक्सपेरिमेंट नहीं किया जाता। कारण ये है कि अगर एक ही तरह से पैसा निवेश होगा तो खतरे की स्थिति में एक ही साथ उसके खर्च होने या फिर डूब जाने की गुंजाइश भी होती है।

### फाइनेंशियल भाषा से डरना और रिस्क न लेना

इंसान का दिमाग जो चीज समझ नहीं पाता वो उससे हमेशा डरता रहता है और ये बहुत आम घटना है कि लोग खुद को फाइनेंशियल भाषा सिखा नहीं पाते। ऐसे में उन्हें जानकारी न के बराबर रहती है। होता ये है कि ऐसी स्थिति में निवेश के समय हम बहुत ज्यादा सोच विचार में लग जाते हैं और कई बार डर के कारण रिस्क नहीं ले पाते। इससे बाद में नुकसान होने की गुंजाइश है।

### कर्ज को न समझना

बहुत से लोगों के पास होम लोन होता है, कार का लोन होता है, क्रेडिट कार्ड से खर्च होता है। अर्थव्यवस्था में कर्ज की दरें लगातार बढ़ती और घटती रहती है। ऐसे में हमारे कर्ज पर भी असर पड़ता है। किसी भी तरह के लोन को हमेशा फाइनेंशियल एक्सपर्ट से हर साल रिव्यू करवाना चाहिए। क्या पता ब्याज की दर इससे कम हो सके। इसी तरह से क्रेडिट कार्ड सबसे महंगा तरीका है ऐसे में कई बार वो बहुत महंगा पड़ जाता है। कोशिश करें कि हर वक्त क्रेडिट कार्ड निकालने से बचें।



# क्यों खराब हो जाता है आपका फ्रिज

**क्या आपका भी फ्रिज बार- बार खराब हो जाता है? कई लोग को पता भी नही होता कि उनका फ्रिज किन गलतियों के कारण खराब हो गया है। ऐसे में आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि कैसे आप अपने फ्रिज को खराब होने से बचा सकती है।**

कई बार हमारी छोटी गलती के कारण हमारा काफी बड़ा नुकसान हो जाता है। क्या आपका भी फ्रिज बार- बार खराब हो जाता है? कई लोग को पता भी नही होता कि उनका फ्रिज किन गलतियों के कारण खराब हो गया है। ऐसे में आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि कैसे आप अपने फ्रिज को खराब होने से बचा सकती है। साथ ही यह भी बताने वाले हैं कि फ्रिज कैसे खराब हो जाता है।

### सफाई सही से करें

कई बार फ्रिज में कोई सामान गिर जाता है और हम इसकी सफाई सही तरीके से नहीं करते हैं। फ्रिज की सफाई सही तरीके से करना काफी ज्यादा जरूरी हैं। ऐसे में फ्रिज में फंगस लग जाता है और मिनटों में हमारा महंगा फ्रिज खराब होने लगता है और हमें पता भी नहीं चलता। कई बार हम इसके लिए कपंनी में शिकायत करते हैं। इस दौरान गलती किसी और की नहीं बल्कि हमारी ही होती हैं। कई बार हम फ्रिज में जरूरत से ज्यादा सामान रख देते हैं। ऐसे में भी हमारा फ्रिज खराब हो जाता है। फ्रिज की सही तरीके से केयर करने के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना होगा। अगर आप ज्यादा सामान रखती हैं तब भी आपका फ्रिज खराब हो सकता है।

### फ्रिज को लंबे समय तक खुला ना छोड़े

कई बार हम फ्रिज को लंबे समय तक खुला छोड़ देते हैं। इसके कारण भी हमारा फ्रिज खराब हो जाता है। अगर आप भी अपने पैसे फ्रिज के रिपेयरिंग में बर्बाद नहीं करना चाहती हैं तो आपको इन बातों का खास ख्याल रखना होगा।

### बाहर जाते वक्त फ्रिज बंद ना करें

अगर आप बाहर जानें का प्लान बना रही है तो आपको अपने फ्रिज को पूरे तरीके से बंद नही करना चाहिए। कई बार इसके कारण भी फ्रिज खराब हो जाता है। आगे से आपको इस बाता का खास ख्याल रखना होगा। थोड़ी सी बिजली बचाने के चक्कर में हमारा काफी ज्यादा नुकसान हो जाता है।

# बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए भाजपा के डॉ. प्रेम कुमार



एजेंसी

**पटना :** बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और विधायक डॉ. प्रेम कुमार को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रेम कुमार के निर्विरोध चुनाव का स्वागत किया।
अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रेम कुमार ने कहा कि वह सभी सदस्यों के लिए समान और निष्पक्ष रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विधानसभा में सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुली और पारदर्शी चर्चा होगी और सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलेगी।
उन्होंने कहा, ह्लहमारा उद्देश्य सदन की गरिमा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बनाए रखना है।ह्व राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रेम कुमार को अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बिहार विधानसभा के लिए एक सकारात्मक संकेत है और इससे राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और भी मजबूत होगी। प्रेम कुमार ने अपने पहले भाषण में यह भी कहा कि वह सभी विधायकों के सुझावों और विचारों को सम्मान देंगे और किसी भी प्रकार के पक्षपात से दूर रहेंगे।

## लोजपा संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष मनोनीत हुए मणिकांत सिंह



**सहरसा :** लोजपा आर संसदीय बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद हुलास पांडेय ने जिला लोजपा (रा) संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष पद पर मणिकांत सिंह को मनोनीत किया। इस आशय का मनोनयन पत्र देते हुए उन्होने कहा कि इनके मनोनयन से सहरसा जिले में संगठन को मजबूती मिलेगी। श्री सिंह के मनोनयन पर लोजपा आर के कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त कर उन्हे बधाई दी। बधाई देने वालों में लोजपा (रा) जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष संदीप पासवान, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रिंकू कुमारी, लेबर सेल जिलाध्यक्ष पिंटू पंडित, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ अजय कुमार, छात्र प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अमरेश पासवान, पंचायती राज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष उमाकांत साह, डॉ के डी शर्मा, रतन कुमार साह ने प्रसन्नता व्यक्त किया है कि इनके नेतृत्व में संसदीय बोर्ड संगठन जिले में मजबूत होगी।

## मुख्यमंत्री नीतीश ने जेपी नड्डा को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

एजेंसी



**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए नड्डा के स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना की।
नीतीश कुमार ने अपने आधिकारिक अकाउंट से लिखते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। साथ ही उन्होंने उनके स्वस्थ व सुदीर्घ जीवन की कामना भी की। पोस्ट में नड्डा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल को टैग किया गया।

## आगजनी में पांच घर जले, लाखों का नुकसान



**अररिया :** जिले के जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र के चौकता गांव वार्ड संख्या 08 में देर रात करीब 11 बजे आग लगने से करीब पांच घर जलकर राख हो गया। आग की लपटें देखने के बाद ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दिया। सूचना पर दमकल की गाड़ी घटना स्थल पर पहुंची, तब तब ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि घर में रखे समान जैसे धान,चावल, गेहूं, अलना, पलंग, कुर्सी, बर्तन, मवेशी, कपड़ा इत्यादि सभी सामना जलकर खाक हो गया। पीड़ित परिवार में 65 वर्षीय मोइनउद्दीन पिता मोहिउद्दीन, 55 वर्षीय रज्जाक पिता मोहिउद्दीन, 40 वर्षीय आशिक पिता नूरउद्दीन, 35 वर्षीय शफीक पिता नूरउद्दीन, 60 वर्षीय मोअज्जम पिता सलिल के पांचों घरों से अनुमानित करीब 6 से 7 लाख का संपत्ति के आगजनी में नुकसान बताया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### कल से मनाया जाएगा परमहंस लक्ष्मीनाथ गोसाई स्मृति पर्व



**सहरसा :** परमहंस लक्ष्मीनाथ गोसाई स्मृति पर्व महोत्सव आयोजन समिति,वनगांव का यह 55वां वर्ष है। यह जानकारी परमहंस लक्ष्मीनाथ गोसाई स्मृति पर्व महोत्सव आयोजन समिति वनगांव के संयोजक संजय मिश्रा ने दी। श्री मिश्रा ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में 04 दिसंबर को सुबह 05 से 06 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुबह बाबा द्वारा रचित भजन और बाबा की आरती, सुबह 08 से 11 बजे तक कीर्तन भजन, सुबह 11 बजे से 03 बजे तक दिन पर सुर संग्राम प्रतियोगिता, दोपहर 03 से 04 बजे तक महिला गायकों द्वारा भजन गायन और बच्चों द्वारा स्वागत गीत और नृत्य प्रदर्शन होगा। समारोह का उद्घाटन शाम 04 बजे होगा।उसके बाद अध्यक्षीय भाषण और कवि सम्मेलन के साथ बाबा का कैलेंडर लॉन्च होगा। शाम 06 बजे से रात 11 बजे तक मैथिली कलाकारों द्वारा कई तरह के कार्यक्रम, लोक पारंपरिक गीत झिझिया झरनी, सामा चकेबा, कॉमेडी वगैरह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे।

### नालंदा में किया गया कृषि जनकल्याण चौपाल का आयोजन




**नालंदा,बिहारशरीफ :** नालंदा जिले के नुरसराय प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बारा खुर्द पंचायत के धर्मपुर गांव में सोमवार को वासंतिक रवि महाअभियान 2025 के अंतर्गत कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई। चौपाल में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सुप्रिया भारती ने किसानों को संबोधित करते हुए पराली जलाने से होने वाले दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि पराली जलाने से भूमि की उर्वरता कम होती है, पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और फसल उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।इसलिए किसी भी परिस्थिति में खेतों में पराली नहीं जलाने की अपील की। साथ ही उन्होंने फसल विविधी करण, उन्नत कृषि तकनीक, जैविक खेती और सरकारी अनुदान से मिलने वाली कृषि मशीनरी के लाभों की भी विस्तृत जानकारी दी ।

### हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान पर आयोजित हुआ एक दिवसीय व्याख्यान




**भागलपुर :** सुन्दरवती महिला महाविद्यालय भागलपुर में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में सोमवार को 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारतीय गाँधी अध्ययन परिषद के अध्यक्ष और उत्तकल विश्वविद्यालय ओड़िशा के बीजेबी गवर्नमेंट ऑटोनोमस कॉलेज के राजनीति विज्ञान के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ सुधीर चंद्र जेना ने बतौर मुख्य वक्ता व्याख्यान को सम्बोधित करते हुए कहा की भारत का संविधान जिस समय बना उसके अधिकांश सदस्य यानि लगभग 70% मेंबर्स कांग्रेस के ही थे। लिहाजा यह एक मूलत: एक कांग्रेसी दस्तावेज ही है।

### दिव्यागजनों का विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित



अररिया : फारबिसगंज बुनियाद केन्द्र में विश्व दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल एवं कौशल आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में दिव्यांग प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजित प्रतियोगिता ट्राइसाइकिल दौड़ में प्रथम अमानुल्लाह,द्वितीय मो. जमाल और तृतीय टूनटून कुमार राम रहे।वहीं मेंढक दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम सपना कुमारी,द्वितीय मो. उस्मान,तृतीय गौरव कुमार नींबू चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम टुनटुन कुमार राम,द्वितीय हिमांशु कुमार,तृतीय सपना कुमारी रही।
इस अवसर पर जिला प्रबंधक, सक्षम, बुनियाद केंद्र के जिला प्रबंधक नवीन कुमार नवीन ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

### स्वदेशी उत्पाद को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शिल्प उत्सव मेला आयोजित



**सहरसा :** देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए स्वदेशी उत्पाद को जन-जन तक पहुंचाने हेतु शिल्प उत्सव मेला का आयोजन किया गया है। मेला के संयोजक सुधीर शर्मा ने बताया कि स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री को बढ़ाने के लिए देसी उत्पाद द्वारा हस्त निर्मित वस्तुओं की बिक्री की जा रही है।विगत 15 नवंबर से 7 दिसंबर तक चलने वाले इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों से स्वदेशी उत्पाद की जमकर बिक्री हो रही है।

## नेपाली शराब, मोटरसाइकिल के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी



**अररिया :** एसएसबी 56 वीं वाहिनी बथनाहा के कार्यक्षेत्र ए समवाय के द्वारा बीती रात चंदा डुमरी गांव से तस्करी के 1350 बोतल नेपाली शराब जब्त किया गया।रात्रि वेला में एसएसबी की विशेष गश्ती टीम ने गश्ती के दौरान यह शराब बरामद किया।
भारतीय बोर्डर भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 187 के नजदीक भारत साइड में करीबन 5 किलोमीटर पर तस्करी का जब्त नेपाली शराब 1350 बोतल कुल 405लीटर शराब के साथ तीन मोटरसाइकिल जब्त किया गया।
तस्कर नेपाल से तस्करी कर शराब भारत की और ला रहा था।जिसे सशस्त्र सीमा बल की विशेष नाका टीम द्वारा जब्त किया गया। जिसमें एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। जिसका नाम मो.अखतर पिता मो.बिल्ट है, जो कोशिकापुर फुलकाहा का रहने वाला है।
आवश्यक कार्यवाही के बाद आबकारी विभाग के हवाले जब्त शराब और तस्कर को सुपूर्द किया गया।

## नई ऊर्जा के साथ विकास के नए संकल्पों को साकार करेगी नीतीश सरकार: उमेश कुशवाहा

एजेंसी

**पटना :** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार राज्य के समग्र विकास हेतु नई ऊर्जा के साथ विकास के नए संकल्पों को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध और दृढ़ संकल्पित है।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास के रोडमैप को धरातल पर उतारने तथा जनता की अपेक्षाओं पर शत-प्रतिशत खरा उतरने हेतु पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्य कर रही है।

> "राज्य सरकार विकास के रोडमैप को धरातल पर उतारने तथा जनता की अपेक्षाओं पर शत-प्रतिशत खरा उतरने हेतु पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्य कर रही है।"



प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जैसा ईमानदार, दूरदर्शी और निष्ठावान नेतृत्व मिलना बिहारवासियों के लिए सचमुच सौभाग्य की बात है। हमारे नेता निस्वार्थ भाव और पूर्ण समर्पण के साथ लंबे समय से बिहार की सेवा में निरंतर लगे हुए हैं। यही कारण है कि बतौर मुख्यमंत्री बीस वर्षों से अधिक के लंबे कार्यकाल के बावजूद आम जनता का विश्वास उनके प्रति लगातार और अधिक मजबूत होता गया है।
उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने सदैव जनकल्याण की भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। साथ ही, विकास की पहुँच प्रदेश के हर गाँव और हर व्यक्ति तक सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार ने अनेक उल्लेखनीय कार्यों को प्रभावी रूप से जमीन पर उतारा है।
उन्होंने आगे कहा कि आने वाले पाँच वर्ष बिहार के समग्र विकास को नई उड़ान देने वाले साबित होंगे। विशेष रूप से उद्योग, निवेश और स्वरोजगार के क्षेत्र में बिहार एक बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है। आने वाले दिनों में विकास के मानचित्र पर बिहार नई और महत्वपूर्ण लकीर खींचने जा रहा है।

## सड़क हादसा में युवक की मौत



**नवादा :** गयाझरजौली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 70 पर नवादा जिले के सिरदला थाने के परनाडाबर थाना क्षेत्र के जनकपुर तीखी मोड़ के पास घायल हुए युवा के की मौत सोमवार को इलाज के दौरान हो गई। रविवार शाम मोटरसाइकिल दुर्घटना में सिरदला नीचे बाजार निवासी स्व. लखन विश्वकर्मा के पुत्र कन्हैया कुमार विश्वकर्मा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार ठोकर मारी और फरार हो गया।

## 270 किलो गांजा जब्त



**अररिया :** जिले की कुआड़ी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर 270 किलो तस्करी का गांजा जब्त किया। गांजा को नेपाल से तस्करी कर लाया गया था और उसे छिपाकर रखा गया था,जिसे दूसरे जगह भेजने की तस्करों की मंशा थी लेकिन ऐन वक्त पर ही कुआड़ी थाना पुलिस ने थानाध्यक्ष प्रेम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में छापेमारी कर इसे जब्त किया। मामले की पुष्टि सदर एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह ने भी की है। उल्लेखनीय हो कि इन दिनों नेपाल से छोटे बड़े कई गिरोह गांजा की तस्करी के धंधे में संलिप्त है। नेपाल से ग्रामीण इलाकों के रास्ते भारतीय क्षेत्र में लाकर गांजा को बिहार के अन्य जिलों के साथ देश के अन्य प्रदेशों में तस्करी के माध्यम से भेजा जाता है। एसएसबी और पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई की बावजूद तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

## राजस्व कर्मचारी 2.50 लाख रुपये की घूस लेते गिरफ्तार

**पटना :** बिहार के किशनगंज जिले में निगरानी विभाग की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक राजस्व कर्मचारी को 2.50 लाख रुपये घूस के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी विभाग के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले के खगड़ा निवासी ओवेस अंसारी ने निगरानी विभाग को आवेदन देकर आरोप लगाया था कि जमीन परिमार्जन (म्यूटेशन) के नाम पर राजस्व कर्मचारी राजदीप पासवान द्वारा 2 लाख 50 हजार रुपये की मांग की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद विभाग की टीम ने पूरे मामले की गुप्त रूप से छानबीन की।

## कार्य में लापरवाही पर आवास सहायक पर गिरी गाज

एजेंसी

**नालंदा :** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में श्रीकांत कुण्डलिक खाण्डेकर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान तथा पी एम बाई जी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।
समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायतों के वार्डों में हो रहे कचरा उठाव संबंधी जानकारी स्वच्छता मित्र एप पर प्रविष्ट करने का निदेश दिया गया वहीं सभी वार्ड में कार्यों को सुचारु रुप से संचालन का निदेश दिया गया है। साथ ही बताया गया है कि योग्य लाभुकों द्वारा निर्मित व्यक्तिगत शौचालय का भुगतान जांचों उपरांत करने का निदेश दिया गया है।
ओडीएफ प्लस मॅडल गाँव के मानक को पूर्ण करने वाले गाँव को चिन्हित करते हुए उसे मॅडल गांव मार्क करने का निदेश दिया गया है। साथ हीं अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई जो निमार्णाधीन है, उसे पूर्ण कराने का निदेश दिया गया है। ग्राम पंचायत को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के मद में व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है। साथ ही साथ




डिजिटल कम्युनिकेशन मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत पंजीकृत परिवारों को राज्य कार्यालय से प्राप्त स्वच्छता संदेश को व्हाट्सएप के माध्यम से साझा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही भेजे गए संदेशों के संदर्भ में फीडबैक कॉ एवं गृह भ्रमण करने का निदेश दिया गया है।
एल एस बीए के कार्यों में शिथिलता बरतने के कारण भी सी हरनौत से स्पष्टीकरण मांगा किया गया है। वहीं आवास कार्यों की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि तिसरी किस्त दिए जाने के बाद भी आवास पूर्ण नहीं हुआ है जिस पर असंतोष व्यक्त किया गया साथ ही पाया गया कि आवास सहायक अपने कार्यों में रुचि नहीं ले रहे है जिसके कारण संबंधित प्रखंड के आवास सहायक से स्पष्टीकरण कि मांग किया गया है।

## एनएचआरसीसीबी की बैठक में मानवाधिकार उल्लंघन पर जोर

एजेंसी




**अररिया :** जिले के फारबिसगंज स्थित एक होटल में नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की बैठक संगठन के राष्ट्रीय महासचिव गिरीश चंद्रा की मौजूदगी में मंगलवार को हुई।
बैठक में प्रदेश और जिला इकाइयों के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य संगठन स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाना, मानवाधिकार संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ाना तथा आगामी योजनाओं को दिशा देना था।
राष्ट्रीय महासचिव गिरीश चंद्रा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज में बढ़ते मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों को देखते हुए संगठन को अधिक सशक्त और सक्रिय होना होगा।
उन्होंने कहा कि हर जिले और पंचायत स्तर तक टीमों को मजबूत कर जनहित के मामलों में तुरंत सहायता उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। वही दिल्ली में होने वाले कन्वेंशन को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।
बैठक में प्रदेश और जिला इकाइयों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के कार्यों, उपलब्धियों और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। कई सदस्यों ने स्कूलों, पंचायतों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाने का सुझाव दिया। गिरीश चंद्रा ने संगठनात्मक अनुशासन, पारदर्शिता और समाज सेवा को सबसे महत्वपूर्ण बताया।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारम्भ

एजेंसी



**अररिया :** अररिया टाउन हॉल में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला पंचायत राज पदाधिकारी मनीष कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।
उद्घाटन के बाद कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के स्वागत गीत से हुई।उपस्थि अधिकारियों ने विभिन्न समूह लोक गायन,यह समूह लोक नृत्य, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृता तथा विज्ञान मेला में युवाओं को भाग लेने हेतु प्रेरित किया, ताकि प्रतिभाशाली युवाओं को मंच मिल सके।
कल्चरल ट्रैक के अंतर्गत समूह लोक गायन, समूह लोक नृत्य, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृता का आयोजन किया गया। इसी प्रकार इनोवेशन ट्रैक के अंतर्गत विज्ञान मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना के दिशा-निर्देश पर आयोजित इस दो दिवसीय उत्सव का समापन बुधवार को किया जायेगा तथा सभी सफल प्रतिभागियों के बीच पारितोषिक का वितरण कार्यक्रम होगा।

## तस्कर गिरफ्तार, 9.80 लाख की ब्राउन सुगर बरामद

**पटना :** बिहार के किशनगंज जिला अन्तर्गत गलगलिया थाना क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और बिहार पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर 9.80 लाख रुपये मूल्य की ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक किशनगंज के पुलिस अधीक्षक सागर कुमार को गलगलिया थाना अंतर्गत दरभंगिया टोला में नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त की गुप्त सूचना मिली। सूचना में बताया गया कि सोनू कामती नामक व्यक्ति अपने घर से ब्राउन शुगर का धंधा कर रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को योजनाबद्ध तरीके से दरभंगिया टोला स्थित संदिग्ध ठिकाने पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही तस्कर ने भागने या बचने की कोशिश की, लेकिन जवानों ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपनी पहचान 24 वर्षीय सोनू कामती (पिता- संतोष कामती) के रूप में बताई और स्वीकार किया कि वह ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार में शामिल है।